4 | रायपुर संभाग
श्री शबरी माता महोत्सव सिंघनपुर : मुख्य अतिथि विधायक डॉ.सम्पत..

6 | फिल्मी
श्रीलीला के हाथ लगी अनुराग बसु की फिल्म

09 | फीचर
शिशु को सुलाते समय यह छोटी-छोटी...

10 | छत्तीसगढ़
त्रिस्तरीय पंचायत चुनावः आज प्रथम चरण में 6 जिला...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 17 फरवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-177 मूल्य 3.00 ₹

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 18 हुई

पायनियर संवाददाता ◂ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

राजधानी के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है, जबकि अन्य 12 लोग घायल हुए हैं। एक अस्पताल के अधिकारी ने यह जानकारी दी। एलएनजेपी अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मृतकों में पांच बच्चे और 11 महिलाएं शामिल हैं। अधिकारी ने बताया, मृतकों की संख्या बढ़कर 18 हो गयी है। इसमें पांच बच्चे और 11 महिलाएं शामिल हैं। अन्य 12 लोगों को चोटें आई हैं। रेलवे ने मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायल लोगों को 2.5-2.5 लाख रुपये तथा मामूली रूप से घायलों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि मची भगदड़ की

उच्च स्तरीय जांच की जा रही है। स्थिति अब सामान्य है। उपाध्याय ने कहा, घटना के समय पटना जाने वाली मगध एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म 14 पर खड़ी थी और जम्मू जाने वाली उत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म 15 पर खड़ी थी। उन्होंने बताया कि यह घटना तब हुई जब फुट ओवरब्रिज से प्लेटफॉर्म की ओर जाने वाली सीढ़ियों पर कुछ यात्री फिसल गए और उनके पीछे चल रहे यात्री भगदड़ में फंस गए।

दिल्ली भगदड़ पर शोक व्यक्त किया धनखड़ ने



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। उपराष्ट्रपति सचिवालय में रविवार को यह जारी संदेश में यह जानकारी दी। धनखड़ ने दुर्घटना में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। धनखड़ ने कहा, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लोगों की मृत्यु से दुखी हूं। इस त्रासदी में अपनी जान कमाने वाले की प्रति शोक व्यक्त करता हूं। मेरी कामना है कि घायल हुए लोग शीघ्र स्वस्थ लाभ प्राप्त करें।' नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में कई लोगों के हताहत होने की सूचना है।

प्रयागराज में भीषण जाम से श्रद्धालु परेशान

महाकुंभ में आने वाली भीड़ के चलते प्रयागराज में प्रवेश करने वाले सभी सीमाओं पर भीषण जाम लगा हुआ है। महाकुंभ में आने वाले वाहनों को जिले की सीमा पर रोक देने के कारण नवाबगंज, हथिगहां, नैनी, अंदावा सहित कई स्थानों पर भीषण जाम लगा है। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कड़ी धूप में कई घंटे तक वाहन रेंगने के कारण उसमें सवार लोगों की हालत खस्त हो गई है। रविवार को शहर में कमोबेश जाम की स्थिति कम रही, लेकिन शहर में घुसने वाले मार्गों पर जाम की स्थिति भयावह है।

पंचायत चुनावः पहले चरण का मतदान आज

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगरीय निकायों के बाद अब त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों का पहला चरण 17 फरवरी को होगा। ये चुनाव तीन चरण में हो रहे हैं। पहले चरण के प्रदेश के सभी जिलों के 53 ब्लॉक की ग्राम पंचायतों के लिए वोटिंग होगी। इसके लिए तैयारियां हो गई हैं। पहले चरण के लिए होने वाले चुनाव के लिए प्रचार थम गया है। अब डोर-टू-डोर जाकर प्रत्याशी प्रचार कर रहे हैं। जबकि अन्य दो चरणों के लिए प्रचार जोरों पर चल रहा है। दूसरा चरण 20 फरवरी और तीसरे चरण का चुनाव 23 फरवरी को है। वोटिंग के दूसरे दिन ही मतगणना हो जाएगी। राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक चुनाव के तीनों चरणों में जिला पंचायत के 433, जनपद पंचायत के 2973, ग्राम पंचायत (सरपंच) के 11,672 और वार्ड (पंच) के 1,60,180 पदों पर चुनाव होगा। इसके लिए 1,58, 12,580 मतदाता मतदान करेंगे। मतदान के लिए कुल 31,041 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें से 7128 संवेदनशील और 2161 अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र होंगे। नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले के 7 मतदान केंद्रों को शिफ्ट किया गया है। शिफ्ट केंद्रों में आकर मतदाता वोट दे सकेंगे। जनपद पंचायत कटेकल्याण, गीदम, कुआकोंडा के ग्राम पंचायतों के 7 पोलिंग बूथ शिफ्ट किए गए हैं। यहां आकर वे अपने इलाके के पंच, सरपंच, जनपद पंचायत और जिला, पंचायत के सदस्यों के लिए वोटिंग कर सकते हैं। शिफ्ट हुए केंद्रों की सूची जारी शिफ्ट हुए मतदान केन्द्रों की सूची भी जारी कर दी गई है। इसके अनुसार जनपद पंचायत कटेकल्याण के ग्राम पंचायत के बड़े गादम मतदान केन्द्र क्रमांक-60 को ग्राम गुड़से के मतदान केन्द्र भवन-प्राथमिक शाला गुड़से, ग्राम पंचायत प्रतापगिरी के मतदान केन्द्र क्रमांक-61 को ग्राम जंगम पाल के मतदान केन्द्र भवन माध्यमिक शाला जंगम पाल शिफ्ट किया गया है।

क्विक न्यूज

महाकुम्भ में 26 लाख से अधिक रुद्री पाठ मंत्रोच्चार, बनाया दो रिकॉर्ड

महाकुंभनगर। महाकुंभ में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के प्रकल्प दिव्य ज्योति वेद मंदिर का एशिया और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज हुआ। यह रिकॉर्ड है- ब्रह्मज्ञान में दीक्षित वेदपाठियों द्वारा नॉन-स्टॉप 33 दिवस-रात्री तक रुद्री संहिता का पाठन किया जाना। एशिया और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड के आधिकारिक निर्णायक, प्रमिल द्विवेदी ने दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के अध्यक्ष, स्वामी आदित्यानंद और सचिव, स्वामी नरेंद्रानंद को रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट प्रदान किया।

आंध्र में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दंपत्ति समेत पांच की मौत

विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश में रविवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक दंपति समेत पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि पालनाडु जिले के राजुपालेम मंडल के नेमालीपुरी गांव में जिस कार में वे यात्रा कर रहे थे, उसकी एक लॉरी से टक्कर हो गई, जिसमें एक महिला और उसके दो बेटों सहित तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान शेख नजीमा, नुरुल्ला और हबीबुल्लाह के रूप में हुई। हादसा उस वक्त हुआ जब मृतक हैदराबाद से राजुपालेम गांव जा रहे थे।

मांडविया ने मुंबई के ऐतिहासिक गेटवे ऑफ इंडिया से फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल की अगुवाई की

मुम्बई। केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने ऐतिहासिक गेटवे ऑफ इंडिया पर लोगों को फिट और स्वस्थ्य जीवन शैली के प्रति जागरुक करने वाले फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम की अगुवाई की। इस अवसर पर गेटवे ऑफ इंडिया से हरी झंडी दिखाकर इस कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया, देश भर से वेलनेस विशेषज्ञ, विभिन्न साइकिल क्लब और व्यक्तिगत फिटनेस उत्साही शामिल हुए 500 से अधिक साइकिल चालक शामिल हुए और साइकिल चलाई। यह साइकिलिंग अभियान सुरम्य मरीन ड्राइव से होते हुए गिरगांव चौपाटी पर समाप्त हुआ।

राष्ट्रपति ने गार्ड ऑफ चेंज समारोह के नए प्रारूप का अवलोकन किया

पायनियर संवाददाता ◂ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में नए प्रारूप में गार्ड ऑफ चेंज समारोह के उद्घाटन कार्यक्रम का अवलोकन किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह समारोह शनिवार 22 फरवरी से बड़ी संख्या में आगंतुकों के

लिए खुला रहेगा, जिसमें लोग राष्ट्रपति भवन की पृष्ठभूमि में एक गतिशील दृश्य और संगीत प्रदर्शन देख सकते हैं। राष्ट्रपति के अंगरक्षक दल की टुकड़ियों और घोड़ों तथा पारंपरिक गार्ड बटालियन की टुकड़ियों के साथ-साथ पारंपरिक सैन्य ब्रास बैंड बड़े क्षेत्र में होने वाले कार्यक्रम के नए प्रारूप का हिस्सा हैं। आगंतुक इस कार्यक्रम को देखने के लिए राष्ट्रपति भवन की साइट पर अपना स्लॉट बुक कर सकते हैं।

ईडन गार्डंस में 22 मार्च से होगा आईपीएल का आगाज

एजेंसी ◂ मुम्बई
www.dailypioneer.com

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का आगाज ईडन गार्डंस में 22 मार्च को गतविजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के बीच मुकाबले से होगा। वहीं 29 मार्च को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेला जायेगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार आईपीएल 18वें संस्करण का कार्यक्रम जारी किया। बीसीसीआई के अनुसार आईपीएल के इस सत्र में 13 स्थानों पर कुल 74 मैच खेले जायेंगे। लीग कुल 65 दिनों तक चलेगी। पूरे सत्र में 12 डबल हेडर खेले जाएंगे। कोलकाता में 23 मई को दूसरा क्वालिफायर और 25 मई को फाइनल होगा। 20 और 21 मई को पहला क्वालीफायर और एलिमिनेटर हैदराबाद में खेला जाएगा। 23 मार्च को डबल हेडर खेला जाएगा।

जेपी नड्डा ने संगठनात्मक चुनावों को लेकर महासचिवों के साथ राजधानी में की बैठक

पायनियर संवाददाता ◂ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने संगठनात्मक चुनावों और अन्य विषयों पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिवों के साथ एक बैठक की। पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय पर आयोजित इस बैठक में डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल, बंदी संजय कुमार, सुनील बंसल, विनोद तावडे, तरुण चुग, दुष्यंत कुमार गौतम, अरुण सिंह और राम माधव शामिल थे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी की ऐतिहासिक जीत से बैठक में बड़े उत्साह का वातावरण था। भाजपा ने हाल ही में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए 48 सीटों पर जीत दर्ज कर 27 साल पर केंद्र शासित प्रदेश की सत्ता में वापसी करने जा रही है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विदेश यात्रा से वापस आने के बाद दिल्ली में नयी सरकार के गठन को लेकर दिल्ली प्रदेश भाजपा में सरगर्मियां तेज हो गयी। पार्टी विधायक दल की अभी पहली बैठक की कोई तिथि घोषित नहीं की गयी और न ही इसके लिए अभी कोई पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

नितिन गडकरी ने सपरिवार किया त्रिवेणी स्नान

पायनियर संवाददाता ◂ महाकुंभनगर
www.dailypioneer.com

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सपरिवार त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर माँ गंगा, माँ यमुना और माँ सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया। त्रिवेणी संगम में स्नान के बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सनातन परंपराओं की भव्यता को नमन करते हुए कहा कि महाकुंभ भारतीय संस्कृति की एकता और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक है। यह आयोजन हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है और पूरे समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करता है। आस्था, अध्यात्म और सनातन परंपराओं के भव्य संगम महाकुंभ में उन्होंने कहा कि महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को मूर्त रूप देने वाला अवसर है, जहाँ संपूर्ण देश के लोग एक आस्था और संस्कृति में बंधे होते हैं। गडकरी के तीर्थराज प्रयाग आगमन पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने उनका कुंभ कलश प्रदान कर भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ भारत की सांस्कृतिक पुनर्जागरण और जागरण का प्रतीक है।

टेक्सटाइल निर्यात 2030 तक नौ लाख करोड़ रु. तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा पीएम मोदी ने

पायनियर संवाददाता ◂ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की प्रगति में टेक्सटाइल उद्योग की भूमिका के महत्व को रेखांकित करते हुए इस उद्योग के सामने टेक्सटाइल निर्यात 2030 तक तीन गुना करके नौ लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा और उम्मीद जतायी की यह लक्ष्य उससे पहले हासिल कर लिया जाएगा। मोदी राजधानी के भारत मंडपम में कपड़ा क्षेत्र की विशाल प्रदर्शनी 'भारत टेक्सट 2025' का भ्रमण करने के बाद वहां उपस्थित भागीदारों की एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, भारत अतीत में जब समृद्ध था तो उसमें देश के वस्त्र उद्योग का बड़ा योगदान था, आज जब भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है तो उसमें भी हमारे टेक्सटाइल उद्योग की भूमिका महत्वपूर्ण है। मोदी ने कहा, हम दुनिया के छठे सबसे बड़े टेक्सटाइल और एपैरल एक्सपोर्टर हैं। हमारा टेक्सटाइल निर्यात तीन लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। अब हमारा लक्ष्य है कि 2030 तक हम इसे नौ लाख करोड़ रुपये तक लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि उद्यमियों के उत्साह से यह जान पड़ता है कि 'आप यह लक्ष्य समय से पहले ही हासिल कर लेंगे। उन्होंने कहा कि भारत के विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में टेक्सटाइल उद्योग का योगदान इस समय 11 प्रतिशत है तथा सरकार के प्रयासों के परिणाम स्वरूप इस क्षेत्र में पिछले 10 वर्ष में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश दो गुना हुआ है। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र से कपड़ा उद्योग की कर्ज की मांग को पूरा करने के लिए भी कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार के बजट में देश में विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने और सूक्ष्म लघु और मझोले उद्यमों की परिभाषा बदलने कपड़ा क्षेत्र को भी फायदा होगा जो रोजगार का एक बड़ा स्रोत है। मोदी ने देश में सूती कपड़ा उद्योग के प्रोत्साहन के लिए बजट में कपास मिशन और सरकार की 5एफ (खेत से लेकर विदेशी बाजार तक की मूल्य श्रृंखाला को प्रोत्साहित करने की) पहल का भी उल्लेख किया।

मोदी के कहने भर से देश नहीं बनता एआई लीडर : राहुल गांधी

पायनियर संवाददाता ◂ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एआई को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर रविवार को हमला किया और कहा कि मोदी के कहने भर से देश एआई लीडर नहीं बन जाता है। गांधी ने कहा कि एआई की तकनीकी और डाटा हमारे पास नहीं है। एआई लीडर बनने के लिए तकनीकी और डाटा बुनियादी जरूरत होती है और इसके बिना कोई भी लीडर नहीं बन सकता इसलिए यह समझने की बात है कि मोदी के कहने भर से भारत एआई लीडर नहीं बन सकता है। गांधी ने कहा, मोदी जी के बस कह देने भर से भारत एआई लीडर नहीं बन जाएगा। एआई को काम करने के लिए डेटा चाहिए, नयी तकनीक का उत्पादन चाहिए और हमारे पास इनमें से कुछ नहीं है।

जलवायु परिवर्तन से बचने के लिए हम सब कहां भागीदार हैं

प्रलय की प्रतीक्षा न करें: धरती को अभी से हराभरा बनाएं : योगी

वार्ता ◂ महाकुंभनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम प्रलय की प्रतीक्षा ना करें, बल्कि अभी से धरती को हरा भरा बनाएं। कुम्भ का भी यही संदेश है। हम सबको आस्था के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन के कारकों पर भी विचार करते हुए उसके निवारण का उपाय करना होगा। योगी प्रयागराज महाकुंभ में कुम्भ की आस्था और जलवायु परिवर्तन विषयक जलवायु सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा हम सबको आस्था के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन के कारकों पर भी विचार करते हुए उसके निवारण का उपाय करना होगा। उन्होंने कहा कि जीव सृष्टि और जंतु सृष्टि के संरक्षण के साथ ही मानव सृष्टि की सुरक्षा और संरक्षण हो पाएगा। मनुष्य ही केवल इस सृष्टि का एकमात्र जीव नहीं है। जीव जंतुओं का जीवन चक्र मनुष्य के साथ और मनुष्य का जीवन चक्र उनके साथ जुड़ा हुआ है। उनका अस्तित्व रहेगा तो हमारा भी अस्तित्व रहेगा और यदि उन पर संकट आएगा तो हमारे अस्तित्व पर भी संकट आएगा। उन्होंने कहा हम प्रलय की प्रतीक्षा ना करें, बल्कि अभी से धरती को हरा भरा बनाएं। कुम्भ का भी यही संदेश है। हम सबको आस्था के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन के कारकों पर भी विचार करते हुए उसके निवारण का उपाय करना होगा। जीव सृष्टि और जंतु सृष्टि के संरक्षण के साथ ही मानव सृष्टि की सुरक्षा और संरक्षण हो पाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के परिप्रेक्ष्य में जब जलवायु परिवर्तन की बात करते हैं तो एक-दूसरे पर दोषारोपण होने लगता है। यही स्थिति महाकुम्भ में भी देखने को मिल रही है। एरियल सर्वे में देख रहा था कि पार्किंग की जगह खाली है, लेकिन हर व्यक्ति सड़क पर अपनी गाड़ी खड़ी करके संगम स्नान को जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर वही व्यक्ति पार्किंग के स्थान पर अपना वाहन पार्क करे तो हो सकता है कि उसे 100 मीटर ज्यादा पैदल चलना पड़े, लेकिन सड़क पर कहीं जाम नहीं होगा और आसानी से वह संगम में स्नान कर सकेगा। उन्होंने कहा इस जलवायु परिवर्तन से बचने के लिए हम सब कहां भागीदार हैं, इसके बारे में चिंतन करना और उसे अपने व्यवहारिक जीवन में उतारना, यह सचमुच महाकुम्भ का हिस्सा बनना चाहिए। इसे हर किसी को अपने जीवन में उतारना चाहिए। योगी ने कहा कि 13 जनवरी से लेकर 16 फरवरी के बीच 51 करोड़ 47 लाख श्रद्धालु मां गंगा, यमुना और मां सरस्वती की इस पावन त्रिवेणी में दो बजे तक आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। इतनी बड़ी तादाद में लोग तब यहां डुबकी लगा पा रहे हैं, जब मां गंगा, यमुना और मां सरस्वती की कृपा से यहां अविरल जल उन्हें मिल पा रहा है। जो भी यहां डुबकी लगा रहा है उसे आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव मिल रहा है। इस अनुभव को जब वह अपने गांव में और आसपास के क्षेत्र में साझा कर रहा है, तभी वहां से बड़े पैमाने पर श्रद्धालु यहां आकर इस पूरे आयोजन को सफलता की नई ऊंचाई तक पहुंचा रहे हैं।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन हादसा रेलवे मंत्रालय की लापरवाही का नतीजा : मान

वार्ता ◂ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ के दौरान हुई यात्रियों की मौत दुःख व्यक्त करते हुए इसे रेलवे मंत्रालय की लापरवाही का नतीजा बताया है। भगवंत मान ने रविवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक संदेश में कहा, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बीती रात मची भगदड़ के दौरान यात्रियों की मौत की दुखद खबर मिली। दुखद घटना में जान गंवाने वाले यात्रियों की आत्मिक शांति के लिए परमात्मा से प्रार्थना करते हैं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं। यह हादसा रेलवे मंत्रालय की लापरवाही का नतीजा है। अफसोस की बात है कि देश की राजधानी में लोगों की कीमती जान की कोई परवाह नहीं की जा रही।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिव्यांगजनों के सामूहिक विवाह समारोह में नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के द्वारा आयोजित दिव्यागजन सामूहिक विवाह समारोह में 31 दिव्यांग जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों के सुखी वैवाहिक जीवन की मंगलकामना करते हुए कहा कि यह आयोजन सामाजिक समरसता और दिव्यांगजनों के उत्थान का उत्कृष्ट उदाहरण है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। यह आयोजन भी देवतुल्य दिव्यांगजनों की सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने परिषद द्वारा विगत अनेक वर्षों से इस आयोजन को सफलतापूर्वक संचालित करने की सराहना की और इसे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाली पहल बताया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिव्यांगजनों के सामूहिक विवाह आयोजन को समाज में समावेशिता और समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि दिव्यांगजनों की सेवा केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि यह सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल 31 नवविवाहित दिव्यांग जोड़ों के लिए नई शुरुआत का प्रतीक है, बल्कि यह समाज को दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता और सहयोग की प्रेरणा भी देता है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना चलाई जा रही है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक जोड़े को 50,000 रुपये की सहायता दी जाती है। यदि पति-पत्नी दोनों दिव्यांग हैं, तो दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत उन्हें एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

लोधा समाज ने अपने संस्कारों, परिश्रम और पराक्रम से प्रदेश के विकास में दिया महत्वपूर्ण योगदान : यादव

एजेंसी ➤ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि भगवान श्रीराम की परंपरा से जुड़ने वाले लोधा समाज ने अपने संस्कारों, परिश्रम और पराक्रम से प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डॉ यादव लोधा समाज के सामाजिक भवन के भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब-युवा-अन्नदाता और नारी के सशक्तिकरण अर्थात ज्ञान पर ध्यान के परिणाम स्वरूप सभी समाज, समर्थ और सक्षम हो रहे हैं और भारतीय संस्कृति एवं सनातन की ध्वजा सर्वत्र लहरा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर ही देश में पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ। लोधा समाज द्वारा प्रदेश की राजधानी में बनाया जा रहा सामाजिक भवन, मांगलिक कार्यक्रमों की आयोजन स्थली बनने के साथ ही समाज के युवाओं को बेहतर शिक्षा और प्रशिक्षण आदि प्राप्त करने के लिए मूलभूत सुविधाएं प्रदान करेगा। डॉ यादव ने सामाजिक भवन के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की तथा कहा कि राज्य सरकार सामाजिक गतिविधियों के लिए हर संभव सहयोग देने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा किसानों की आय बढ़ाने और उनकी सुविधा के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। किसानों की जमीन संबंधी सभी कार्य घर बैठे हों, इस उद्देश्य से प्रदेश में साइबर तहसील की व्यवस्था आरंभ की गई है। किसानों को बड़े बिजली के बिलों से मुक्ति दिलाने के लिए सोलर पंप सुविधा का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी अंचलों में सिंचाई सुविधा के विस्तार के लिए केन-बेतवा लिंक परियोजना के साथ ही चंबल-कालीसिंध-पार्वती नदियों को जोड़ने का काम शुरू हो गया है। किसानों के लाभ के लिए ही गेहूं का समर्थन मूल्य 2600 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से दूध पर बोनस देने की व्यवस्था भी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध कराने के लिए औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश में क्षेत्रीय स्तर पर इंडस्ट्री समिट का क्रम आरंभ किया गया। अब 24-25 फरवरी को भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट होने जा रही है। प्रदेश का सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री मोदी इस वैश्विक आयोजन का शुभारंभ करेंगे। देश ही नहीं विदेश के औद्योगिक समूह भी प्रदेश में उपलब्ध पर्याप्त भूमि-जल-ऊर्जा की उपलब्धता के कारण मध्यप्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के लिए उत्साहित हैं। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनने की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम को राज्य सभा सदस्य माया नारोलिया और विधायक रामेश्वर शर्मा ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और समाज के आराध्य लोधेश्वर भगवान के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। डॉ यादव ने सामाजिक भवन के भूमि-पूजन अवसर पर प्रकाशित स्मारिका और 'किसान की गाथा' वार्षिक डायरी का विमोचन किया। साथ ही समाज के प्रतिभाशाली बच्चों और युवाओं को प्रशस्ति-पत्र भेंट किए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का पुष्प-वर्षा कर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री का सिवनी मालवा के विधायक तथा अखिल भारतीय लोधा समाज के अध्यक्ष प्रेम शंकर वर्मा ने शॉल श्रीफल भेंट कर अभिवादन कर स्मृति-चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में पधारे जिलों के समाज अध्यक्षों ने मुख्यमंत्री का विशाल माला से सामूहिक स्वागत किया। कार्यक्रम में जानकारी दी गई की लोधा-समाज द्वारा बनाया जा रहा भवन, समाज की सांस्कृतिक प्रगति का माध्यम बनेगा। भवन में मांगलिक कार्यों के आयोजन के साथ ही पढ़ाई, नौकरी एवं इंटरव्यू आदि के लिए भोपाल आने वाले युवाओं को आवास सुविधा उपलब्ध होगी। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आसपास के गांव एवं नगरों से भोपाल आने वाले लोगों को भी इस भवन का लाभ मिल सकेगा।

संघर्षग्रस्त मणिपुर में लगा देर से राष्ट्रपति शासन : स्टालिन

एजेंसी ➤ चेन्नई
www.dailypioneer.com

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष एम के स्टालिन ने शनिवार को कहा कि संघर्षग्रस्त मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने का केंद्र का फैसला बहुत देर से लिया गया। वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपने 'उंगालिल ओरुवन' श्रृंखला (आपमें से एक) कार्यक्रम के भाग के रूप में जनता के सवालों का जवाब देते हुए श्री स्टालिन ने कहा कि मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने खुद से इस्तीफा नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि बीरेन सिंह को पद छोड़ना पड़ा क्योंकि उनके पास कोई अन्य विकल्प नहीं था क्योंकि मणिपुर पिछले दो वर्षों से जल रहा था। स्टालिन ने कहा कि उस राज्य में 200 से अधिक लोगों की जानें गई और मुख्यमंत्री ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की और इसके बजाय केंद्र में भाजपा सरकार ने उन्हें संरक्षण दिया। उन्होंने कहा कि मणिपुर में हिंसा से खुद मुख्यमंत्री के जुड़े होने का खुलासा करने वाले वीडियो सामने आए हैं। स्टालिन ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने फैसला सुनाया था कि इसकी विस्तार से जांच होनी चाहिए और भाजपा के सहयोगी और भाजपा विधायक अब भगवा पार्टी के खिलाफ हो गए हैं। उन्होंने कहा कि इस चरण में मुख्यमंत्री को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि उनके पास कोई अन्य विकल्प नहीं था और वहां राष्ट्रपति शासन लगाया गया। स्टालिन ने कहा कि चाहे वह भाजपा शासित मणिपुर हो या उत्तर प्रदेश, कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब है। लेकिन वे अन्य राज्यों के बारे में बोल रहे हैं। उन्होंने कहा, द्रमुक का रुख है कि शांति और सामान्य स्थिति जल्द ही मणिपुर में लौटनी चाहिए और लोगों द्वारा वांछित और उनकी रक्षा करने वाली सरकार बननी चाहिए। केंद्रीय बजट में तमिलनाडु के लिए लाभों के बारे में पूछे जाने पर, स्टालिन ने कहा कि बजट में तमिलनाडु की पूरी तरह से उपेक्षा की गई है और पिछले कुछ वर्षों से राज्य को कोई धन नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे भी बड़ी बात यह है कि बजट तमिलनाडु नाम का भी कोई जिक्र नहीं किया गया।

समाज कल्याण विभाग ने निभाई जिम्मेदारी बिछड़ी वृद्धा को अस्पताल में मिला सहारा

एजेंसी ➤ महाकुंभनगर
www.dailypioneer.com

महाकुंभ के विशाल जनसागर में अपने परिजनों से बिछड़ी 80 वर्षीय वृद्ध माता को समाज कल्याण विभाग का सहारा मिला। बीमार अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनके इलाज और देखभाल की जिम्मेदारी समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के निर्देश पर विभाग ने उठाई। मंत्री को जैसे ही इस घटना की जानकारी मिली, उन्होंने तत्काल उपनिदेशक महाकुंभ ए.के. सिंह को अस्पताल भेजकर माता जी के उपचार की निगरानी और परिजनों से संपर्क स्थापित करने का निर्देश दिया। समाज कल्याण मंत्री की पहल पर उपनिदेशक महाकुंभ ए.के. सिंह ने अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों से माता जी की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली और यह सुनिश्चित किया कि उनके इलाज में कोई कमी न हो। माता जी की 24 घंटे सेवा के लिए विभाग के एक कर्मचारी को तैनात किया गया है, जो उनकी देखभाल कर रहा है। मंत्री असीम अरुण ने कहा कि महाकुंभ जैसे बड़े आयोजन में बुजुर्गों की देखभाल और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। माता जी को किसी तरह की असुविधा न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। समाज कल्याण विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि माता जी को वृद्धावस्था योजना के सभी लाभ मिलें। माता जी ने अपना नाम रेखा और पति का नाम चन्द्रशील द्विवेदी (निवासी न्यू कटरा, प्रयागराज) बताया है। समाज कल्याण विभाग ने उनके परिजनों की तलाश शुरू कर दी है ताकि उन्हें जल्द से जल्द उनके परिवार से मिलाया जा सके। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उनको प्रयागराज स्थित समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में रखा जाएगा, जहां उन्हें वरिष्ठ नागरिकों के लिए अनुमन्य सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा।

तेलंगाना विधान परिषद चुनावों में भाजपा को जीत का भरोसा : किशन रेड्डी

हैदराबाद। केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने कहा कि 27 फरवरी को होने वाले राज्य के आगामी विधान परिषद चुनावों में भाजपा की जीत होगी। रेडडी ने हनुमाकोंडा में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और कांग्रेस की अपने वादों को पूरा करने में विफल रहने के लिए आलोचना की और वादा किया कि भाजपा शिक्षकों, स्नातकों और कर्मचारियों के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी। उन्होंने बीआरएस सरकार पर वर्ष 2018 में बयारम इस्पात संयंत्र स्थापित करने का वादा करके लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बीआरएस को पहले से पता था कि लौह अयस्क की उपलब्धता की कमी के कारण यह परियोजना अव्यवहारिक है। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस सरकार के प्रति जनता का असंतोष उसके शासन के एक साल के भीतर ही बढ़ रहा है, ठीक वैसे ही जैसे पिछले एक दशक में बीआरएस के प्रति था। कांग्रेस द्वारा चुनावी गारंटियों को प्रभावी ढंग से लागू करने में विफलता के कारण किसान, मजदूर, युवा और कर्मचारी कथित रूप से निराश हैं। विधान परिषद में भाजपा की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए रेड्डी ने बीआरएस और कांग्रेस दोनों पर बड़े पैमाने पर दलबदल करके परिषद के महत्व को कम करने का आरोप लगाया।

किसानों के साथ दुर्व्यवहार करने वाला प्रभारी एसडीओ निलंबित

एजेंसी ➤ सिवनी
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के सिवनी जिले के एक प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ) को किसानों के साथ दुर्व्यवहार करने के मामले में निलंबित कर दिया गया। जल संसाधन विभाग अंतर्गत भीमगढ़ दायीं नहर उपसंभाग क्रमांक 3 कान्हीवाड़ा क्षेत्र में नहरों से पानी की मांग के दौरान उपयंत्री प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी श्रीराम बघेल द्वारा किसानों से दुर्व्यवहार किए जाने का मामला सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। इस मामले को जिला प्रशासन ने संज्ञान लिया है। वही, क्षेत्र के किसानों ने प्रभारी एसडीओ के द्वारा किए गए व्यवहार को लेकर कार्रवाई के लिए केवलारी में एक ज्ञापन भी सौंपा है। इस घटनाक्रम के बाद किसानों से दुर्व्यवहार करने की घटना को संज्ञान लेकर ईएनसी जल संसाधन विभाग भोपाल को कलेक्टर सिवनी संस्कृति जैन द्वारा अवगत कराया गया। जल संसाधन विभाग मध्यप्रदेश के प्रमुख अभियंता विनोद कुमार देवड़ा ने घटना को संज्ञान लेते हुए श्रीराम बघेल उपयंत्री प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी, भीमगढ़ दांयी तट नहर उपसंभाग क्रमांक-3 कान्हीवाड़ा जिला सिवनी एवं प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी, भीमगढ़ दांयी तट नहर उपसंभाग कमांक-5 केवलारी जिला सिवनी को अपने पदीय कर्तव्यों व दायित्वों का निर्वहन नहीं किये जाने के फलस्वरूप मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1968 के नियम 9(1) (क) के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं।

सोशल मीडिया पर आपतिजनक पोस्ट करने वाला भेजा गया जेल

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के हाटा कोतवाली क्षेत्र में सोशल मीडिया पर वायरल हुए आपत्तिजनक पोस्ट का मामला अभी शांत नहीं था कि तमकुहीराज थाना क्षेत्र निवासी एक युवक ने अपने इंस्टाग्राम

अकाउंट पर भगवान राम से जुड़ी विवादित पोस्ट कर दी। सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल होने के बाद संबंधित युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। हिंदूवादी नेताओं ने इस मामले की जानकारी पुलिस को दी। एसपी के संज्ञान में मामला आने के बाद सक्रिय हुई तमकुहीराज पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पुलिस ने आरोपी को पेश किया। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। तमकुहीराज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत तमकुहीराज के हरिहरपुर निवासी साजिद खान ने धर्म विशेष के आराध्य के खिलाफअपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अभद्र टिप्पणी पोस्ट कर दिया। इसके इंस्टाग्राम फ्रेंड लिस्ट में शामिल लोगों ने भी उल्टे-सीधे कमेंट किए। इस पोस्ट का स्क्रीन शॉट सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। इसकी जानकारी होने के बाद हिंदूवादी नेताओं में आक्रोश बढ़ गया और एसपी संतोष कुमार मिश्रा तक मामला पहुंचा तो तमकुहीराज पुलिस सक्रिय हुई और पडरौना नगर के बजरंग दल के सहसंयोजक अभिजीत सिंह शर्मा की तहरीर पर केस दर्ज किया। शनिवार को पुलिस ने आरोपी साजिद खान को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर तमकुहीराज अमित शर्मा ने बताया समाज में शांति व्यवस्था बिगाड़ने के उद्देश्य से इंस्टाग्राम पर आरोपी ने पोस्ट किया था। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

सुलतानपुर पुलिस ने 15 दिन में 47 अभियुक्तों की खोली हिस्ट्रीशीटर

एजेंसी ➤ सुलतानपुर
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले की पुलिस ने कानून एवं शांति व्यवस्था तथा अपराध व अपराधियों पर कड़ी निगरानी के दृष्टिगत पखवारे भर में तीसरी बार 17 अभियुक्तों के साथ अब तक 47 अभियुक्तों की हिस्ट्रीशीट खोल दी है। इससे पहले 3 फरवरी को 20 व 31 जनवरी को 10 अभियुक्तों की हिस्ट्रीशीट खोली हैं।

पुलिस प्रवक्ता ने यहां जानकारी देते हुए बताया कि जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था तथा अपराध व अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के लिए पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह के निर्देश पर शातिर अपराधियों में अब तक 47 अभियुक्तों की हिस्ट्रीशीट खोली गयी है जिनकी निगरानी सुलतानपुर पुलिस कर रही है। जनवरी में पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह की सुलतानपुर में नियुक्ति हुई, जिसके तुरंत बाद 31 जनवरी को 10 अभियुक्तों की हिस्ट्रीशीट खोलकर अपराधियो को अपराध नियंत्रण का संदेश दिया था। अपराधियो पर लगातार अध्ययन करते हुए पुलिस अधीक्षक ने अब तक 47 अभियुक्तों का चयन किया है जिनकी हिस्ट्रीशीट खुलवाकर उन पर लगातार निगरानी बनी रहेगी। इससे जिले में अपराध नियंत्रण का उनका उद्देश्य पूरा हो सकेगा।

नाम में परिवर्तन करना मौलिक अधिकार नहीं : उच्च न्यायालय

एजेंसी ➤ प्रयागराज
www.dailypioneer.com



इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि अपने नाम में परिवर्तन करना व्यक्ति का मौलिक अधिकार नहीं है। यह नियमों के अधीन है जो केंद्र तथा राज्य सरकार की नीतियों के अनुसार संचालित होगा। याची द्वारा अपना नाम शाहनवाज से बदल कर मो समीर राव करने की मांग के मामले में उत्तर प्रदेश सरकार की विशेष अपील पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने इस निर्णय के साथ एकल पीठ द्वारा नाम परिवर्तन करने को मौलिक अधिकार करार देने वाले निर्णय को रद्द कर दिया है। एकल पीठ ने 25 मई 2023 के आदेश से यूपी बोर्ड के क्षेत्रीय निदेशक के उसे आदेश को रद्द कर दिया था जिसमें उन्होंने याची शाहनवाज का नाम परिवर्तित करने का प्रार्थना पत्र रद्द कर दिया था। यूपी बोर्ड का कहना था कि नियमानुसार नाम परिवर्तन के लिए आवेदन तीन साल के भीतर ही किया जाना चाहिए । एकल पीठ ने यूपी बोर्ड के इस नियम को मनमाना और असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि अपनी पसंद का नाम रखना व्यक्ति का अनुच्छेद 21 व 19 में मौलिक अधिकार है। यूपी बोर्ड के नियम इन मूल अधिकारों से सुसंगत नहीं है, इसलिए यह संवैधानिक प्रावधानों के विपरीत है। एकल पीठ में यांची शाहनवाज का नाम बदलकर मोहम्मद समीर राव करने और उसके हाई स्कूल व इंटरमीडिएट सहित अन्य सभी प्रमाण पत्रों ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, आधार कार्ड आदि पर नया नाम अंकित करने का निर्देश दिया था। प्रदेश सरकार की ओर से इस आदेश को विशेष अपील दाखिल कर चुनौती दी गई थी। राज्य सरकार के अपर मुख्य स्थाई अधिवक्ता रामानंद पांडेय ने कई दलीलें दी। उनका कहना था की मौलिक अधिकार निर्बाध नहीं है तथा इन पर कुछ सुसंगत प्रतिबंध भी हैं। उन्होंने कहा कि नाम का परिवर्तन करना यूपी बोर्ड के 1921 एक्ट के अध्याय 12 द्वारा नियमित व संचालित होता है। इसलिए नाम में परिवर्तन 7 साल के बाद स्वीकार नहीं किया जा सकता है। इसका प्रावधान रेगुलेशन 7 के चैप्टर 3 में दिया गया है। रामानंद पांडे ने कहा कि एकल न्याय पीठ ने अपने न्यायिक पुनर्विलोकन के अधिकार की सीमा से बाहर जाकर के आदेश दिया है । नाम में परिवर्तन करने के नियम बनाना सरकार का नीतिगत मामला है। उन्होंने यह भी दलील दी कि ऐसे सभी मामले जिनमें केंद्र या राज्य विधायन के कानून को को चुनौती दी गई हो उस पर खंडपीठ में ही सुनवाई हो सकती है । एकल न्याय पीठ को इस पर सुनवाई का अधिकार नहीं है । इस संबंध में एक अगस्त 2016 को मुख्य न्यायाधीश द्वारा कार्यालय आदेश पारित किया गया है। याची का पक्ष रखने के लिए नियुक्त न्याय मित्र श्रेयस श्रीवास्तव का कहना था कि एकल न्यायपीठ ने नाम परिवर्तन का आदेश पारित कर कोई गलती नहीं की है। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद कहा की एकल न्याय पीठ ने रेगुलेशन 40 (सी)को मनमाना असंवैधानिक और मौलिक अधिकार का उल्लंघन करने वाला घोषित किया है। तथा राज्य और केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय को उचित वैधानिक व प्रशासनिक कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया है । साथ ही एकल पीठ यूपी बोर्ड के इस नियम को रीड डाउन (कानून की शक्ति को सीमित करना) यानी असंवैधानिक कर दिया है । जबकि वास्तव में एकल न्याय पीठ को ऐसा आदेश पारित करने का अधिकार नहीं है।

ओवैसी ने की नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की जांच की मांग

हैदराबाद। ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ की स्वतंत्र, न्यायिक निगरानी वाली विशेष जांच टीम (एसआईटी) से जांच कराने की मांग की है। इस भगदड़ में 18 लोग मारे गये और कई अन्य घायल हो गये। ओवैसी ने माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर भारतीय रेल की 'व्यवस्थागत विफलताओं' की स्वतंत्र जांच की मांग की। उन्होंने कहा,यह एक ऐसी त्रासदी थी, जिसे टाला जा सकता था। जो कुछ हुआ, भारतीय जनता पार्टी सरकार उसे छिपाने की कोशिश कर रही है। इसकी बजाय त्रासदी की जांच के लिए एक स्वतंत्र, न्यायिक निगरानी वाली एसआईटी की नियुक्ति और भारतीय रेलवे की व्यवस्थागत विफलताओं की स्वतंत्र जांच करायी जानी चाहिए। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा कि भारतीय रेलवे लाखों भारतीयों की जीवन रेखा है और इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'कुप्रबंधन' की भेंट नहीं चढ़ना चाहिए।

नकवी ने कांग्रेस को 'कुनबे के कुंड कन्फ्यूजन के झुंड' दिया करार

एजेंसी ➤ हैदराबाद
www.dailypioneer.com

पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नक़वी ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 'कुनबे के कुंड कन्फ्यूजन के झुंड' से भरे 'डायनेस्टी के डिफॉल्टर डींगबाज़ों का डिज्नीलैन्ड' बन गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कांग्रेस के हमले का कड़ा जवाब देते हुए नक़वी ने कहा, इसी मोदी फोबिया बीमारी ने कांग्रेस को नॉन परफॉर्मिंग पार्टी और कुनबे को 'नॉन प्रोडक्टिव परिवार' बना दिया है। हैदराबाद में पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में नक़वी ने कहा कि कांग्रेस की 'मोदी बैशिंग सनक, भारत बैशिंग साज़िश' का रूप ले चुकी है, यही भारत की धाक-धमक को धूमिल करने की धूर्ततापूर्ण धुन कांग्रेस को धूलधूसरित कर रही है। नक़वी ने कहा कि सुल्तानी गुरूर, सामन्ती सुरूर में चकनाचूर कांग्रेस का जनाधार वेन्टीलेटर पर लेकिन अहंकार एक्सीलरेटर पर है। इसी का परिणाम है कि कांग्रेस सिमटती, सिकुड़ती जा रही है। नक़वी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा लगातार विजय पताका फहरा रही है वहीं कांग्रेस का नेतृत्व कांग्रेस की पराजय का रिकार्ड बनाने में जुटा है। नक़वी ने कहा कि केंद्र में पहली गैर कांग्रेस सरकार है जो बिना कांग्रेस के सपोर्ट, कुनबे के रिमोट के लगातार सुशासन का सफ़ल सफर तीन कार्यकाल से आगे बढ़ा रही है। सत्ता को अपनी सामंती सम्पत्ति समझने वालों की यही समस्या है, जिसके चलते वो जनादेश को ना स्वीकार कर पा रहें हैं ना ही उसका सम्मान।

शराब तस्करों ने दो युवकों की चाकू घोंपकर हत्या की

एजेंसी ➤ मायिलादुथुराई
www.dailypioneer.com

तमिलनाडु के मयिलादुथुराई जिले में पेरम्बूर पुलिस सीमा के तहत मुत्तम गांव में तीन शराब तस्करों ने एक इंजीनियरिंग छात्र समेत दो युवकों की चाकू घोंपकर हत्या कर दी जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान के. हरीश (25) और बी. हरि शक्ति (20) के रूप में हुई है। ये इंजीनियरिंग के तीसरे वर्ष के छात्र थे। घायल युवक के. अजय (19) का मयिलादुथुराई सरकारी अस्पताल में इलाज किया गया। हालांकि पुलिस ने दावा किया है कि यह दोहरी हत्या मुत्तम गांव के नॉर्थ स्ट्रीट निवासी एम. मूवेंडन (24) और आर. दिनेश (28) के बीच आपसी रंजिश के कारण हुई है लेकिन मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि मामला गांव में अवैध शराब की बिक्री से जुड़ा है। उन्होंने बताया कि 13 फरवरी को दिनेश और मूवेंडन के बीच तीखी नोकझोंक के बाद दोनों आपस में भिड़ गए। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर उन्हें अलग किया। इस घटना के बाद मूवेंडन और उसके साथियों एम. थंगादुरई (28) और आर. राजकुमार (34) ने शुक्रवार रात नशे की हालत में दिनेश पर हमला करने की कोशिश की। जब हरीश, हरि शक्ति और अजय ने अपने दोस्त दिनेश को हमले से बचाने की कोशिश की तो आरोपियों ने उन पर चाकुओं से वार कर दिया और मौके से फरार हो गए। हरीश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हरि शक्ति ने अस्पताल ले जाते समय चाकू लगने से दम तोड़ दिया। दोहरे हत्याकांड के बाद तनाव बढ़ गया, भीड़ ने शराब तस्करों के घरों को आग लगा दी और एक घर के सामने लगे तंबू में आग लगा दी। मायिलादुथुराई के पुलिस अधीक्षक जी. स्टालिन मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को शांत कराया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आज तड़के तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिसकर्मियों को आगे किसी भी तरह की हिंसा को रोकने के लिए एहतियात के तौर पर मुत्तम गांव और उसके आसपास बड़ी संख्या में तैनात किया गया है। पेरम्बूर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

रिटर्निंग अधिकारी ने विजयी अध्यक्ष एवं पार्षदों को प्रमाण पत्र किया प्रदान

नगरपालिका परिषद सुकमा से हुंगा राम मरकाम और नगर पंचायत दोरनापाल से अध्यक्ष पद पर राधा मंडावी नायक विजयी घोषित

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 में अध्यक्ष और पार्षद पदों के लिए शासकीय आईटीआई कॉलेज में मतगणना किया गया। मतगणना शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरपालिका परिषद सुकमा से भाजपा प्रत्याशी हुंगा राम मरकाम और नगर पंचायत दोरनापाल से भाजपा प्रत्याशी राधा मंडावी नायक अध्यक्ष पद पर विजयी हुए। नगरपालिका परिषद सुकमा में अध्यक्ष पद के लिए कुल 4 प्रत्याशी चुनाव में खड़े थे। इनमें से हुंगा राम मरकाम को 4059 वोट, कन्या दुग्गे को 2181, लच्छू राम पोड़ियामी को 1885 एवं गुड़िया कर्मा को 212 वोट मिला है। इस तरह से नगर पालिका परिषद सुकमा में भाजपा के प्रत्याशी हुंगा राम ने इंडियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी कन्या दुग्गे को 1878 वोटों से पराजित कर अध्यक्ष पद पर कब्जा किया। नगर पंचायत दोरनापाल में अध्यक्ष पद के लिए 2 प्रत्याशी चुनाव में खड़े थे। इनमें राधा मंडावी नायक को 1976 और बबीता माड़वी को 1071 वोट मिले हैं। इस प्रकार नगर पंचायत दोरनापाल में भाजपा के प्रत्याशी राधा मंडावी ने इंडियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी बबीता माड़वी को 905 वोटों से पराजित कर अध्यक्ष पद पर कब्जा किया।

ग्रामीण युवक की हत्या में शामिल नक्सली गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

अरनपुर थाना क्षेत्र अंर्तगत अरनपुर गांव में एक युवक की हत्या करने वाले नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रात में घर में घुसकर इन्होंने पहले युवक को घर से घसीटकर बाहर निकाला था। फिर गला घोंटा और धारदार हथियार से काट डाला। वारदात के 11 दिन बाद पुलिस ने हत्या के आरोपियों नंदा सोड़ी, मिलिशिया सदस्य, जोगा मड़काम, मिलिशिया सदस्य, हांदा मरकाम, मिलिशिया सदस्य, नंदा मरकाम, मिलिशिया सदस्य, सुला हेमला, मिलिशिया सदस्य को पकड़ लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक, 4 फरवरी की देर रात ककाड़ी के रहने वाले हड़मा हेमला के घर मलांगेर एरिया कमेटी के नक्सली पहुंच गए थे। उन्होंने पहले हड़मा को घर से बाहर निकाला, उस पर मुखबिरी का आरोप लगाकर उसकी हत्या कर दी। वारदात के बाद नक्सलियों ने घर के बाहर ही लाश फेंक दी थी। जिसके बाद गांव वालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस की जांच में मलांगेर एरिया कमेटी के नक्सलियों के शामिल होने की जानकारी के बाद जवानों को लगातार ऑपरेशन पर भेजा जा रहा था। जवान लगातार इलाके की सर्चिंग कर रहे थे। जिसके बाद इस हत्या की वारदात में शामिल कुछ लोगों को उसी गांव के अलग-अलग ठिकाने से पकड़ा गया। जिनकी शिनाख्त नक्सल संगठन के सदस्यों के रूप में हूई। पूछताछ और जांच में पता चला कि ये ग्रामीण की हत्या में 7 आरोपी शामिल थे। एएसपी आरके. बर्मन ने बताया कि सभी 7 आरोपियों की गिरफ्तार कर कार्यवाही उपरांत जेल दाखिल कर दिया गया है।

कांकेर नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष बने अरूण कौशिक

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय निर्वाचन-2025 के तहत नगरपालिका परिषद कांकेर हेतु 11 फरवरी को हुए मतदान की गणना शनिवार को सम्पन्न हुई। मतगणना पश्चात रिटर्निंग अधिकारी द्वारा परिणामों की घोषणा की गई, साथ ही विजयी घोषित अभ्यर्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। नगरपालिका परिषद कांकेर में अध्यक्ष पद हेतु प्रत्याशी अरूण कुमार कौशिक अपने निकटतम प्रतिद्वंदी से 03 हजार 807 मतों से विजयी घोषित हुए। आज सुबह 09 बजे से न्यू कम्युनिटी हॉल में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर और प्रेक्षक विश्वरंजन कुमार की उपस्थिति में मतगणना शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। मतगणना उपरांत प्राप्त अंतिम आंकड़ों के अनुसार अभ्यर्थी अरूण कुमार कौशिक को 10309 मत, उनके निकटतम प्रतिद्वंदी जितेन्द्र सिंह ठाकुर को 6502, मोहन कुमार सेनापति को 147 तथा संजय गोस्वामी को 85 मत प्राप्त हुए, जबकि नोटा (उपर्युक्त में से कोई नहीं) में 112 वोट पड़े। इसी प्रकार नगरपालिका परिषद कांकेर के 21 वार्डों में से वार्ड क्रमांक-01 अलबेलापारा के प्रत्याशी उगेश्वरी उईके, वार्ड क्रमांक-02 उदयनगर से चन्द्रलोक सिंह ठाकुर, वार्ड क्रमांक-03 शिवनगर के प्रत्याशी शंकुतला जैन, वार्ड क्रमांक-04 माहुरबंदपारा के प्रत्याशी दीपक शोरी, वार्ड क्रमांक-05 जवाहर वार्ड के प्रत्याशी चित्ररेखा जैन, वार्ड क्रमांक-06 संजयनगर वार्ड के प्रत्याशी मो. सलीम मेमन, वार्ड क्रमांक-07 आमापारा वार्ड के प्रत्याशी नरेन्द्र साहू, वार्ड क्रमांक-08 शीतलापारा के प्रत्याशी फरीदा खान, वार्ड क्रमांक-09 श्रीरामनगर के प्रत्याशी अजय सिंह रेणु और वार्ड क्रमांक-10 भंडारीपारा वार्ड के प्रत्याशी सुशीला यादव को विजयी घोषित किया गया है। सभी विजयी अभ्यर्थियों को रिटर्निंग ऑफिसर जितेन्द्र कुमार कुर्रे द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। इसी तरह पार्षद पद हेतु वार्ड क्रमांक-11 महादेव वार्ड के प्रत्याशी मतीन खान, वार्ड क्रमांक-12 मांझापारा के प्रत्याशी हितेन्द्र खटवानी, वार्ड क्रमांक-13 सुभाष वार्ड के प्रत्याशी विकास कुमार अंभोरे, वार्ड क्रमांक-14 अन्नपूर्णापारा के प्रत्याशी टिकेन्द्र कुमार ठाकुर, वार्ड क्रमांक-15 एम.जी. वार्ड के प्रत्याशी मीरा सलाम, वार्ड क्रमांक-16 शांतिनगर के प्रत्याशी ओमप्रकाश देवांगन, वार्ड क्रमांक-17 कंकालीनपारा के प्रत्याशी कामिनी नेताम, वार्ड क्रमांक-18 बरदेभाठा के प्रत्याशी जितेन्द्र वैध, वार्ड क्रमांक-19 अघननगर के प्रत्याशी उत्तम कुमार यादव, वार्ड क्रमांक-20 जनकपुर के प्रत्याशी मंजू सारथी और वार्ड क्रमांक-21 राजापारा वार्ड के प्रत्याशी आनंद चौरसिया को विजयी घोषित कर रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। इस अवसर पर एसडीएम कांकेर अरूण वर्मा भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि न्यू कम्युनिटी हॉल स्थित मतगणना कक्ष में ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना के लिए कुल 11 टेबल लगाई गई थी। प्रथम चक्र में 11 वार्डों में प्राप्त मतों की गणना सम्पन्न हुई तथा शेष 10 वार्डों में मिले वोटों की गिनती दूसरे चक्र में सम्पन्न हुई। इसी तरह जिले की नगर पंचायत चारामा, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और पखांजूर में मतगणना सम्पन्न हुई।

जनपद पंचायत अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए किया रवाना

पायनियर संवाददाता ➤ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2025 अंतर्गत प्रथम चरण के मतदान के लिए 275 मतदान दल को आज जनपद पंचायत कोंडागांव से रवाना किया गया। जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित अन्य अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर मतदान दलों के वाहनों को रवाना किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश दांडे, कौशलेंद्र पटेल, एसडीएम अजय उरांव, रिटर्निंग ऑफिसर मनोज रावटे उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के प्रथम चरण में कोंडागांव विकासखंड में सोमवार को सुबह 06 से दोपहर 02 बजे तक मतदान संपन्न होगा। इसके अंतर्गत सरपंच, पंच, जिला पंचायत सदस्य और जनपद सदस्य पद का निर्वाचन होगा। कोंडागांव जनपद अंतर्गत 01 जनपद सदस्य, 08 सरपंच और 865 पंच निर्विरोध चुने गए हैं।

बीजापुर नगर पंचायत अध्यक्ष बनीं गीता सोम पुजारी, 15 वार्डों में भाजपा 13 एवं 2 पर कांग्रेस की जीत

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत नगरपालिका बीजापुर का मतगणना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा सामान्य प्रेक्षक नीलम टोप्पो की उपस्थिति में संपन्न हुआ। चुनाव परिणाम में भाजपा प्रत्याशी गीता सोम पुजारी अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुई। इसी तरह वार्ड क्रमांक 01 से भाजपा प्रत्याशी अरविंद पुजारी, वार्ड क्रमांक 2 से भाजपा प्रत्याशी यशोदा पैंकरा, वार्ड क्रमांक 3 से भाजपा हितेश साहनी, वार्ड क्रमांक 4 से कांग्रेस प्रत्याशी बेनहूर रावतिया, वार्ड क्रमांक 5 से भाजपा प्रत्याशी राधा लकड़ा, वार्ड क्रमांक 6 से भाजपा प्रत्याशी सुगंती चालकी, वार्ड क्रमांक 7 से भाजपा प्रत्याशी मुन्ना ताती, वार्ड क्रमांक 8 से भाजपा प्रत्याशी बसंती लिंगम, वार्ड क्रमांक 9 से भाजपा प्रत्याशी भुवन सिंह चौहान, वार्ड क्रमांक 10 से कांग्रेस प्रत्याशी बबीता झाड़ी, वार्ड क्रमांक 11 से भाजपा प्रत्याशी संजय कुमार रिवानी, वार्ड क्रमांक 12 से भाजपा प्रत्याशी विक्रम कुमार दुधी, वार्ड क्रमांक 13 से भाजपा प्रत्याशी मुकेश राठी, वार्ड क्रमांक 14 से भाजपा प्रत्याशी सत्यवती परतागिरी तथा वार्ड क्रमांक 15 से भाजपा प्रत्याशी पुरूषोत्तम भंडारी विजयी रहे। सभी विजेता प्रत्याशियों को रिटर्निंग अधिकारी जागेश्वर कौशल द्वारा जीत का प्रमाण पत्र प्रदाय कर शुभकामनाएं प्रेषित की गई। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल एवं सीएमओ बीजापुर बंशीलाल नुरेटी उपस्थित थे।

जनपद पंचायत क्षेत्र बीजापुर के निर्वाचन हेतु दल रवाना

बीजापुर। जिले में कुल 73 मतदान दल है जिसमें 5 दल पिंक बूथ के रुप में महिला मतदान कर्मियों द्वारा संचालित की जाएगी। धनोरा एवं नैमेड़ पंचायत में।

जिला पंचायत सदस्य के 03 पदों के लिए 10 उम्मीदवार मैदान में हैं इसी तरह जनपद सदस्य के 11 पदों के विरुद्ध 31 अभ्यर्थी सरपंच के 25 अभ्यर्थी के विरुद्ध 79 अभ्यर्थी सरपंच के 9 पदों पर निर्विरोध एवं 02 पद रिक्त है। बीजापुर जनपद क्षेत्र के लिए 485 वार्ड पंच 392 निर्विरोध चुने गए है29 पद रिक्त हैं और 64 पदों के लिए चुनाव होगा जिसमें 137 अभ्यर्थी मैदान में हैं।

इंद्रप्रसाद बघेल बने नगर पालिका नारायणपुर के अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत् नगरपालिका नारायणपुर में निर्वाचन की मतगणना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिष्ठा ममगाईं एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकांक्षा शिक्षा खलखो की उपस्थिति में संपन्न कराई गई। मतगणना उपरांत सभी विजयी पार्षदों एवं अध्यक्ष को प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। नगरपालिका परिषद नारायणपुर में अध्यक्ष पद हेतु 02 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के प्रत्यासी इंद्रप्रसाद बघेल द्वारा इंडियन नेशनल कांगेस के प्रत्याशी सुनिता मांझी को 1282 मतों से हराकर अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचित हुए हैं। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 01 में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अनिता कोरेटी को 32 मतों से हराकर इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी जयसवाल वट्टी विजयी हुए हैं। इस प्रकार वार्ड क्रमांक 02 में हेमलता माने को 53 मत, नितू देवनाथ को 281 मत, रीता मण्डल को 501 मत और शालिनी कर्मकार को 49 मत प्राप्त हुए हैं, इस प्रकार भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रीता मण्डल विजयी घोषित हुई हैं। वार्ड क्रमांक 03 में इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी अजहरी कातुन अली को 263 मत और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संगीता जैन को 434 मत, वार्ड क्रमांक 04 में इंडियन नेशनल कांग्रेस प्रत्यशी पूर्णिमा बघेल को 329 मत और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कृति पोटाई को 671 मत, वार्ड क्रमांक 05 में अनिता सेठिया को 319, हेमलता राणा को 37 और संतोष कुमार गोटा को 446 मत, वार्ड क्रमांक 06 में प्रतिमा ठाकुर को 240, संजय नंदी 460 मत और अर्जुन देवांगन को 224 मत मिले हैं। वार्ड क्रमांक 07 में कमलापति मिश्रा को 468 मत, प्रमोद नैलवाल को 417 मत, वार्ड क्रमांक 08 में मिथलेश्वरी पटेल को 257, नेहा कश्यप को 482 मत, वार्ड क्रमांक 09 में बोधन देवांगन को 289, जयप्रकाश शर्मा को 333 मत, वार्ड क्रमांक 10 में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी देवगन नाग को 210, इंडियन नेशनल कांग्रेस प्रत्यशी विजय सलाम को 530, वार्ड क्रमांक 11 में रमशीला नाग को 179, सोनिका पोर्ते को 141, वार्ड क्रमांक में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी प्रवीण गोलछा को 518, इंडियन नेशनल कांग्रेस प्रत्यशी रूपेश देवांगन को 242 मत, वार्ड क्रमांक 13 कौशल कुमार बघेल को 394, पिलाबाई टेकाम को 14 और तरूण कुमार देहारी को 307 मत, वार्ड क्रमांक 14 में अरविंद पोटाई को 276 और गोविंद राम भोयर को 416 मत, वार्ड क्रमांक 15 में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हेमंत कुमार पात्र को 660, राखी राना को 174 और संजय कुमार ध्रुव को 62 मत मिले हैं। रिटर्निंग आफिसर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई के द्वारा नगरपालिका परिषद के विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण दिया गया। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक श्रीकांत वर्मा, सहायक रिटर्निंग आफिसर अभयजीत मण्डावी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सुमित गर्ग, एसडीएम गौतमचंद पाटिल, नोडल अधिकारी विक्रम बहादुर, गणना प्रेक्षक आशीष एक्का, विनय वर्मा सहित निर्वाचन संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

17 Feb 2025 Pride Of Raipur



विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

श्री शबरी माता महोत्सव सिंघनपुर : मुख्य अतिथि विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए, शबरी माता की पूजन कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

माघ महिना के पावन अवसर पर ग्राम सिंघनपुर श्री शबरी माता महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। सर्वप्रथम उन्होंने मां शबरी माता की मंदिर पहुंचे व पूजन कर समस्त क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके पूर्व समस्त ग्रामवासियों ने बाजे गाजे व किर्तन दल के साथ फुलमाला पहनाकर एवं मोमेंटो से विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल का भव्य स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने उपस्थित श्रद्धालुजनों को शबरी माता महोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दिए और शबरी माता की श्री राम के प्रति भक्ति को बताया। इस दौरान उन्होंने बताया कि श्री राम जी ने शबरी माता की भक्ति से प्रसन्न होकर उनके जुठे बेर खाए थे। उन्होंने आगे केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार किये।

कांग्रेस पार्षद ने विधायक के समक्ष थामा भाजपा का दामन

रायपुर। कांग्रेस पार्षद ने थामा भाजपा का दामन पिथौरा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 की पार्षद रामकुंवर सिंहा ने विधायक जनसंपर्क कार्यालय में विधायक संपत अग्रवाल के समक्ष भाजपा का दामन थामा। नवप्रवेशी पार्षद का विधायक व नवनियुक्त अध्यक्ष देवेश निषाद मंडल अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल भाजपा नेता डॉ किशोर सिंहा ने भाजपा का गमछा पहना कर सदस्यता दिलाई। नवप्रवेशी पार्षद ने कहा कि विष्णु देव जी की सरकार और उनके विकास कार्यों से प्रभावित होकर किया भाजपा प्रवेस। इस अवसर पर मुख्य रूप से बजरंग अग्रवाल रैदास गोयल युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी पार्षद वीरेंद्र तिवारी मन्नुलाल ठाकुर संतोष डड़सेना भीमा रौतीया संदीप सेन पुष्पकांत पटेल कौशलदास मानिकपुरी खीरू पटेल ललती डडसेना सिल्पा सोनी मनोज बंसल ज्योति लक्ष्मी सिंहा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक विधायक प्रतिनिधि सुमित अग्रवाल पुष्पराज गजेंद्र सुरेंद्र पांडे रविंदर आज़मानी दिलीप निषाद ऋषिकेश शुक्ला संजय गोयल युवा मोर्चा महामंत्री सौरभ अग्रवाल लक्ष्मीकांत सोनी राजा खनुजा पवन अग्रवाल कुलजीत आज़मानी सन्नी रोहिल्ला सतीस ध्रुव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

अहिल्दा में आरु साहू छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन आज

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

कसडोल विधानसभा के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक10 के लोकप्रिय भाजपा अधिकृत प्रत्याशी नवीन मिश्रा का चुनावी रैली जोर शोर से जारी है। मतदाताओं की भीड़ नवीन मिश्रा को एक झलक देखने के लिए रोजाना प्रत्येक गॉव में उमड़ रहा है।आपको आगे बताते चलें कि जनता की मांग पर नवीन मिश्रा द्वारा ग्राम पंचायत अहिल्दा में छत्तीसगढ़ की बेटी छत्तीसगढ़ की लोकगायिका आरु साहू सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को रात्रि 8बजे से लेकर 10 बजे तक के लिए किये गए हैं। जहां क्षेत्र क्रमांक 10 के 34 गॉवो के मतदाताओं के अलावा आसपास के गॉवो की अपार भीड़ जुटने के आसार हैं। नवीन मिश्रा जनता जनार्दन के विकास में निरंतर पसीना बहाते आ रहे हैं। सबसे तेज लहर के साथ नवीन मिश्रा गाड़ी छाप में वोट देकर भारी मतों से विजय बनाने की अपील लेकर निरंतर पसीना बहा रहे जनता जनार्दन उनके साथ कदम से कदम मिलाकर रैली के गवाह बने हुए हैं। नवीन मिश्रा के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 में आने से क्षेत्र के मतदाताओं में सभी जिला पंचायत क्षेत्रों की तुलना में सबसे ज्यादा उत्साह है, क्योंकि जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 विकास से कोसो दूर वंचित रहा है जिन्हें अब केवल नवीन मिश्रा ही दूर करेंगे की जुबानी कहानी मतदाताओं से निकलकर सामने आ रहा है। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक10 के गॉव तिल्दा, लाटा, सीरियाडीह, लवन से चंगोरी पैसर मार्ग रेत माफियाओं के काली करतूतों के चलते बड़े बड़े गड्ढों में बदल गया है जिस पर चलना राहगीरों के लिए मुश्किल हो गया है।जो पूर्व में जिला पंचायत क्षेत्र 10के सदस्य रहे हैं उनके द्वारा भी जनता के मुद्दों के लिए आवाज नहीं उठाना उनके जनता के प्रति उदासीन भावना को दर्शाता है।

मिश्रा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि रेत माफियाओं या निष्क्रिय उदासीन पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सबको जनता मतदान के दिन कुर्सी से बाहर बिठाकर सबक सिखाएगा। जनता ऐसे प्रतिनिधियों को कभी नहीं चुनेगी जो उनके अधिकार, सुरक्षा के लिए आवाज नहीं उठाया है ।जनता का आशीर्वाद मुझे हर गाँव से शत प्रतिशत मिल रहा है।मातृ शक्तियों सहित युवाओं बड़े बुजुर्गों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

ट्रेलर ने ट्रक को मारी टक्कर : हादसे में आग लगने से ट्रेलर चालक की मौत

पायनियर संवाददाता ➤ आरंग
www.dailypioneer.com

आरंग क्षेत्र के पारागांव के पास नेशनल हाइवे में भीषण हादसा हो गया। सुबह करीब 4 बजे ट्रेलर ने ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी। जिसके बाद दोनों वाहनों में देखते ही देखते आग भीषण आग लग गई। हादसे में ट्रेलर चालक की जलकर मौत हो गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है। फिलहाल मृतक चालक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। घटना आरंग के पास पारागांव की है। जानकारी के मुताबिक, हादसे के दौरान जिश्म से भरे ट्रक का टायर फटने के कारण ड्राइवर और खलासी वाहन से नीचे उतरे हुए थे, तभी पीछे से आ रहे ट्रेलर ने ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों में तुरंत आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही आरंग पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हादसे के बाद नेशनल हाईवे 53 पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है और मृतक ट्रेलर चालक की पहचान करने के प्रयास जारी है।

बसना-सरायपाली जनपद में आज मतदान मतदान सुबह 7 बजे से अपराह्न 3 बजे तक

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार जिले के बसना एवं सरायपाली विकासखण्ड में प्रथम चरण का मतदान सोमवार को संपन्न होगा। मतदान सुबह 7 बजे से अपराह्न 3 बजे तक होगी। मतदान के पश्चात उसी केंद्र में मतगणना की जाएगी। महासमुंद जिले में प्रथम चरण के अंतर्गत सोमवार को संपन्न होने वाले मतदान एवं मतगणना कार्य को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान एवं मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समुचित रूप से प्रशिक्षण प्रदान करने के अलावा मतदान केन्द्रों में बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने हेतु सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। इसके लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन के समन्वय से सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। सोमवार को होने वाले प्रथम चरण के मतदान के लिए मतदान अधिकारियों बसना एवं सरायपाली के पंचायतों के लिए रविवार को सुबह सामग्री वितरण केन्द्रों से मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के मार्गदर्शन में सामग्री वितरण कर मतदान दल को रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत बसना अंतर्गत जनपद पंचायत सदस्यों की संख्या 24, सरपंचों की संख्या 102 एवं पंचों की संख्या 1289 है। जिसमें से 1001 पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए है। वहीं सरपंच के 9 पद एवं जनपद सदस्य एक निर्विरोध निर्वाचित हुए है। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों में पंच के 642, सरपंच के 307, जनपद सदस्य के 101 अभ्यर्थी मैदान में है। वहीं जनपद पंचायत सरायपाली अंतर्गत जनपद पंचायत सदस्यों की संख्या 25, सरपंचों की संख्या 107 एवं पंचों की संख्या 1391 है। जिसमें से 1058 पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए है। वहीं सरपंच के 13 पद एवं जनपद सदस्य एक निर्विरोध निर्वाचित हुए है। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों में पंच के 730, सरपंच के 337, जनपद सदस्य के 92 अभ्यर्थी मैदान में है। जनपद पंचायत बसना अंतर्गत 102 ग्राम पंचायतों में एक लाख 41 हजार 164 मतदाता शामिल है, जिसमें पुरुष मतदाता 69 हजार 621 व महिला मतदाता 71 हजार 543 तथा जनपद पंचायत सरायपाली अंतर्गत 107 ग्राम पंचायतों में एक लाख 41 हजार 618 मतदाता है, जिसमें पुरुष मतदाता 70 हजार 371 व 71 हजार 247 महिला मतदाता शामिल है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के प्रथम चरण के अंतर्गत 17 फरवरी को संपन्न होने वाले मतदान की गणना मतदान समाप्ति के पश्चात उसी मतदान केंद्र में की जाएगी।

राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत पांच प्रकरण में 20 लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत

गरियाबंद। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के पांच प्रकरणों में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपये कुल 20 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजिम तहसील के ग्राम कोपरा निवासी 33 वर्षीय उर्वशी साहू की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम परिजन वेदव्यास साहू को 04 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार फिंगेश्वर तहसील के ग्राम भसेरा निवासी 34 वर्षीय लता साहू एवं 14 वर्षीय ऐश्वर्या साहू की सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण मृतिका के निकटतम परिजन कृष्णा साहू को प्रत्येक प्रकरण में 4-4 लाख रूपये, छुरा तहसील के ग्राम मुड़ागांव निवासी 17 वर्षीय डमेश्वर यादव का तालाब में गिरकर डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम परिजन गीता यादव 4 लाख रूपये तथा फिंगेश्वर तहसील के ग्राम रजकट्ठी निवासी 49 वर्षीय लता बाई विश्वकर्मा की आग से जलने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतिका के निकटतम परिजन योगेन्द्र कुमार विश्वकर्मा को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

पुलिस ने मोडिफाईड साइलेंसर का उपयोग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं। साथ ही मॉडिफाईड साइलेंसर एवं तीव्र, कर्कश ध्वनि वाले प्रेशर हॉर्न का उपयोग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम मे यातायात पुलिस द्वारा मॉडिफाईड साइलेंसर का उपयोग कर मोटरसाइकिल चलाने वाले 04 वाहन चालकों को पकड़ा गया। यातायात पुलिस द्वारा उक्त वाहनों के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही कर सभी वाहन चालकों से पृथक-पृथक 5000-5000 सम्मन शुल्क वसूल किया गया है। इस प्रकार पुलिस की संपूर्ण कार्रवाई में मोडिफाईड साइलेंसर का उपयोग करने वाले 04 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई का कुल 20,000 समन शुल्क वसूल किया गया है। कार्यवाही के दौरान उक्त वाहनों से मोडिफाईड साइलेंसर भी निकालकर जप्त किया गया है।

गिरौदपुरी मेला का आयोजन 4 से 6 मार्च तक : कलेक्टर-एसपी ने गिरौदपुरी का दौरा कर मेले की तैयारी का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

संत शिरोमणि बाबा गुरू घासीदास की तपोभूमि गिरौदपुरी में आगामी 4 से 6 मार्च 2025 तक विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने गिरौदपुरी का दौरा कर मेले के लिए प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया। उन्होने मंदिर परिसर में ही मेला समिति से जुड़े सदस्यों से व्यवस्था संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया और विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कार्य सौंपते हुए समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि प्रति वर्ष यहां विशाल मेले का आयोजन होता है। इस बार भी मेला के सफल आयोजन के लिए बेहतर तैयारी करें।उन्होंने मंदिर परिसर, जैतखाम, विश्रामगृह, पार्किंग, एरिया, सुरक्षा, लाइटिंग, पेयजल, दर्शनार्थियों के ठहरने की व्यवस्था आदि की बेहतर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कम्यूनिटी टॉयलेट और संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीव्ही लगाने को भी कहा है। उन्होंने गिरौदपुरी से लगभग 7 किलोमीटर दूर छाता पहाड़ और इससे आगे पंचकुण्डी स्थल में भी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने मेला के दौरान चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती करने तथा शरारती तत्वो पर कड़ी नजर रखने मेला परिसर में लगभग 36 सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही सडक किनारे के पेड़ों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाने तथा सड़क किनारे के दुकानो के द्वारा सडक पर सामान रखने पर कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर सोनी ने इस अवसर पर मंदिर में गुरु गद्दी का दर्शन किया और पूजा अर्चना कर जिले वासियों की सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मेले समिति से जुड़े सदस्य, गिरौदपुरी एसडीएम रामरतन दुबे, एसडीओपी कौशल किशोर वासनिक, उप पुलिस अधीक्षक यातायत अमृत कुजूर सहित मेला तैयारी से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

भाजपा जिला अध्यक्ष ने नगरीय निकाय चुनाव में प्रचंड मत से जीत पर भाजपा के सभी उम्मीदवार एवं कार्यकर्ताओं को बधाई दी

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने नगरीय निकाय चुनाव 2025 में प्रचंड मत से जीत पर भाजपा के सभी उम्मीदवार एवं कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। और जीत की बधाई देते हुए कहा कि आपकी यह शानदार जीत जनता के विश्वास और डबल इंजन सरकार के विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी नीतियों की जीत है।

कसडोल नगर पंचायत में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला, भाजपा से नागेश्वर साहू विजयी

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

नगरी निकाय चुनाव शाँति पूर्ण संम्पन्न के बाद 15 फरवरी को सहायक निर्वाचन अधिकारी राम रतन दुबे के सानिध्य में स्व-दौलत राम शर्मा महाविद्यालय में मतगणना की गयी और विजयी हुये प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया नगर पंचायत कसडोल के भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी नागेश्वर प्रसाद साहू सहित कुल 15 वार्डो में 12 भाजपा पार्षदों ने जीत हासिल कर भाजपा का परचम लहराया है। भाजपा के सुनामी के आगे कांग्रेस के गढ़ कहे जाने वाले नगर पंचायत कसडोल में कांग्रेस खाता भी नहीं खोल पाया पूरी तरह से जनता जनार्दन ने कांग्रेस का सुफड़ा ही साफ कर भाजपा प्रत्याशी को कुर्सी पर बिठाकर विकास की जिम्मेदारी थमा दिये।आपको बता दें कि तीन वार्डो में निर्दलीयों ने जीत हासिल किया है। अर्थात नगर अध्यक्ष सहित सभी 15 वार्डो में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला है जबकि लोगो का कहना है कि कसडोल नगर कांग्रेस का गढ़ माना जाता है और यहां कांग्रेस का विधायक रहते हुए भी नगर पंचायत कसडोल कांग्रेस मुक्त हो गया है आम लोगों में सुर्खियां बनी हुई है इस तरह विपक्षी दल शब्द ही यहां लुप्त हो गया है। यहां नगर पंचायत में भाजपा की एकतरफा जीत होने पर नव निर्वाचित अध्यक्ष नागेश्वर प्रसाद साहू एवं सभी भाजपा पार्षदों नीरज साहू, अजय साहू, दशरथ पैकरा, चंद्रिका वैष्णव, सुंदर लाल साहू, भगवती साहू, रामाधार धीवर, पुनेश्वर नाथ मिश्रा, मंजू बंजारे, सुदीप मानिकपुरी एवं शकुंतला पटेल, संतोष भारती निर्दलीय, यादव निर्दलीय एवं संजय साहू ने मतदाताओं का आभार प्रकट करते हुए बाजे गाजे के साथ मां महामाया मंदिर, चंडी मंदिर एवं बगदेवी मंदिर का दर्शन कर नगर विकास के लिए आशीर्वाद मांगा । तत्पश्चात सभी नव निर्वाचित पार्षदों ने अपने समर्थकों के साथ वार्डो में घूम घूम कर घर घर जाकर मतदाताओं का आभार जताया। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 13 डॉ अंबेडकर के भाजपा पार्षद मंजू बंजारे ने भी अपने वार्ड वासियों के साथ घर घर जाकर मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए दिखा। भाजपा की एक तरफा जीत को यहां की जनता महतारी वंदन एवं धान की एकमुश्त बोनस का जादू चल गया कह रहे हैं तथा लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की जीत के रूप में देख रहे हैं साथ ही कांग्रेस की करारी हार से कांग्रेसियों में मायूसी छाई हुई है।

सर्वसम्मति से ब्राह्मण समाज के प्रमुख जनों ने पदाधिकारीयो का किया चयन

कुरुद। ब्राह्मण समाज तहसील कुरुद का आवश्यक बैठक काली मंदिर में रखा गया था जहाँ सर्वसम्मति से समाज प्रमुख जनों ने पदाधिकारीयो का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष कमलेश तिवारी उपाध्यक्ष कैलाश शुक्ला सतीश शर्मा सचिव लक्ष्मीकांत द्विवेदी कोसाध्यक्ष नंद कुमार पांडेय सहसचिव कोमल शुक्ला जिला प्रतिनिधि हयग्रीव शर्मा जगजीवन मिश्रा बनाये गए। विशेष आमंत्रित कार्यकारणी सदस्य महेश शर्मा राजेन्द्र शर्मा ईश्वर पांडेय अशोक शर्मा आशीष शर्मा रमेश पांडेय बनाये गए।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025: कलेक्टर ने 276 कर्मचारियों को किया नोटिस जारी

बलौदाबाजार। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने मतदान दलों के प्रशिक्षण से बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले 276 कर्मचारियों को नोटिस जारी किया है। नोटिस प्राप्त होने के 24 घण्टे के अंदर जवाब देना होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान दल में ड्यूटी लगाए गये कर्मचारियों का द्वितीय प्रशिक्षण विकासखंड मुख्यालयों में 13 एवं 14 फ़रवरी 2025 को आयोजित किया गया था।

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के प्रथम चरण के अंतर्गत जिले के गरियाबंद एवं मैनपुर विकासखण्ड में आज होगा मतदान

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूर्ण
मतदान दल हुए मतदान केन्द्रों के लिए रवाना

त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार जिले के गरियाबंद एवं मैनपुर विकासखण्ड में प्रथम चरण का मतदान सोमवार 17 फरवरी को संपन्न होगा। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल के दिशा-निर्देशन में गरियाबंद जिले में प्रथम चरण के अंतर्गत 17 फरवरी को संपन्न होने वाले मतदान एवं मतगणना कार्य को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान एवं मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समुचित रूप से प्रशिक्षण प्रदान करने के अलावा मतदान केन्द्रों में बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने हेतु सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। इसके लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन के समन्वय से सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सुरक्षा बलों की तैनातगी की गई है। सोमवार को होने वाले प्रथम चरण के मतदान के लिए मतदान अधिकारियों को रविवार को सुबह सामग्री वितरण केन्द्रों से मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि विकासखण्ड मुख्यालय जनपद पंचायत गरियाबंद एवं जनपद पंचायत मैनपुर परिसर में सामग्री वितरण एवं वापसी केन्द्र बनाया गया है। निर्वाचन कार्य को सफल बनाने गरियाबंद विकासखंड के 62 ग्राम पंचायत हेतु 129 मतदान केन्द्रों के लिए 141 मतदान दल बनाए गए हैं। इसी प्रकार मैनपुर विकासखण्ड के 74 ग्राम पंचायत हेतु 186 मतदान केन्द्रों के लिए 210 मतदान दल बनाए गए हैं। जिसमें गरियाबंद विकासखण्ड में 64 हजार 632 मतदाता तथा मैनपुर विकासखण्ड में 93 हजार 999 मतदाता अपना मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के प्रथम चरण के अंतर्गत संपन्न होने वाले मतदान के तहत मतों की गणना मतदान समाप्ति के पश्चात् संबंधित मतदान केन्द्रों में ही की जाएगी।

कलेक्टर शर्मा ने किया एनएमएमएसई 2024-25 परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट बेमेतरा रणबीर शर्मा ने शासकीय आदर्श बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा में आयोजित एनएमएमएसई (नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा) 2024-25 का निरीक्षण किया। कक्षा आठवीं के लिए आयोजित इस परीक्षा की प्रथम पाली सुबह 10:00 बजे से 11:30 बजे तक संचालित हुई, जिसमें कुल 1119 पंजीकृत छात्रों में से 1074 छात्र उपस्थित रहे और 45 छात्र अनुपस्थित रहे, जिससे कुल उपस्थिति 95% से अधिक दर्ज की गई। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष संतराम साहू, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे, डीएमसी नरेन्द्र वर्मा, एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू, पर्यवेक्षक शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने केंद्र की व्यवस्था और परीक्षा संचालन की सुचारूता की सराहना की। द्वितीय पाली दोपहर 1:00 बजे से 2:30 बजे तक आयोजित की गई, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे ने बेरला विकासखंड के दो परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। शासकीय महाविद्यालय बेरला में कुल 502 पंजीकृत छात्रों में से 484 छात्र उपस्थित रहे, जबकि 18 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार, शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल बेरला में कुल 240 छात्रों में से 233 छात्र उपस्थित रहे, और 07 अनुपस्थित रहे, जिससे इस केंद्र पर 96% से अधिक उपस्थिति दर्ज की गई। निरीक्षण के दौरान कन्या शाला की प्राचार्या पूर्णिमा दास, एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू, बीआरसीसी बेरला खोमलाल साहू, एबीईओ बेरला ठाकुर एवं उईके सहित अन्य पर्यवेक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

हनुमान धारा में अवैध राखड़ डंपिंग से लोगों में आक्रोश

राखड़ के प्रदूषण से वार्डवासियों का जीना मुहाल, प्रशासन ने मूंदी अपनी आंखें

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

चांपा के वार्ड नंबर 01, हनुमान धारा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर राखड़ डंप किए जाने से स्थानीय नागरिकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, इस राखड़ का उपयोग जमीन को समतल करने के लिए किया जा रहा है, जिसके बाद यहां अवैध प्लॉटिंग की जाने की आशंका जताई जा रही है। इससे पहले भी इस इलाके में अवैध प्लॉटिंग के मामले सामने आ चुके हैं। लेकिन इस बार राखड़ डंप किए जाने से न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, बल्कि वार्डवासियों का जीवन भी कठिनाइयों से भर गया है। राखड़ के महीन कण हवा में उड़कर आसपास के घरों में पहुंच रहे हैं, जिससे वार्डवासियों को सांस लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस जहरीले धूल के कारण बच्चों, बुजुर्गों और दमा के मरीजों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। कई लोगों ने आंखों में जलन, गले में खराश और सांस की तकलीफ की शिकायत की है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि राखड़ की परतें उनके घरों, कपड़ों, बर्तनों और पानी तक में जम रही हैं, जिससे साफ-सफाई बनाए रखना भी मुश्किल हो गया है।

बिना अनुमति हो रहा है राखड़ डंप, प्रशासन मौन-सूत्रों के अनुसार, इस राखड़ डंपिंग के लिए न तो प्रशासन से कोई अनुमति ली गई है और न ही खनिज विभाग की ओर से इसकी जांच की गई है। वार्डवासियों का कहना है कि जब भी इस मुद्दे को उठाया जाता है, तो जिम्मेदार अधिकारी मामले को नजरअंदाज कर देते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि इस अवैध गतिविधि पर तुरंत रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

अवैध प्लॉटिंग की साजिश, पर्यावरण को गंभीर खतरा-हनुमानधारा क्षेत्र में पहले भी अवैध प्लॉटिंग के मामले सामने आए हैं। जानकारों का कहना है कि जमीन को समतल करने के बाद इस इलाके में अवैध रूप से प्लॉट बेचे जाएंगे, जिससे सरकारी राजस्व को भी नुकसान होगा। लेकिन इस प्रक्रिया में पर्यावरण का भी भारी नुकसान हो रहा है। राखड़ के अंधाधुंध इस्तेमाल से मिट्टी की गुणवत्ता खराब हो रही है, जिससे भविष्य में इस भूमि पर किसी भी प्रकार की खेती या वृक्षारोपण असंभव हो सकता है।

कलेक्टर ने केंद्र अध्यक्षों को दिए सख्त निर्देश, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

बोर्ड परीक्षा में नकल रोकने की कड़ी तैयारी

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

आगामी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर कलेक्टर आकाश छिकारा ने महत्वपूर्ण बैठक ली। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में आयोजित बैठक में सभी परीक्षा केंद्र अध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए गए। मार्च के पहले सप्ताह में होने वाली 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए विशेष तैयारियों पर जोर दिया गया। कलेक्टर छिकारा ने परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों में छात्रों को समय पर उत्तर पुस्तिका और प्रश्न पत्र का वितरण सुनिश्चित किया जाए। नकल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के साथ ही परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के निर्देश दिए गए। केंद्र अध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर निगरानी रखने और परीक्षा को निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने का निर्देश दिया गया। विशेष रूप से छात्रों को अनुकूल परीक्षा वातावरण उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने स्पष्ट चेतावनी दी कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा से किया गया दंडित

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की उत्कृष्ट विवेचना

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदा बाजार
www.dailypioneer.com

जिला बलौदा बाजार के ग्राम तरेंगा निवासी योगेशमूर्ति अग्रवाल को लकड़ी के डंडे से मारकर हत्या की घटना कारित करने वाले आरोपी टीकाराम पटेल उर्फ रॉकी निवासी ग्राम तरेंगा को धारा 302 भादवि के आरोप में न्यायालय अतिरिक्त अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा कु. स्मिता रत्नावत द्वारा आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया गया है। घटना थाना भाटापारा ग्रामीण अंतर्गत ग्राम तरेंगा की है, जहाँ प्रार्थी द्वारा थाना भाटापारा ग्रामीण में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 04.03.2024 की सुबह 06.30 बजे उसके पिता मार्निंग वाक मे टहलने के लिए घर से निकले व गाँव के नैया पार तालाब में मार्निंग वाक कर रहे थे। तभी आरोपी अपने हाथ मे डंडा लेकर मौके पर आया और प्रार्थी के पिता की हत्या करने की नियत से हाथ मे रखे लकड़ी के डंडे से सिर मे ताबड़तोड़ मारने लगा, जिससे प्रार्थी के पिता जमीन पर गिर गए तथा उनकी मृत्यु हो गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर जप्ती, पंचनामा, मेमोरंडम, नक्शा, साक्षियों के कथन लेखबद्ध करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर प्रकरण में संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के समक्ष उक्त प्रकरण में अभियोजन साक्षियों के बयान पूर्ण होने पर माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा स्मिता रत्नावत द्वारा प्रकरण की गंभीरता, अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों का परिशीलन करते हुए अभियुक्त टीकाराम पटेल को धारा 302 भादवि के तहत आजीवन कारावास एवं 500 अर्थदंड से दंडित किया है। शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव द्वारा एवं प्रकरण की संपूर्ण विवेचना निरीक्षक अमित पाटले द्वारा किया गया है।

विनय मिश्रा का मृत शरीर मानवता की भलाई के लिए दान

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

आदित्य नगर, दुर्ग निवासी विनय मिश्रा के मरणोपरांत उनका मृत शरीर मानवता की भलाई के लिए चिकित्सा अध्ययन हेतु मैकाहारा रायपुर को दान किया गया। देहदान हेतु 2017 में मिश्रा परिवार के चार सदस्यों रवि मिश्रा, मुन्नी मिश्रा, वर्षा मिश्रा और विनय मिश्रा ने पनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी के माध्यम से देहदान की वसीयत जारी की थी। जिसमें स्व.रवि मिश्रा के मरणोपरांत 4 मार्च 2018 को मरणोपरांत देहदान किया जा चुका है। उनके पश्चात उनके पुत्र विनय मिश्रा के मरणोपरांत उनकी भी पार्थिव काया चिकित्सा अध्ययन एवं अध्यापन हेतु दान की गई। दिवंगत विनय मिश्रा की मृत्यु की सूचना परिजनों द्वारा प्रनाम के अध्यक्ष पयन केसवानी को दिए जाने के पश्चात देहदान की औपचारिकता संपन्न करवाई गई। देहदान के इस पुनीत कार्य हेतु मृतक विजय मिश्रा की मा मुन्नी मिश्रा, बहन वर्षा मिश्रा के अलावा प्रनाम के स्वयंसेवक पयन केसवानी, देवेंद्र लहरी और राकेश साहू ने अपनी विशेष सहभागिता प्रदान की। प्रनाम द्वारा 2017 वर्षों से लगातार छत्तीसगढ़ के विभिन्न मेडिकल कॉलेज के नाम 2121 लोगों की दादान की वसीयत जमा करवाई जा चुकी है। जिसमें 229 लोगों के मरणोपरात उनकी पार्थिव काया सतीसगढ़ के विभिन्न मेडिकल कॉलेज में अध्ययन एवं अध्यापन कार्य के माध्यम वी मानवता की समाई के लिए समर्पित की हो चुकी है।

खोडरी गांव में दो नाबालिग लड़कियों की पानी में डूबने से दर्दनाक मौत

कोरबा। जिले के कटघोरा थाना क्षेत्र से एक बड़ी दुर्घटना की खबर सामने आई है। जटगा चैकी इलाके के खोडरी गांव में दो नाबालिग लड़कियों की पानी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। दोनों लड़कियां नहाने के लिए गई थी, जहां यह हादसा हुआ। मृतक लड़कियों की उम्र करीब 10 से 11 साल के बीच बताई जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल से दोनों के शव बरामद किए और उन्हें तुरत तुमान के अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना से गाव में शोक की लहर है और परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है

शिवरीनारायण मेले में मृतक के शरीर पर चाकू के कई निशान, पुलिस ने 16 घंटे में आरोपियों को पकड़ा

पायनियर संवाददाता ➤ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

शिवरीनारायण मेले में युवक की हत्या मामला में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 9 नाबालिग समेत 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. मामले में सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं घटना के बाद से एसपी ने शिवरीनारायण मेले की सुरक्षा बढ़ाने और नदी किनारे प्रकाश व्यवस्था बढ़ाने के लिए निर्देश दिए हैं। पुलिस ने बताया कि मृतक के पीठ और सीने पर चाकू से हमले के कई निशान मिले हैं. 16 घंटे के भीतर हत्या की वारदात में शामिल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें 9 नाबालिग शामिल है. डाक्टर ने पोस्ट मार्टम कर शव को परिजनों को सौंप दिया है.दरअसल, शिवरीनारायण मेले की शुरुआत हुई। मेले में घूमने बलौदाबाजार जिले के मोहतरा गांव से कुछ युवक आए थे, जहां मेला की भीड़ में अन्य युवकों से टकराने को लेकर विवाद हुआ. दोनों पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दर्जन भर से अधिक लड़कों ने आपस में मारपीट शुरू कर दी और चाकू से हमला कर दिया। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी हालत गंभीर होने के कारण उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है।

खोखरा की मुर्गा दुकानों में लौटी रौनक

पंचायत चुनावी जोश में तंदूर पर चढ़ रहे कबाब

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

गांव में पंचायत चुनाव का बुखार चढ़ते ही खोखरा की मुर्गा दुकानों पर भी रौनक लौट आई है। नेताजी की चौपालों से लेकर समर्थकों की बैठकों तक, हर जगह चुनावी चर्चाओं के साथ तंदूरी चिकन और मसालेदार कबाब की खुशबू घुल रही है। जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे प्रत्याशियों के समर्थकों की भीड़ मुर्गा दुकानों पर उमड़ रही है। दिनभर के प्रचार के बाद जब शाम होती है, तो गांव के नुक्कड़ों पर चुनावी रणनीतियों के बीच तंदूरी मुर्गे की प्लेटें सजने लगती हैं।

दुकानदार भी खुश हैं- एक ने मुस्कुराते हुए कहा, पिछली बार के चुनाव में भी बिक्री तीन गुना बढ़ गई थी, इस बार तो और भी जोरदार धंधा हो रहा है! इधर, कुछ प्रत्याशियों के समर्थक खाने के साथ-साथ चुनावी वादों पर भी गर्मा-गर्म बहस छेड़ देते हैं। कोई कहता है, हमारे प्रत्याशी आएंगे तो सड़कें चमका देंगे, तो दूसरा जवाब देता है, अरे पहले ये तंदूरी मुर्गा खत्म कर लो, फिर बहस करेंगे! गांव में चुनावी बुखार बढ़ रहा है, और साथ ही बढ़ रही है खोखरा की मुर्गा दुकानों की कमाई। अब देखना यह है कि सरपंच की कुर्सी तक कौन पहुंचेगा, लेकिन फिलहाल तो कबाब और मुर्गे की प्लेटें ही सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोर रही हैं।

सोने चांदी के जेवर व नगदी रकम चोरी करने वाले आरोपी को थाना विश्रामपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस अधिकारियों को चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने, आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर पैनी नजर रखने एवं सूचना तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए थे। ग्राम टांगर थाना कांसाबेल जिला जशपुर निवासी प्रार्थियां आरती कौशिक ने थाना विश्रामपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 14.02.2025 को सपरिवार भांजा के शादी में शामील होने अग्रसेन भवन विश्रामपुर आये थे शादी होने के बाद 15.02.25 के करीब 4.30 बजे सभी सो रहे थे तभी कोई अज्ञात चोर कमरे में घुसकर मेरे पर्स से सोने का कान का टप्स तथा नगदी रकम 4 हजार रूपये चोरी कर लिया तथा दूसरे कमरे में सो रही दीदी के पर्स से 1 जोड़ी चांदी का पायल, सोने का मंगलसूत्र एवं 1500 सौ रूपये नगदी चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 303(4), 305(ए) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। थाना विश्रामपुर पुलिस ने विवेचना के दौरान संदेही अभिषेक गुप्ता पिता स्व. प्रेम गुप्ता उम्र 19 वर्ष ग्राम तलवापारा, थाना विश्रामपुर को पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर सोने का टप्स, 1 जोड़ी चांदी का पायल, सोने का मंगलसूत्र व नगद 3900 रूपये जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी विश्रामपुर अलरिक लकड़ा, प्रधान आरक्षक सोहरलाल पावले, आरक्षक योगेश्वर सिंह, शिवकुमार राजवाड़े, आसिफ अख्तर व कुंदन सिंह सक्रिय रहे।

लाखों श्रद्धालु भक्तों ने लगाई डुबकी महानदी, शिवनाथ और जोंक नदी के संगम पर

शिवरीनारायण के विशाल मेले का शुभारंभ माघी पूर्णिमा के साथ

पायनियर संवाददाता ➤ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

शिवरीनारायण को धर्म शास्त्रों में गुप्त प्रयाग के रूप में माना गया है। यहां महानदी, शिवनाथ एवं जोक नदी की त्रिवेणी संगम प्रवाहित है जिसमें लोग डुबकी लगाकर अपना जीवन धन्य बनाते हैं। इसकी महिमा प्रयागराज की तरह ही है। गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज ने श्री रामचरितमानस में लिखा है कि देव दनुज किन्नर नर श्रेणी। सदर मज्जहिं सकल त्रिवेणी।। अर्थात देवता,दानव, किन्नर और यक्ष सभी विविध शरीर धारण करके त्रिवेणी संगम में उपस्थित होकर स्नान करके अपने शरीर को पवित्र कर मोक्ष को प्राप्त होते हैं। उन्होंने आगे लिखा है पूजहिं माधव पद जल जाता। अर्थात त्रिवेणी संगम में स्नान करने के पश्चात लोग उस भगवान की पूजा अर्चना करते हैं जिसका पैर जल में समाया हुआ है। यह साक्षात दर्शन भगवान श्री शिवरीनारायण जी के दरबार में दर्शनार्थियों को देखने को प्राप्त होता है। भगवान के चरणारविंद में रोहिणी कुंड स्थित है। इसका दर्शन करके लोग मोक्ष को प्राप्त करते हैं। परसि अक्षय बटु हरसहिं गाता। अर्थात अक्षय वट का स्पर्श करके लोग हर्षित हो जाते हैं। शिवरीनारायण धाम की यह महिमा है कि यहां कृष्णवट स्थित है इसका महत्व भी अक्षय वट की तरह ही है। यह अविभाजित मध्य प्रदेश का सबसे विशाल एवं आध्यात्मिक, स्वस्पूर्त मेला है। यहां लोग जन्म-जन्मांतर से अपने पूर्वजों को, पितरों को, अपने परिवार को भवसागर से पार उतारने के लिए त्रिवेणी संगम में स्नान कर भगवान के शरण में आते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज पीठाधीश्वर श्री शिवरीनारायण मठ ब्रह्म मुहूर्त में सुबह 3:30 बजे त्रिवेणी संगम बावा घाट पर अपने सहयोगियों सहित उपस्थित हुए। उन्होंने चित्रोत्पला गंगा की विधिवत पूजार्चना करके संगम में डुबकी लगाकर विश्व कल्याण की कामनाएं की। नदी में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ रात्रि 2:00 बजे से ही प्रारंभ हो गई थी। सभी घाट श्रद्धालु भक्तों से भरा पड़ा था। अनुमान है कि लाखों की संख्या में लोगों ने संगम में स्नान किया।

सुबह 4:00 बजे पट खुला बड़े मंदिर का-सुबह 4:00 बड़े मंदिर के पुजारी परिवार से वीरेंद्र तिवारी एवं हरीश तिवारी राजेश्री महन्त महाराज के लिए बुलावा लेकर आए। महाराज जी के पहुंचते ही बड़े मंदिर का पट दर्शनार्थियों के लिए खोला गया। यहां भगवान शिवरीनारायण की घंटी, विजय घंट, शंख ध्वनि, नगाड़े के साथ विधिवत् आरती की गई। स्तुति गान के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। तत्पश्चात मंदिर आम दर्शनार्थियों के लिए खोला गया। इसी के साथ छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े मेले का शुभारंभ हो गया।

दर्शनार्थियों की लंबी लाइन-माघी पूर्णिमा के अवसर पर दूर-दूर से आए हुए दर्शनार्थियों की भारी भीड़ मंदिर के बाहर एकत्र थी। लोग भगवान का दर्शन करने के लिए घंटों अपने स्थान पर अपनी बारी की प्रतीक्षा करते हुए नजर आए। उन्हें बारी- बारी से मंदिर में दर्शन के लिए प्रवेश दिया गया।

मठ में विराजित भगवान जगदीश मंदिर की पूजा अर्चना-बड़े मंदिर में पूजा अर्चना संपन्न होने के पश्चात राजेश्री महन्त जी महाराज ने मठ मंदिर में विराजित भगवान जगदीश मंदिर में पूजा अर्चना पूर्ण करके लोगों को तुलसी पत्र प्रसाद का वितरण किया। लोग भारी संख्या में उपस्थित होकर भगवान की स्तुति, आराधना करते हुए दिखाई दिए।

रात भर चला भजन कीर्तन-शिवरीनारायण का मेला पूर्णतः आध्यात्मिक मेला है। यहां लोग अपने जन्म - जन्मांतर के पापों से मुक्ति पाने के लिए तथा मोक्ष प्राप्ति के लिए भगवान का दर्शन प्राप्त करने हेतु पधारते हैं। लोग पूरे रात भर जगह-जगह पर एकत्रित होकर भजन कीर्तन एवं भगवान के नाम का सुमिरन करके रात्रि जागरण करते हैं। पूरे रात भर नगर के सभी दिशाओं से भगवान के भजन, कीर्तन की आवाज़ आ रही थी। लोग राम जय राम जय जय राम, सीता राम जय सीताराम, सीताराम जय सीताराम, सीताराम सीताराम, राधे श्याम जय सीताराम, रामचंद्र कृपालु भजमन हरण भवभय दारुणम आदि भजन कीर्तन करते हुए सुनाई दे रहे थे।

श्रद्धालुओं ने किया दीपदान-माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर माता -बहनों एवं श्रद्धालु भक्तों ने हजारों की संख्या में महानदी के त्रिवेणी संगम पर दीपदान करके पुण्य लाभ अर्जित किया। प्रसिद्ध कहावत है जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथ। अर्थात भगवान जगन्नाथ जी के प्रसाद प्राप्त करने के लिए लोग ललायित रहते हैं इसे ध्यान में रखकर प्रतिवर्ष मठ मंदिर में समाज सेवियों के द्वारा खिचड़ी प्रसाद की व्यवस्था व्यापक मात्रा में की जाती है। प्रसाद वितरण का शुभारंभ महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त महाराज ने किया। प्रकाश बंसल एवं उसके परिवार ने लोगों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की थी जिसे लोग सपरिवार प्राप्त कर रहे थे। अग्रवाल परिवार के सभी लोग सेवा में अपना हाथ बटाते हुए दिखाई दिए। नगर के अनेक स्थानों में भी समाज सेवियों के द्वारा नगर में पधारने वाले श्रद्धालु भक्तों के लिए प्रसाद की व्यवस्थाएं की गई थी।

टीजर के साथ सामने आया विजय की अगली फिल्म का नाम, एक्शन और स्टंट करते नजर आए एक्टर

विजय देवरकोंडा की फिल्म, जिसे अस्थाई रूप से वीडी 12 कहा जा रहा था, उसके टाइटल का खुलासा हो गया है। दरअसल, आज बुधवार को फिल्म का टीजर रिलीज हुआ है। इसी में फिल्म के टाइटल से परदा उठा है। और फिल्म का नाम है, किंगडम। यह फिल्म इसी साल मई में रिलीज होगी।

विजय ने दिखाया एक्शन

आज जारी हुए टीजर में विजय देवरकोंडा एक्शन का दम दिखाते नजर आए हैं। टीजर करीब एक मिनट 55 सकेंड का है। जैसा की इसका नाम है किंगडम, फिल्म की कहानी भी वैसी है। टीजर सितारा एंटरटेनमेंट के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। फिल्म का निर्देशन गौतम तिन्नानुरी ने किया है।

विजय देवरकोंडा ने साझा किया पोस्ट

टीजर में विजय देवरकोंडा जेल में कैद नजर आए हैं। यह फिल्म 30 मई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। विजय देवरकोंडा ने भी पोस्ट साझा कर फिल्म के टाइटल का जिक्र फैंस से किया है। उन्होंने लिखा है, फिल्म का नाम किंगडम है। सवाल, गलतियां, रक्तपात और नियति...।

यूजर्स ने दी प्रतिक्रिया

टीजर पर यूजर्स की प्रतिक्रिया आ रही हैं। टीजर हिंदी भाषा में भी जारी हुआ है। बता दें कि फिल्म के हिंदी वर्जन में रणबीर कपूर आवाज दे रहे हैं। यूजर्स को उनका अंदाज पसंद आ रहा है। इस फिल्म को हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। सिनेमाघरों के बाद यह ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

श्रीलीला के हाथ लगी अनुराग बसु की फिल्म!

श्रीलीला कई फिल्मों के जरिए अपनी खास पहचान बना चुकी हैं। अब खबर है कि वह बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन के साथ रोमांटिक फिल्म में नजर आने वाली हैं, जिसका पहले नाम आशिकी 3 बताया जा रहा था। हालांकि, अब फिल्म का नाम आशिकी 3 नहीं है, क्योंकि इस शीर्षक पर विवाद जारी है। ऐसे में फिल्म के शीर्षक को लेकर आधिकारिक एलान होना बाकी है। वहीं, अब फिल्म की मुख्य नायिका को लेकर दिलचस्प जानकारी सामने आई है।

तृप्ति थीं फिल्म के लिए पहली पसंद

इससे पहले खबर थी कि फिल्म में अभिनेत्री तृप्ति डिमरी की लिया गया था। हालांकि, बाद में कुछ कारणों से फिल्म से बाहर हो गईं। तृप्ति के फिल्म से बाहर होने को लेकर कई धारणाएं बनाई गईं कि किरदार के मासूम चेहरे की मांग के कारण तृप्ति को बाहर किया गया है, क्योंकि वह रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल में अपने प्रदर्शन के कारण फैंस के बीच बोल्ड इमेज बना चुकी हैं। हालांकि, अनुराग बसु ने इन बातों का खंडन करते हुए कहा था कि ये बातें सच नहीं हैं और तृप्ति भी यह जानती हैं। फिल्म की अभिनेत्री बनीं श्रीलीला अब फिल्म के लिए नई अभिनेत्री को चुन लिया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्देशक अनुराग बसु की मुख्य महिला अभिनेत्री की तलाश आखिरकार श्रीलीला पर आकर रुकी। प्रोडक्शन से जुड़े एक करीबी सूत्र का कहना है कि यह प्रोजेक्ट उनके पास गया था और वह अपनी दूसरी बॉलीवुड फिल्म का हिस्सा बनने के लिए बेहद उत्साहित हैं। तृप्ति डिमरी के बाहर होने के बाद से यह फिल्म चर्चा में थी, जिसके कारण फिल्म की टीम ही जानती है।

टीम जल्द करेगी आधिकारिक घोषणा

अनुराग बसु की अगली फिल्म पहले से ही काफी चर्चा बटोर रही है और कलाकारों के बारे में अटकलें केवल उत्साह को बढ़ाती हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि साउथ इंडस्ट्री की सेंसेशन श्रीलीला को कार्तिक आर्यन के साथ जोड़ा जाएगा। यह एक दिलचस्प जोड़ी होगी, जिसे देखना दिलचस्प होगा। श्रीलीला अपने करियर में इस नए रोमांटिक रोमांच की शुरुआत करने के लिए उत्सुक हैं, जबकि उनकी टीम जल्द ही एक भव्य घोषणा करने के तरीकों की तलाश कर रही है।

अगली फिल्म में प्रभास के साथ नजर आएंगे अनुपम खेर

अनुपम खेर के हाथ एक और फिल्म लगी है। वे साउथ सुपरस्टार प्रभास के साथ इसमें काम करेंगे। यह जानकारी खुद अनुपम खेर ने साझा की है। मूल रूप से साउथ की इस फिल्म को मैत्री मूवीज के बैनर तले बनाया जाएगा। वहीं, इसके निर्देशन की कमान भी साउथ के लोकप्रिय निर्देशक हनु राव राघवपुडी के हाथ है। अनुपम खेर की यह 544वीं फिल्म है। अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से प्रभास के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इसके साथ लिखा है, अनाउंसमेंट- यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मेरी 544वीं फिल्म भारतीय सिनेमा के बाहुबली प्रभास के साथ है! फिल्म का टाइटल अभी तय नहीं है। इस फिल्म को बेहद प्रतिभाशाली निर्देशक हनु राव राघवपुडी निर्देशित करेंगे। अनुपम खेर ने आगे लिखा है, इस फिल्म को मैत्री मूवीज के शानदार निर्माताओं की टीम बनाएगी। कमाल की कहानी है!! और क्या चाहिए लाइफ में दोस्तों! जय हो! अनुपम खेर के पोस्ट पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं और उन्हें बधाई दे रहे हैं।

महेश बाबू के लिए बोलीं शिल्पा शिरोडकर

भारतीय तेलुगु फिल्म अभिनेता महेश बाबू को उनकी शानदार फिल्मों और एक्शन सीन को लेकर चर्चा होती रहती है। महेश बाबू का शिल्पा शिरोडकर से भी रिश्ता है। शिल्पा की बहन नम्रता शिरोडकर महेश बाबू की पत्नी हैं। शिल्पा ने अब महेश बाबू को लेकर कुछ बातें कही हैं।

बहुत हार्ड वर्क करते हैं

शिल्पा शिरोडकर ने भारती सिंह के पॉडकास्ट में कहा, वाकई उसकी उम्र कम हो रही है। इतना ही नहीं, सच में महेश सबसे अच्छे एक्टर हैं। वह बहुत ज्यादा हार्ड वर्क करते हैं। सभी अभिनेता हार्ड वर्क करते हैं, लेकिन मैं महेश का काम देखती हूं इसलिए कह सकती हूं।

वो दिन में दो बार वर्कआउट करते हैं

शिल्पा ने कहा, महेश को वे बहुत करीब से जानती हैं इसलिए कह सकती हैं कि वह दिन में दो बार वर्क आउट करते हैं। वे घर का साधारण सा खाना ही पसंद करते हैं। ये जो भी है, सब अपने माइंड और हार्ट का खेल है। शिल्पा ने बताया कि महेश बाबू को पार्टी करना भी पसंद नहीं है।

नागार्जुन ने शोभिता को दिया तंडेल की सफलता का श्रेय

नागा चैतन्य की फिल्म तंडेल को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। इससे उनके पिता नागार्जुन बेहद खुश हैं। फिल्म को मिल रही जबर्दस्त प्रतिक्रिया पर उन्होंने बेटे की पीठ थपथपाई है। साथ ही इसका श्रेय बहुरानी शोभिता धुलिपाला को भी दिया है। नागार्जुन का कहना है कि यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि नागा ने शोभिता से शादी की।

शोभिता को दिया सफलता का श्रेय

फिल्म तंडेल 07 फरवरी को रिलीज हुई। इसे काफी पसंद किया जा रहा है। हाल ही में फिल्म की सफलता का जश्न मनाते हुए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नागा चैतन्य के अलावा उनकी पत्नी शोभिता धुलिपाला और पिता नागार्जुन भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि फिल्म के लिए नागा चैतन्य ने जमकर मेहनत की। साथ ही कहा कि इसके पीछे शोभिता का भी हाथ रहा है।

शोभिता हमेशा से खास हैं

नागार्जुन बेटे की फिल्म की सफलता की खुशी पर बात करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने शोभिता को शुक्रिया कहा। साथ ही बताया कि बेटे को मिल रही इस अपार सफलता के पीछे की एक अहम वजह शोभिता हैं। नागार्जुन ने नागा चैतन्य से कहा, यह सफलता शोभिता से आपकी शादी होने की वजह से है। शोभिता हमेशा खास हैं! आगे उन्होंने शोभिता से कहा, आपने चैतन्य के लिए जो किया है, वह शानदार है। आपने उनके अंदर के अभिनेता को बाहर निकाला है। इसके अलावा नागार्जुन ने दर्शकों और फैंस का भी शुक्रिया अदा किया, जिनकी वजह से यह सफलता हासिल हो सकी।

उन्होंने फिल्म निर्माता चंदू मोंडेती, निर्माता बनी व्यास, संगीतकार देवी श्री प्रसाद और नागा चैतन्य के साथ नजर आईं साई पल्लवी सभी का शुक्रिया अदा किया।

अजय देवगन के साथ रिश्ते को लेकर बोले डायरेक्टर अनुभव

डायरेक्टर अनुभव सिन्हा ने हाल ही में अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि फिल्म कैश के दौरान उनकी और अजय देवगन की आखिरी बार बात हुई थी। फिल्म को रिलीज हुए 18 साल का समय हो गया है, लेकिन अजय और अनुभव की कभी आपस में बात नहीं हुई। डायरेक्टर ने दोनों के बीच बातचीत बंद होने का कारण बताया है।

अनुभव ने अजय से बात न होने का कारण बताया

अनुभव सिन्हा कहा, 'हमारे बीच कभी कोई लड़ाई नहीं हुई। वह बस मुझसे बात नहीं करते और मुझे नहीं पता कि ऐसा क्यों है। फिल्म कैश की मेकिंग के बाद से, हम एक-दूसरे से मिले भी नहीं हैं। शायद वो मुझे इग्नोर करते हैं या उनके मन में कुछ और भी हो सकता है। मैंने उन्हें दो-तीन बार मैसेज भी किए, लेकिन उनकी तरफ से कभी कोई जवाब नहीं मिला। इसलिए मैंने खुद से सोच लिया कि शायद वह भूल गए होंगे या उन्होंने मेरा मैसेज देखा ही नहीं होगा। लेकिन, हमें बात किए हुए लगभग 18 साल हो गए हैं।'

हमारे बीच कभी कोई विवाद नहीं हुआ

डायरेक्टर से पूछा गया कि फिल्म की शूटिंग के समय उनके बीच कोई विवाद हुआ था? जिसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा- नहीं, हमारे बीच कभी कोई विवाद नहीं हुआ था। हां, उस समय प्रोड्यूसर और फाइनेंसर के बीच विवाद हुआ था।

यारों के यार हैं अजय देवगन

डायरेक्टर अनुभव ने अजय की तारीफ करते हुए कहा- अजय मेरे पसंदीदा कलाकारों में से एक थे। मैं उन्हें एक कलाकार और एक व्यक्ति के रूप में पसंद करता था। उनके साथ रहना और काम करना मुझे अच्छा लगता था। वह यारों के यार जैसे हैं। अजय हमेशा जरूरत पड़ने पर दोस्त की मदद के लिए सबसे पहले खड़े रहते हैं।



जूनियर एनटीआर के फैंस का इंतजार होगा जल्द खत्म

जूनियर एनटीआर और प्रशांत नील की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'एनटीआर 31' की घोषणा बहुत पहले ही कर दी गई थी, लेकिन कुछ कारणों से इसकी शूटिंग शुरू नहीं हो सकी। हालांकि, अब ऐसा लग रहा है कि जूनियर एनटीआर के फैंस का इंतजार जल्द ही खत्म होगा। इस प्रोजेक्ट से जुड़ी एक अहम अपडेट सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जूनियर एनटीआर के इस आगामी प्रोजेक्ट का पहला शेड्यूल अगले हफ्ते विकाराबाद फॉरेस्ट में शुरू होने वाला है। इस फिल्म का नाम नाम 'ड्रैगन' बताया जा रहा है, रिपोर्ट्स बताती हैं कि इसके शुरुआती सीन जूनियर एनटीआर के बिना शूट किए जाएंगे। अभिनेता फिलहाल अपनी बॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'वॉर 2' की शूटिंग में व्यस्त हैं, हालांकि, निर्माताओं की ओर से अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

फिल्म में रुक्मिणी वसंत को फीमेल लीड रोल में नजर आ सकती हैं, टोविनो थॉमस कथित तौर पर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, फिल्म 9 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

डौंडी नगर पंचायत में भाजपा की मोहन्तिन चौरका बनी अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत डौंडी में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी मोहन्तिन चौरका ने भाजपा का परचम लहरा दिया। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा। मोहन्तिन चौरका ने कहा कि पंचायत के सभी वार्ड मैं सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करती हूँ। कार्यकर्ताओं को भी धन्यवाद देती हूँ। जनता ने मुझ पर जो विश्वास दिखाया, उसे पर मैं खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगी। इस ऐतिहासिक जीत में अपने हर उस कार्यकर्ता को धन्यवाद देना चाहती हूं, जिसने मेरे लिए गली गली, मोहल्ला मोहल्ला जाकर काम किया है। डौंडी नगर पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने एकजुटता दिखाई। अब सभी की मेहनत रंग लाई और इस बार नगर का मिथक तोड़ते हुए भाजपा ने अपना परचम लहराया है। जैसे-जैसे जीत का आंकड़ा सामने आया, भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिला। भाजपा ने भव्य रैली भी निकाली।

डौंडी नगर पंचायत चुनाव परिणाम जानिए कैसी रही जीत

पहले ही चरण से500 मतों से मोहन्तिन चौरका ने लीड ली। फिर एक से लेकर 15 वार्ड तक सभी वार्डों मिला कर अध्यक्ष प्रत्याशी अव्वल रहीं। गौरतलब है की डौंडी नगर सरकार के लिए 11 फरवरी को डौंडी नगर पंचायत में हुए चुनाव का परिणाम शनिवार को घोषित किया गया, जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए भाजपा के मोहनतीन चौरका विजय हुई है। उन्हें 1831 वोट, निर्दलीय कमलेश्वरी कोरटीया 1384 और कांग्रेस के खेमिनबाई लाटीयां को 1161 वोट मिले । इस चुनाव मे कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही राजनीतिक दृष्टिकोण से कांग्रेस के गढ़ कहे जाने वाले डौंडी नगर पंचायत के चुनाव में इस बार कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। उसका मात्र एक पार्षद ही चुनाव जीतने में सफल हुआ हैं। वहीं भाजपा के 8 और निर्दलीय 6 प्रत्याशी चुनाव जीतकर आए हैं। इस चुनाव में आठ लोगों की जमानत भी जप्त हो गई है जिसमें भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय शामिल हैं। निकाय चुनाव में कई दिग्गजो कि हार हुई वही तीन पुराने पार्षद पुनः जीतकर आए हैं रिटर्निंग ऑफिसर रामकुमार सोनकर के नेतृत्व में शनिवार को सुबह 9 बजे नगर पंचायत डौंडी के सांस्कृतिक भवन में ईवीएम के माध्यम से वोटों की गिनती प्रारंभ हुई और 10 बजे रुझान आने लगा था दोपहर 12 बजे तक स्थिति साफहो गई और अध्यक्ष पद के साथ 8 पार्षद भाजपा के चुनाव जीतने में सफल हुए हैं रिटर्निंग आफिसर द्वारा घोषित परिणाम के अनुसार नगर पंचायत डौंडी के चुनाव में वार्ड 1 में भाजपा के अमरिका ठाकुर को 163 वोट मिले कांग्रेस की रामेश्वरी कोठारी को 121, वार्ड 2 से भाजपा के भुनेश्वरी कुंभकार को 246 कांग्रेस के देवलीबाई धनकर को 132 वार्ड 3 में निर्दलीय ममता जैन को 144 भाजपा के बरखा जैन को 117 और कांग्रेस के रंजीता पोटाई को 78 वोट, वार्ड 4 में भाजपा के यदुनंदन देवहारी को 175 कृष्णा कोमा को 81 कांग्रेस के गौतम देवहारी कांग्रेस को 44, वार्ड 5 में भाजपा के रेखा चौहान को 123 वोट कांग्रेस के समीर धुर्वे को 108, वार्ड 6 भाजपा के प्रशांत नेताम को 160 कांग्रेस के छगन लेनेपांडे को 129, वार्ड 7 भाजपा के संजीव कुमार मानकर को 111 कांग्रेस के कमलेश कामडे को 55 निर्दलीय संतोष डेविड को 44, मेहुल लटिया को 15, वार्ड 10 निर्दलीय किरण बंजारे 276 कांग्रेस के पूजा बघेल को 77 भाजपा के सावित्री गोयल को ,54 वार्ड वार्ड 11 के में निर्दलीय सुशील कुमार अमला को 145 भाजपा के मदन ठाकुर को 136, वार्ड 12 कांग्रेस के सौरभ कुमार को 159 भाजपा के निलेश जायसवाल को 106 निर्दलीय सोनाली वाल्मीकि को 13 वीरेंद्र कुमार जैन को 9,,वार्ड 13 भाजपा के हितेंद्र कुमार धनकर को 123 कांग्रेस के सुनील राठौर को 118 वार्ड 14 भाजपा के अनिल निर्मल को 165 कांग्रेस के बलिराम धनकर को 112 निर्दलीय जीरखु राम मालेकर को 38,,वार्ड 15 निर्दलीय अनिल कुमेटी को 165 भाजपा के मुकेश कुमार को 12 कांग्रेस के देव कुमार लाटिया को 7 वोट मिले इस प्रकार नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस से गौतम देवहारी निर्दलीय मेहुल लटिया, सावित्री गोयल, बीरेंद्र जैन, सोनाली वाल्मीकि, जिरखुराम मालेकर, भूपेंद्र कुमार कांग्रेस के देव कुमार लाटिया की जमानत जप्त हो गई है। भाजपा के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, नेता यशवंत जैन नगर पंहुच कर जीते प्रत्याशियों को शुभकामनायें दी। वहीं कुछ वोटो के अंतर से पीछे रहे प्रत्याशी का मनोबल बढ़ाते हार के कारण की समीक्षा करने की बात कही। डौंडी निकाय चुनाव के संयोजक दिनेश अग्रवाल जिला प्रतिनिधि मनीष झा, मंडल अध्यक्ष रुपेश नायक, अजय चौहान, राम नारायण धनकर, राजेन्द्र नाहर, विशाल जैन, रुपेश ढेलड़िया, विनय जायसवाल, लाल चंद जैन, मातरम दास कोसरे, शिवम दुबे, निखिल अग्रवाल, अभिषेक भारद्वाज, रजनी जायसवाल, राधिका भारद्वाज सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपाइयो ने खुशिया मना कर नगर वाशियों का आभार माना।

चिखलाकसा नगर पंचायत में भी खिला कमल, भाजपा की कुंती देवांगन बनी अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत चिखलकसा में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी कुंती देवांगन ने 647 वोट से जीत हासिल किया। भारतीय जनता पार्टी की कुंती देवांगन नगरपंचायत चिखलाकसा में 1902 वोट प्राप्त किया वहीं कांग्रेस की रत्ना वेंकट राव को 1255 वोट मिले एवं नोटा के रूप में 42 वोट गए द्य कुल 3199 वोट डाले गए जहां भारतीय जनता पार्टी के कुंती देवांगन ने 647 वोट से जीत दर्ज की। चिखला कसा वार्ड पार्षदों की वार्ड 1 मे भारतीय जनता पार्टी के हेम कुमार तारम जीते उन्हें 100 वोट प्राप्त हुए। गणेश्वर रावटे कांग्रेस को 25 वोट प्राप्त हुए। वार्ड 2 में भारतीय जनता पार्टी के शांतनु विजय प्राप्त किया। उन्हें 141 वोट प्राप्त हुए कांग्रेस के धीरज लाल मारकंडे को 129 वोट प्राप्त हुए। वार्ड 3 में बीजेपी के ताराचंद ने 212 वोट प्राप्त कर विजय किये कांग्रेस के उमेश कुमार को 62 वोट प्राप्त हुए। वार्ड 4 में राजू रावटे निर्विरोध पार्षद चुने गए हैं। वार्ड 5 में कांग्रेस के बसंत कुमार ने 141 वोट प्राप्त कर विजय प्राप्त किया, भाजपा के तिहारू राम आर्य को 132 वोट मिले। वार्ड 6 में भाजपा के खेदु राम सिंह 75 वोट प्राप्त कर विजय प्राप्त किया। कांग्रेस के हेमंत पटेल को 36 निर्दलीय राजकुमार विश्वकर्मा को 66 श्रद्धा राजपूत को 7 वोट प्राप्त हुए। वार्ड 7 में भिखी मासिया 125 और प्राप्त कर भाजपा से विजय प्राप्त किये कांग्रेस के अंजू लता भंडारी 64 वोट प्राप्त किया। वार्ड 8 में ललेश्वर टेकाम भाजपा से 85 वोट प्राप्त कर विजय प्राप्त हुए। कांग्रेस के वेंकट राव को 67 वोट प्राप्त हुआ। वीरेंद्र पासवान को 64 वोट मिले। वार्ड 9 कांग्रेस के नूतन दास 96 वोट प्राप्त कर विजय प्राप्त किया वहीं भाजपा के नीलिमा नरेंद्र भारद्वाज को 45 वोट प्राप्त हुआ चिन्ना को 44 वोट मिले। वार्ड 10 में भाजपा के सुनीता गुप्ता 90 वोट प्राप्त कर विजय प्राप्त किए। कांग्रेस के प्रेरणा सिंह को 32 एवं दीपिका विश्वकर्मा को 29 वोट मिले। वार्ड 11 में बसंत जैन ने 83 वोट प्राप्त कर विजय प्राप्त किया। कांग्रेस के जालम यादव को 70 वोट मिले। वार्ड 12 में संध्या शर्मा बीजेपी को भाजपा के संध्या शर्मा को 132 वोट मिले कांग्रेस के गिरजा निषाद ने 31 वोट प्राप्त किया। पूनम धुरिया को 59 वोट मिले। वार्ड नंबर 13 में भाजपा के विमला जैन ने 96 वोट पाकर विजय हासिल की वही कांग्रेस के मेरी मैथयू को 92 वोट मिले। वार्ड 14 में संतोष झा निर्दलीय प्रत्याशी ने 53 वोट प्राप्त कर विजय प्राप्त किया, वहीं भाजपा के गोविंद कुमार शर्मा को 30 नरेंद्र कुमार को 8 हेमलता 33, टी. नायडू 18, विल्सन को 27 वोट मिले। वार्ड 15 में बीजेपी के लीलाधर ने 152 वोट प्राप्त कर विजय प्राप्त की एवं कांग्रेस के शकुंतला यादव को 94 वोट मिले।

राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में 45 बच्चे अनुपस्थित

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2024 25 का आयोजन जिले में सफ्लतापूर्वक सम्पन्न हो गया। शहर के शासकीय आदर्श बालक स्कूल बेमेतरा में एनएमएसएसई कक्षा आठवीं का प्रथम पाली 10:00 बजे से 11:30 बजे तक के परीक्षा केंद्र में बेमेतरा कलेक्टर रणबीर शर्मा के द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें कुल पांच कमरों व हाल में कुल 1119 छात्रों में से 1074 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 45 बच्चे अनुपस्थित रहे। कुल 95त्न से अधिक बच्चे उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय साथ में परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष संतराम साहू, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे, डीएमसी नरेन्द्र वर्मा, सहायक जिला परियोजना अधिकारी भूपेन्द्र कुमार साहू, पर्यवेक्षक शिक्षक व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। द्वितीय पाली 1:00 से 2:30 बजे तक के परीक्षा में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर

बंजारे ने बेरला विकास खंड के दो जगहों पर चल रहे राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा एनएमएसएसई 2024-25 परीक्षा के परीक्षा केंद्र शासकीय महाविद्यालय बेरला का निरीक्षण किये। 16 कमरों में कुल 502 बच्चों में से 484 बच्चे उपस्थित पाये गये तथा 18 बच्चे अनुपस्थित रहे। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला बेरला में 06 कमरों कुल 240 बच्चों में से 233 बच्चे उपस्थित थे। उपस्थिति 96% से अधिक तथा 07 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। निरीक्षण के समय कन्या शाला बेरला के प्राचार्य पूर्णिमा दास, एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू, भूपेंद्र परगनिया, बीआरसी बेरला खोम लाल साहू, एबीईओ बेरला नारायण ठाकुर एवं अधेश उईके, पर्यवेक्षक गण व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा शांतिपूर्वक एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित पाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने बताया कि भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत राज्य के कक्षा 8वीं में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करना है, ताकि वे आठवीं कक्षा के बाद पढ़ाई बीच में ही न छोड़ दें और उन्हें माध्यमिक स्तर पर पढ़ाई जारी रखने के लिए छात्रवृत्ति प्रदान कर प्रोत्साहित किया जा सके।

जिला पंचायत प्रत्याशी मीना ने क्षेत्र में किया जनसम्पर्क, वोट की अपील की

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत प्रत्याशी मीना उमाशंकर साहू जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम डुडिया, मटेवा, गब्दी, ओड़ारसकरी, चीचा, गोरकापार, तिलखैरी एवं सलोनी में जनसंपर्क की और ग्राम वासियों से 23 फरवरी को होने वाले मतदान में दो पत्ती छाप को वोट देने की अपील की। इस दौरान ग्रामवासियों द्वारा आत्मीय स्वागत और प्रत्याशी के प्रति समर्थन जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 में मीना उमाशंकर साहू की जीत का प्रतीक है। संतु राम पटेल अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अर्जुंदा, कुलेश्वर देशमुख, उमाशंकर साहू, जीवन बांदे, रेवाराम सिन्हा, सेवाराम पिपरिया, युवराज साहू, सागर साहू, लीलाधर साहू, डोमन मरकाम, संतोषी सिन्हा, ललिता भूआर्य, कन्हैया साहू, राम सिंह धनकर, चंद्रकांत साहू, टैक सिंह साहू, झमन यादव, गोपेश्वर साहू, नरेंद्र कुमार यादव, चेतन यादव, बुधर देशमुख, गिरधर देवांगन, चमन धनकर, चित्रांश, हलधर धनकर, राधिका साहू, लामेश्वरी धनकर, दिलेश्वरी देशमुख, पीतेश्वरी साहू, खिलेश्वरी ठाकुर, कमला पटेल, बिंदा निर्मलकर, योगेश्वरी साहू, दिलेश्वरी साहू, शकुन यादव सहित क्षेत्रवासी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

मड़मड़ा में स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का हुआ अभूतपूर्व स्वागत

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाभाग हिंदूराष्ट्र अभियान के अंतर्गत मड़मड़ा पहुंचे। जहां उनका आदित्यवाहिनी के सदस्यों एवं ग्रामवासियों ने अभूतपूर्व स्वागत किया। ऋग्वेदीय पूर्वामनाय गोवर्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर अनंत विभूषित श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाभाग के दर्शन हेतु समस्त ग्रामवासी उमड़ पड़े थे। जिनके द्वारा प्रातःकालीन सत्र में पादुकापूजन किया गया तदोपरांत दीक्षा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। द्वितीय सत्र में सायंकाल पूज्यपाद के मुखारविंद से धर्म, अध्यात्म एवं राष्ट्र पर आधारित विविध जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। श्रीमज्जगदगुरु शंकराचार्य धर्मसंघ पीठपरिषद आदित्यवाहिनी एवं आनंदवाहिनी संस्था के संयोजकत्व में ग्राम मड़मड़ा में अशोक वर्मा, प्रदीप वर्मा, अनिल वर्मा, डॉ जितेंद्र वर्मा एवं बृजभूषण वर्मा के निवास में पधारे थे।

दल्लीराजहरा नगर पालिका में 25 साल बाद खिला कमल भाजपा प्रत्याशी तोरण लाल साहू बने अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय का चुनाव इस बार बहुत ही चौंकाने वाला रहा, सबसे बड़ी बात यह रही की दल्लीराजहरा नगर पालिका में 25 साल बाद इस बार भाजपा के प्रत्याशी तोरण लाल साहू अध्यक्ष पद पर विजयी हुए। जबकि कांग्रेस के प्रत्याशी तथा नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष रवि जायसवाल को पराजय का सामना करना पड़ा। एक प्रकार से देखा जाए तो पूरे प्रदेश में इस बार के नगरीय निकाय चुनाव में परिवर्तन की लहर चल रही है इसलिए लगभग हर जगह बीजेपी ने विजयी पताका फहराया। दल्लीराजहरा नगर पालिका चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशी मैदान में थे इसमें भाजपा के तोरण लाल साहू को 11792 मत तथा कांग्रेस के रवि जायसवाल को 7938 मत प्राप्त हुए। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी संतोष देवांगन को 3249 तथा टकेश्वर सिंह को मात्र 126 वोट से संतुष्ट होना पड़ा। इसी के साथ पार्षदों में भी भाजपा का बहुमत दिखा। वार्ड क्रमांक 1 से भाजपा की शिवांगी ध्रुव, वार्ड क्रमांक 2 से पूनम मोनू जायसवाल भाजपा, वार्ड 3 से भाजपा के मनोज दुबे, वार्ड 4 से भाजपा के संजीव सिंह, वार्ड 5 से कांग्रेस की पुसई बाई साहू, वार्ड 6 से कांग्रेस की सुमरित उर्वशा, वार्ड 7 से भाजपा के वीरेंद्र साहू, वार्ड 8 से कांग्रेस की कालिंदी प्रमोद तिवारी, वार्ड 9 से निर्दलीय मेवा पटेल, वार्ड 10 से भाजपा की मलती, वार्ड 11 से भाजपा के निर्मल प्रकाश पटेल, वार्ड 12 से भाजपा की मोनिका, वार्ड 13 से कांग्रेस की अनीता सोनवानी, वार्ड 14 से कांग्रेस की प्राची चंद्र प्रकाश, वार्ड 15 से तरुण साहू भाजपा, वार्ड 16 से कांग्रेस के पवेन्द्र कुमार, वार्ड 17 से भाजपा की रेखा सहारे ,वार्ड 18 से भाजपा की अरुणा बाई, वार्ड 19 से निर्दलीय मोइनुद्दीन, वार्ड 20 से कांग्रेस के रोशन पटेल, वार्ड 21 से भाजपा के भूपेंद्र श्रीवास, वार्ड 22 से भाजपा के सुरेश जायसवाल, वार्ड 23 से निर्दलीय प्रदीप बाघ, वार्ड 24 से भाजपा के विशाल मोटवानी, वार्ड 25 से भाजपा के प्रमोद कुमार, वार्ड 26 से निर्दलीय टी.ज्योति एवं वार्ड 27 से कांग्रेस के सूरज कुमार विजयी हुए।

बेमेतरा नगर पालिका के विजय सिंहा बने अध्यक्ष, भाजपा के 13, कांग्रेस के 7, एक निर्दलीय बने पार्षद

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा नगर पालिका अध्यक्ष पद पर विजय सिंहा विजयी हुए, वहीं भाजपा के 13 पार्षद एवं कांग्रेस के सात पार्षद और एक निर्दलीय पार्षद निर्वाचित घोषित किया गया। बेमेतरा जिला मुख्यालय में बीते 11 फरवरी को हुए मतदान की गणना कृषि उपज मंडी परिसर में करीब सुबह करीब 9:00 बजे प्रारंभ हुआ जहां पर मतगणना की गिनती दो राउंड होने के बाद परिणाम आया, जहां भाजपा के उम्मीदवार विजय सिंहा ने कांग्रेस के सुमन गोस्वामी को लगभग 11 30 वोटो से पराजित किया तीसरे स्थान पर निर्दलीय प्रत्याशी रहे, निर्दलीय प्रत्याशी घनश्याम देवांगन ने 4031 वोट प्राप्त किया भाजपा उम्मीदवार विजय सिंहा को कुल 7913 वोट मिला कांग्रेस उम्मीदवार सुमन गोस्वामी को 6783 वोट प्राप्त किया और प्रकाश नारायण साहु को 161वोट से संतोष करना पड़ा। जबकि 210 वोट नोटा को मिला। इस तरह कुल 19098 वोट पड़ा था। बेमेतरा नगर पालिका के छह वार्ड में एक राउंड में परिणाम आ गया था, जबकि बाकी 15 नगर पालिका के वार्ड में दो राउंड के बाद परिणाम घोषित किया गया। पहले राउंड के परिणाम और कुछ अंतराल के बाद का दूसरे राउंड का परिणाम घोषित किया गया। परिणाम घोषित होने के साथ ही जय श्री राम तथा भाजपा की जिंदाबाद के नारे लगने के साथ ही एक दूसरे को बधाई देने लगे एवं रंग गुलाल से एक दूसरे को सराबोर कर दिया गया। निर्वाचन अधिकारी के द्वारा विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया, इसके बाद वार्ड प्रत्याशी जहां अपने-अपने वार्ड में आभार प्रदर्शन करने के लिए चले गए, जबकि नव निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिंहा विशेष रथ पर बैठकर बाजे गाजे के साथ के साथ लोगों का आभार व्यक्त करने के लिए नगर की विभिन्न मार्गो में देर शाम तक भ्रमण किया। नगर पालिका परिषद के परिणाम की घोषणा होने के बाद बेमेतरा विधायक दीपेश साहू सहित भाजपा के नेता कृषि उपज मंडी प्रांगण में पहुंचे और विजय प्रत्याशियों को बधाई दिया गया। बेमेतरा की 21 वार्ड में प्रत्याशियों को मिले हुए मत इस प्रकार है। वार्ड नंबर एक में राघवेंद्र मनु 241 यशवंत लहरे 192 राजकुमार खंडे 282 निर्दलीय राजकुमार कोसले 16 उपयुक्त में से कोई नहीं पांच को 5 वोट प्राप्त हुआ, यहां राजकुमार खांडे निर्दलीय विजयी हुए। वार्ड नंबर 2 में पुष्पा दुर्गा साहू 269 कांग्रेस के रीता पांडे 363 नेहा निक्की चौहान 268 रजनी दीदी 280 कोई नहीं भी नहीं में 20 वोट पड़ा। यहां कांग्रेस के रीता पांडे 83 वोट से विजय हुए वार्ड क्रमांक 3 में कांग्रेस के लिलेश साहू को 389 भाजपा के पंचू साहू को 555 कोई नहीं में 25 वोट पड़ा, यहां से भाजपा के पंचु साहु 176 वोट से विजयी हुए। वार्ड 4 में कांग्रेस के नारायण छाबड़ा को 173 वोट भाजपा के रवि कुमार मूलवानी को 221 और उपयुक्त में कोई नहीं में एक वोट पड़ा, इस तरह यहां से भाजपा से रवि मूलवानी 48 वोट से जीते। वार्ड नंबर 5 में कांग्रेस के राजू साहू को 593 आशुतोष पांडे को 27 दीपक तिवारी को 50 कोई नहीं में 10 भाजपा के दीनानाथ साहू को 268 वोट मिले, यहां कांग्रेस के राजू साहू 325 वोट से चुनाव जीते। वार्ड नंबर 6 कांग्रेस के चंपा मोहन वर्मा को 395 वोट भाजपा के खिलेश्वरी शिव पाटिल को 691 कोई नहीं में 33 वोट पड़ा, इस तरह भाजपा के खिलेश्वरी शिव पाटिल 296 वोट से विजय रहे। वार्ड क्रमांक 7 से हेमिन यादव को 462 वोट मिले भाजपा के सजनी यादव को 479 और कोई नहीं 19 प्राप्त हुए, यहां भाजपा के सजनी यादव को 17 से जीत दर्ज कराया। वार्ड क्रमांक 8 में चांदनी रोशन दत्ता को 420 वोट रोमन सिंह वर्मा 394 कोई नहीं में 14 वोट पड़े इस तरह 26 वोट से भाजपा के चांदनी रोशन दत्ता विजयी हुए कार्ड नंबर वार्ड नंबर 9 में नीलम टंडन कांग्रेस के 421 वोट शिल्पा बघेल 400 लक्ष्मी नेतराम कौशले को 383 वोट 35 कोई नहीं में वोट पड़ा, कुल 21 वोट से नीलम टंडन कांग्रेस से विजयी हुए। वार्ड नंबर 10 में अखिलेश मिंटा नामदेव 431 भाजपा संतोष वर्मा 280 चंदन सोनी 76 पड़े कोई नहीं में 33 वोट पड़ा, इसमें कांग्रेस के अखिलेश मिंटो नामदेव 121 वोट से विजय हुए। वार्ड नंबर 11 में रूप सिंह साहू रूपी 391 विकास कुमार तंबोली 570 उपयुक्त कोई नहीं मे 20 वोट पड़े इस तरह यहां भाजपा के विकास कुमार तंबोली 179 वोट से विजय हुए। वार्ड नंबर 12 में कांग्रेस के मनोज शर्मा को 241 भाजपा के निखिल साहू गोल्डी 493 वोट तिलक देवांगन 40 वोट कोई नहीं मैं 14 वोट पड़े इस तरह से 252 वोट से भाजपा के निखिल साहू गोल्डी विजय हुए। वार्ड क्रमांक 13 में अर्जुन सिंह ठाकुर भाजपा के 280 वोट पाए कांग्रेस के प्रकाश ठाकुर 344 पांच भाई गोर्या 93 और कोई नहीं में 15 वोट पड़े, इसमें कांग्रेस के प्रकाश ठाकुर 63 वोट से विजय हुए। वार्ड नंबर 14 भाजपा के भानु राम साहू को 356 वोट मिले तोकेश्वर साहू गोलू 380 अजय सोनी 35 कोई नहीं में 20 वोट पड़ा, यहां कांग्रेस के तोकेश्वर साहू गोलू 24 वोट जीत दर्ज कराया। वार्ड क्रमांक 15 में भाजपा के हेमलता शर्मा 420 वोट रश्मि फणेंद्र मिश्रा 536 राखी वर्मा 39 वोट कोई नहीं को 19 वोट मिले, यहां कांग्रेस के रश्मि फणेंद्र मिश्रा 116 वोट से विजयी रही। वार्ड क्रमांक 16 में नीतू कोठारी को कर 424 प्राप्त हुए, विद्या यादव को 367 कोई नहीं को 16 वोट मिला, भाजपा के नीतुकोठारी 57 वोट से विजयी हुए। वार्ड नंबर 17 में कांग्रेस से रवेंद्र देवांगन नीनी को 207 वोट प्राप्त हुए, घनश्याम देवांगन को 141 वोट प्राप्त हुए, भाजपा के गौरव साहू को 410 वोट मिले, सुरेन्द्र मेडी धीवर को 77 वोट कोई नहीं में 11 वोट प्राप्त हुए, यहां भाजपा के गौरव साहू 207 वोट से जीत हासिल किया। नंबर वार्ड नंबर 18 में भाजपा के आकीब मलकानी को 506 वोट प्राप्त हुए, हरिजिंदर बंटी चावल 407 लव सिन्हा को 23 वोट प्राप्त हुए और कोई नहीं में 12 वोट पड़े, इस तरह यहां भाजपा के आकीब मलकानी ने 99 वोट जीते। वार्ड नंबर 19 में बीकू बालक मानिकपुरी 242 भाजपा के सिमरन ताम्रकार 485 वोट नोटा में 26 वोट पड़े, यहां भाजपा के सिमरन ताम्रकार 243 वोट से विजय रहे, वार्ड क्रमांक 20 में भाजपा के अशोक शर्मा को 457 वोट प्राप्त हुए, कांग्रेस के विकास चौबे को 324 वोट मिले पार्थ दास मानिकपुरी को 32 वोट प्राप्त हुए प्रकाश नारायण साहु को 13 वोट नोटा में 9 वोट पड़े, यहां से भाजपा के अशोक शर्मा 133 वोट जीत हासिल किया। वार्ड क्रमांक 21 में कांग्रेस के अब्दुल वाहिद रवानी को 635 वोट प्राप्त हुए, भाजपा के लकी साहू को मिले 714 वोट मिले, नोट में 17 वोट पड़े, इस तरह भाजपा के लकी साहू 79 वोट से विजयी हुए।

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव : प्रथम चरण का आगाज़, बेमेतरा और नवागढ़ के 586 मतदान केंद्रों पर 308620 मतदाता करेंगे मतदान

नगरीय चुनाव सम्पन्न होने पश्चात जिला प्रशासन रवाना हुई गांव कि ओर, शतप्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से

- सड़क मार्ग से रवाना हुए मतदान दल, कलेक्टर रणबीर शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया मतदान दलों को रवाना
- चुनाव का सफल और सुरक्षित संचालन प्रशासन की प्राथमिकता : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव का आगाज हों गया है प्रथम चरण मे जिले के बेमेतरा और नवागढ़ क्षेत्र मे निर्वाचन होने है 7 बेमेतरा और नवागढ़ क्षेत्र के 586 मतदान केंद्रों पर कुल 3,08,620 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिला प्रशासन की ओर से चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसी क्रम मे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा सभी चुनाव संबंधी गतिविधियों की निगरानी कर रहे हैं। आज रविवार को कलेक्टर ने स्वयं उपस्थित होकर मतदान दलों को आवश्यक चुनाव सामग्री का वितरण कराया और बसों कों हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू भी मौजूद रहे, जिन्होंने सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश दिए। जिला और पुलिस प्रशासन दोनों ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह चौकन्ना हैं, और जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मतदान सामग्रियों का वितरण कृषि उपज मंडी परिसर से किया गया, तकरीबन दोपहर 3 बजे तक सभी मतदान दलों को सामग्री वितरित की जा चुकी थी। मतदान प्रक्रिया आज सुबह 07 बजे से शुरू होकर शाम 03 बजे तक चलेगी। चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां कि गई हैं। सभी मतदान दलों को बसों के माध्यम से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उनके गंतव्य तक भेजा गया। सभी वाहनों में जीपीएस सिस्टम भी लगाया गया है ताकि उनकी सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित की जा सके। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने रवानगी के दौरान सर्वप्रथम विधिवत पूजा-अर्चना की और इसके बाद मतदान दलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने मतदान कर्मियों का फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाकर शुभकामनाओं के साथ उन्हें उनके गंतव्य की ओर विदा किया। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग, जिला सीईओ टेकचंद अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सभी दल सकुशल अपने-अपने मतदान केंद्रों तक पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मतदान दलों को निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में धैर्य और संयम बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, साथ ही मतदान करने आने वाले मतदाताओं को हर संभव सुविधा प्रदान की जाए। कलेक्टर शर्मा ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उनके लिए मतदान केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में पानी और छाया की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, सभी मतदान कर्मियों को सतर्क रहकर अपने कर्तव्यों का पालन करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर उपस्थित अधिकारी और कर्मचारी पूरी निष्ठा के साथ काम करें और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए तत्पर रहें। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुरक्षित चुनाव कराना है। इसके लिए मतदाता और मतदान कर्मियों दोनों के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने भी सुरक्षा व्यवस्था पर जोर देते हुए सभी पुलिसकर्मियों को चेतावनी दी कि चुनाव के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया की शुरुआत से लेकर समाप्ति तक सुरक्षा में कोई कमी नहीं होनी चाहिए, और सभी मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखा जाए। लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मतदान दलों को दिए गए इन निर्देशों के बाद सभी दलों ने अपने-अपने मतदान केंद्रों की ओर कड़ी सुरक्षा के बीच प्रस्थान किया। सभी मतदान कर्मी पूरी तैयारी के साथ मतदाताओं को सर्वोत्तम सुविधा देने और चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम: जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने मतदाताओं और मतदान कर्मियों की सुरक्षा और सुविधा का खास ध्यान रखा है। कलेक्टर रणबीर शर्मा और एसपी रामकृष्ण साहू की देखरेख में सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है, साथ ही सभी केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।

मतदान केंद्रों और मतदाताओं का विवरण: त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में बेमेतरा और नवागढ़ क्षेत्र में कुल 586 मतदान केंद्रों पर 3,08,620 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। बेमेतरा और नवागढ़ विकासखंडों में ग्राम पंचायतों की कुल संख्या 219 है और कुल 2799 वार्ड हैं। बेमेतरा विकासखंड :ग्राम पंचायतें: 108 वार्ड: 1410 मतदान केंद्र: 285 पुरुष मतदाता: 76,466 महिला मतदाता: 75,558 कुल मतदाता: 1,52,024 नवागढ़ विकासखंड :ग्राम पंचायतें: 111वार्ड 1389 मतदान केंद्र: 301 पुरुष मतदाता: 78,982 महिला मतदाता: 77,614 कुल मतदाता: 1,56,596 जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने मिलकर शांतिपूर्ण और सुरक्षित चुनाव सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया है। सभी मतदान दल कड़ी सुरक्षा के बीच अपने मतदान केंद्रों पर पहुंच चुके हैं और प्रशासन चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

रामानुजगंज नगर पालिका क्षेत्र की जनता का जनादेश शिरोधार : गुप्ता

पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

नगर पालिका रामानुजगंज चुनाव में जनता जनार्दन का परिणाम आने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी मधु गुप्ता एवं जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अजय गुप्ता ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि चुनाव परिणाम हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं आये इसके बावजूद भी शहर की जनता जनार्दन का जनादेश शिरोधार्य है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका चुनाव रामानुजगंज में कांग्रेस पार्टी ने पूरी ताकत और एक जुट के साथ चुनाव लड़ा इसके अलावा हमारे सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारी सहित कार्यकर्ताओं ने इस अभियान का प्रमुख हिस्सा बने साथ ही कांग्रेस ने पूरे चुनाव में अपने सिद्धांतों पर समझौता नहीं किया। वही सत्ता सीन भारतीय जनता पार्टी ने नगर पालिका चुनाव के पहले से ही सत्ता का दुरुपयोग कर रही थी। पहले चुनाव टालने की कोशिश की गई उसके बाद तारीख पर तारीख बढ़ाया गया और कहा गया कि चुनाव वैलेट पेपर से ही किया जाएगा फिर बाद में कहा गया कि नहीं ईवीएम मशीन से कराएंगे उसके बावजूद भी अध्यक्ष और पार्षदों का मशीनों को एक साथ जोड़ दिया गया जो न्याय संगत नहीं था जबकि ईवीएम के मामले में सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश है कि वीवीपैड जोड़ना अनिवार्य होगा इस निर्देश का भी पालन नहीं किया गया। साथ ही चुनाव जीतने के लिए चुनाव में सत्ताबल और धनबल का खुला दुरुपयोग किया गया है। इस नतीजों से हम निराश जरूर है,लेकिन हताश नहीं है। प्रमुख विपक्षी दल के रूप में हम जनता के मुद्दों को लेकर समय-समय पर संघर्ष करते रहेंगे।

चुनाव जीतने के दूसरे दिन स्वच्छता को लेकर सड़को पर निकले नव निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

स्वच्छ शहर-सुंदर शहर की परिकल्पना साकार करना हम सबकी जिम्मेदारी : चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद कवर्धा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी चुनाव जीतने के अगले दिन सुबह-सुबह सफाई व्यवस्था को लेकर अपने हाथ में झाड़ू लेकर कवर्धा शहर की सड़को पर उतरे। उन्होनें नगर पालिका टीम के साथ सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर कवर्धा शहर को ''स्वच्छ शहर-सुंदर शहर'' बनाने का बीड़ा उठाया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी अपने अध्यक्षीय कार्यकाल के प्रथम दिन ही अपने जिम्मेदारियों व मतदाताओं के विश्वास पर खरा उतरते हुए अपने कवर्धा शहर को स्वच्छ व सुंदर शहर बनाने की परिकल्पना को साकार करने के लिए नगर पालिका परिषद कवर्धा से लेकर महामाया मंदिर परिसर, भारतमाता सौंदर्यीकरण स्थल, अंबेडकर चौक, शिवाजी चौक, रानी झांसी बालोद्यान, शारदा संगीत महाविद्यालय एवं बस स्टैण्ड परिसर की झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के स्वच्छ भारत-स्वस्थ्य भारत की कल्पना को साकार करने पूरे नगर पालिका टीम व कवर्धा शहर की जनता-जर्नादन के साथ-साथ कदम से कदम मिलाकर सड़को पर निकल चुके है। छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री व विधायक विजय शर्मा के नेतृत्व मार्गदर्शन में कवर्धा शहर को स्वच्छ व सुंदर शहर बनाकर भारत देश में चल रहे स्वच्छता अभियान के हिस्से में अपना परचम लहरायेगें। चुनाव जीतने के बाद आज पहला दिन उन्होनें स्वच्छ भारत अभियान के नाम किया। उन्होनें कहा कि हमारा संकल्प रहे कि हमारा शहर साफ सुथरा हो, हम अपने घर से निकलने वाले कचरा को नगर पालिका से आने वाले रिक्शे में डाले, ताकि हमारा शहर साफ-सुथरा हो, गंदगी ना हो, जिससे हमारा स्वच्छ शहर का कल्पना साकार हो सके।

साफसफाई अभियान के दौरान अपील-नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने सुबह-सुबह स्वच्छ भारत अभियान का हिस्सा बनकर व चुनाव में किये गये वादों को निभाते हुए अपने जीत के बाद का पहला दिन अपने शहर को संवारने के लिए चौक-चौराहों में झाड़ू लगाकर स्वच्छता कार्य में जुटे रहे। उन्होनें सुबह-सुबह बस स्टैण्ड परिसर, शिवाजी चौक व मार्गो में खुले सभी दुकानदारो के पास जाकर अपने आसपास को स्वच्छ रखने एवं खुले में कचरा नही फेकने हेतु अनुरोध किया तथा सभी दुकानदारों को अपने दुकान से निकलने वाले कचरो को लिए डस्टबीन रखने को कहा। ताकि नगर पालिका से आने वाले गाड़ी को कचरा दिया जा सके। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू, कार्यपालन अभियंता एम.एल. कुर्रे, उपअभियंता विरेन्द्र नवघरे व समस्त नगर पालिका अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

नगर पंचायत सारागांव के वार्ड नंबर 12 से कैलाश केशरवानी की शानदार जीत

केशरवानी नगर सभा चांपा ने किया आत्मीय स्वागत

पायनियर संवाददाता ➤ चांपा/सारागांव
www.dailypioneer.com

नगरीय निकायों के अध्यक्ष और पार्षदों के चुनाव की मतगणना में सुबह से मतगणना स्थल छत्रपति शिवाजी खेल सभागृह चांपा में जबरदस्त भीड़ और उत्साह का माहौल बना हुआ था, इस मतगणना स्थल पर नगरपालिका चांपा और नगर पंचायत सारागांव के मतों की गिनती हुई। प्रत्याशी अपने अपने समर्थकों के साथ पहुंचे थे जैसे ही 9 बजा वार्डो का परिणाम आना भी शुरू हो गया, और जीतने वाले प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ जश्न मनाने बाहर निकलते गए। नगर पंचायत सारागांव से दाऊबाबा वार्ड क्रमांक 12 जिसको नगर का हॉट शीट माना जा रहा था उस पर आखिर केशरवानी सभा सारागांव के अध्यक्ष और भाजपा के पार्षद प्रत्याशी कैलाश केशरवानी ने कब्जा कर लिया और अपने प्रतिद्वंदी सहस राम कर्ष को 65 वोटों के अंतर से परास्त कर दिया। यहां भाजपा के कैलाश केशरवानी को 155 और कांग्रेस के सहस राम कर्ष को 90 वोट मिले। जैसे ही कैलाश केशरवानी की जीत की घोषणा हुई, उनके समर्थकों में जश्न माहौल बन गया गुलाल, फूलमाला और बुके से उनका स्वागत किया गया। वहीं केशरवानी सभा चांपा के अध्यक्ष मूलचंद गुप्ता, सचिव गौरव गुप्ता और रोहित केशरवानी के अगुवाई में गौरव गुप्ता के निवास पर समाज के विजयी पार्षद कैलाश केशरवानी और समर्थकों का फूलमाला और आतिशबाजी के साथ आत्मीय स्वागत और अभिनंदन किया गया। और बधाई दी कि उन्होंने अपने पहले प्रयास में ही शानदार जीत हासिल कर नगर के साथ साथ समस्त केशरवानी समाज को गौरवान्वित किया है।

प्रथम चरण के निर्वाचन के लिए मतदान समाग्री वितरण, रवानगी की तैयारी

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के प्रथम चरण के लिए मतदान दलों को सामग्री वितरित कर रवाना किया गया। कबीरधाम जिले में दो चरणों के त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन होना है। प्रथम चरण 17 फरवरी होगा। इसके अन्तर्गत को होने वाले इस चरण में विकासखंड कवर्धा और सहसपुर लोहारा के तहत जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 से 14 में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अंतर्गत जनपद सदस्य, सरपंच और पंच का निर्वाचन होगा। दूसरे चरण का निर्वाचन 20 फरवरी हो होगा। इसके अन्तर्गत पंडरिया और बोड़ला विकासखण्ड के अंतर्गत होने वाले जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 से 08 तक निर्वाचन होगा। साथ जनपद सदस्य, सरपंच और पंच का निर्वाचन होगा। मतदान का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है।

मतदान केंद्र और दलों की तैनाती-कवर्धा विकासखंड में निर्वाचन के लिए 265 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा, जिसके लिए 265 मतदान दलों को कृषि उपज मंडी, कवर्धा से रवाना किया गया। इसमें कुल 1060 पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी शामिल हैं, जबकि 26 रिजर्व दल भी तैनात किए गए हैं। सहसपुर लोहारा विकासखंड में निर्वाचन के लिए 243 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा, जिसके लिए 243 मतदान दलों को शासकीय स्वामी आत्मानंद स्कूल से रवाना किया गया।

ट्रिपल इंजन कि सरकार में जगदलपुर होगा अब और भी विकसित : महेश कश्यप

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम आ चुके है। छत्तीसगढ़ के पूरे मेयर सीट पर भाजपा ने जीत हासिल की है। जगदलपुर नगर निगम में भाजपा ने महापौर सीट पर कब्जा कर लिया है। जगदलपुर नगर निगम के 48 में से 30 वार्डो में भाजपा पार्षद प्रत्याशियों ने विजय प्राप्त किया है। छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय में भाजपा को मिली बड़ी जीत पर बस्तर सांसद महेश कश्यप ने खुशी जाहिर की है। बस्तर सांसद ने कहा कि जनता के विश्वास और प्रदेश के विकास से नगरीय निकाय चुनाव में बीजेपी ने पूरे छत्तीसगढ़ में विजय हासिल की है. हमारे हाईकमान, कार्यकर्ता, पार्टी पदाधिकारी पूरी मजबूत इच्छा शक्ति के साथ चुनाव में जुटे थे, जिसका सार्थक परिणाम भाजपा की प्रचंड जीत के रूप में सामने है। कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व के माध्यम से महतारी वंदन योजना, किसानों को लेकर हितकारी फैसले, प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर जनता के बीच हम सफल हुए हैं, जिसका हमें लाभ लाभ मिला है। छत्तीसगढ़ के 10 मेयर सीट पर भाजपा को पूरे 10 सीट जीताकर जनता ने अपना आशीर्वाद प्रदान किया है। यह परिणाम इस बात का साक्षात गवाह है कि छत्तीसगढ़ की जनता पिछले 5 साल के भ्रष्टाचार कार्यकाल से तंग आ चुकी थी। नगरीय निकाय के चुनावी मैदान में माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़ ने जीत का परचम लहराया है। बस्तर संभाग के अनेको क्षेत्रो में भाजपा को जनता ने आशीर्वाद दिया है। ट्रिपल इंजन की सरकार के माध्यम से अब और छत्तीसगढ़ विकसित होगा। जगदलपुर के नवनिर्वाचित महापौर संजय पांडे के साथ हम जगदलपुर को अब और भी सशक्त बनाने की ओर मिलकर कार्य करेंगे। बस्तर संभाग के अनेको पदों पर नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को मैं अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ। आशा करता हूँ की आप सभी के सहयोग से क्षेत्र को तरक्की एवम उन्नति की ओर ले जाने हेतु कार्य करेंगे।

आदर्श आचार संहिता का उलंघन कर दिखाई पड़ रहा कंप्यूटर आपरेटर रवि जलतारे

सहकारी समिति करनौद का कंप्यूटर आपरेटर कर रहा जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी का प्रचार प्रसार

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

जांजगीर चांपा जिले ब्लॉक मुख्यालय बम्हनीडीह के अंतर्गत आने वाल ग्रामे करनौद में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 15 के कांग्रेस समर्पित प्रत्याशी के पक्ष में 11 फरवरी मंगलवार के दिन चुनाव प्रचार करते सेवा सहकारी समिति करनौद का कंप्यूटर आपरेटर रवि जलतारे दिखाई दे रहा है बताया जा रहा है की रवि जलतारे करनौद में कांग्रेस समर्पित प्रत्याशी के पक्ष में रैली में सामिल होकर बोट मांग रहे है और चुनाव प्रचार रहे है जब की किसी भी शासकीय कर्मचारी को किसी भी पार्टी के चुनाव प्रचार नहीं करना है पर यहां तो खुले आम सेवा सहकारी समिति करनौद का कंप्यूटर आपरेटर चुनाव प्रचार करते विडियो में दिखाई दे रहे है बताया जा रहा है कि कंप्यूटर आपरेटर और भी गांव में घुम घुम कर कांग्रेस समर्पित प्रत्याशी के पक्ष में बोट मांग रहे है और जिला पंचायत सदस्य बनाने के लिए अपील करते गांव में फिरता दिखाई दे रहे है।

आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते दिखा कंप्यूटर आपरेटर

सेवा सहकारी समिति करनौद में कंप्यूटर आपरेटर के पद पर कार्यरत रवि जलतारे पर आरोप लग रहा है की वह चुनाव प्रचार प्रसार कर रहा है जब की आदर्श आचार संहिता लागु होने के बिद कर्मचारियों को चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता बनाए रखने के लिए किसी भी प्रकार की पक्षपातपूर्ण राजनीतिक गतिविधियों में संलिप्त होने की अनुमति नहीं होती है। इसलिए उनके इस कार्य को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना गया पर यहां तो कंप्यूटर आपरेटर आदर्श आचार संहिता का खुले आम उलंघन करते एक विडियो में दिखाई दे रहा है बताया जा रहा है की यह विडियो जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 15 के कांग्रेस समर्पित प्रत्याशी के समर्थक के द्वारा ही बना कर वायरल किया गया है।

"मैं ड्यूटी जा रहा था अचानक एक दोस्त के कहने पर थोड़ी देर के लिए रैली में चला गया था बाकी मैं प्रचार नहीं कर रहा हूं"

-रवि जलतारे कंप्यूटर आपरेटर सेवा सहकारी समिति करनौद

शासकीय कर्मचारी प्रचार प्रसार नहीं कर सकते अगर कोई कर रहा है तो वह ग़लत है नियमानुसार उस पर कार्रवाई होगी

-सुमित बघेल
अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चाम्पा

आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब भंडारण के विरुद्ध की गई कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब भंडारण पर कार्रवाई की गई। सहायक आयुक्त आबकारी अलेख राम सिदार ने बताया कि ग्राम खिसोरा वार्ड नंबर 09, थाना - अकलतरा निवासी आरोपी राम नारायण हरवंश पिता लच्छी राम,उम्र -40 वर्ष,साकिन - खिसोरा वार्ड नंबर 09, थाना - अकलतरा, ज़िला -जाँजगीर-चाँपा के रिहायशी मकान की तलाशी लेने पर दो प्लास्टिक बोरियों में भरी 99 नग देशी मदिरा प्लेन की पाव प्रत्येक में मात्रा 180 मिली, कुल मात्रा=17.820 लीटर देशी मदिरा प्लेन बरामद होने पर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क34(2)एवं 59(क) के तहत कार्यवाही कर जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक शिल्पा दुबे, मुख्य आरक्षक अनवर मेमन व नगर सैनिक कन्हैया प्रधान, संतोष मधुकर, प्रेम रत्नाकर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

शिशु को सुलाते समय ये छोटी-छोटी गलतियां पड़ सकती हैं भारी

माता-पिता बनना किसी भी कपल के लिए बहुत खुशी का पल होता है, लेकिन पेरेंट्स के तौर पर उनकी जिम्मेदारियां काफी बढ़ जाती है। पेरेंटिंग काफी मुश्किल चीज है, जिसमें एक कपल अपने सोने-जागने, उठने-बैठने और सुकून के सारे पल अपने बच्चे के नाम कर देते हैं। पेरेंट्स बनने के बाद माता-पिता के मन में अपने बच्चे की सुरक्षा और सेहत को बेहतर रखना सबसे बड़ी चुनौती होती है। खासकर, जब बात बच्चे को सुलाने की आती है तो पेरेंट्स की चिंता और बढ़ जाती है। बच्चे को सुलाने के दौरान सडन इंफेंट डेथ सिंड्रोम और नींद से जुड़े अन्य जोखिमों को कम करने के लिए पेरेंट्स हर संभाव कोशिश करते हैं। ऐसे में आइए दिल्ली के शाहदरा में स्थित एस.डी.एन. अस्पताल के पीडीअट्रिशन डॉ. ललित हरि प्रसाद सिंह से जानते हैं कि माता-पिता को बच्चे को सुलाते समय किन गलतियों को करने से बचने की कोशिश करनी चाहिए?

नरम बिस्तर से बचें

शिशुओं को सुलाने के लिए ज्यादा नरम गद्दे और बिस्तर को चुनने से बचें, क्योंकि इस तरह के बिस्तर शिशुओं में सडन इंफेंट डेथ सिंड्रोम और दम घुटने के जोखिम को बढ़ा सकते हैं। इस तरह के गद्दे पर सोने के दौरान करवट लेते समय आपके बच्चे का मुंह गद्दे में फंस सकता है, जिससे दम घुटने की संभावना बढ़ सकती है। इसलिए, आप बच्चे को सुलाने के लिए एक मदबूत और टाइट गद्दे और बिस्तर को चुनें।

कम्फर्टर्स, तकिए और कुशन को बच्चे से दूर रखें

कम्फर्टर्स, तकिए और कुशन भी बच्चों का दम घुटने के जोखिम को बढ़ा सकते हैं और स्ड्डष्टर का कारण बन सकते हैं। इन चीजों में शिशु फंस सकते हैं या उलझ सकते हैं और ये बच्चे के चेहरे को ढक सकती हैं, जिससे दम घुटने की संभावना बढ़ जाती है। शिशुओं में इस जोखिम को कम करने के लिए आप इस तरह की चीजों को शिशु की पहुंच से दूर रखें। और ठंडा मौसम होने पर उन्हें अच्छे से ऊनी कपड़े पहनाएं और अपनी निगरानी में उन्हें कंफर्ट ओढ़ाए।

ढीली चादरें और कंबल बिल्कुल न ओढ़ाएं

ढीली चादरें और कंबल शिशु के चेहरे और गर्दन में उलझ सकते हैं और दम घुटने के जोखिम को बढ़ा सकते हैं। इसलिए, आप शिशु के पास ढीले चादरें और कंबल रखने या उपयोग करने से बचें। इसके स्थान पर आप अपने बेड पर ऐसी चादरों को बिछाए तो टाइट-फिटिंग हो। यह दम घुटने और स्ड्डष्टर के जोखिम को कम करने में मदद कर सकते हैं। आप चाहे तो चादर और कंबल को गद्दे के चारों ओर कसकर बांध सकतते हैं, ताकि वे ढीले न रहे।

सॉफ्ट टॉय का इस्तेमाल करने से बचें

सॉफ्ट टॉय के कारण भी शिशुओं में सांस से जुड़ी समस्याएं और SIDS का जोखिम बढ़ सकता है। दरअसल, इस तरह के खिलौने शिशुओं के दम घुटने का कारण बन सकते हैं और उनका चेहरा उनमें फंस सकता है। इसलिए, इन जोखिमों को कम करने के लिए इस तरह के खिलौने और वस्तुओं को शिशु के पास रखने से बचें।

पोजिशनर्स और बंपर के इस्तेमाल से बचें

पोजिशनर्स और बंपर के कारण भी घुटन का जोखिम बढ़ सकता है और SIDS कर सकते हैं और स्ड्डष्टर के जोखिम को बढ़ा सकते हैं। ये चीजें शिशु में उलझ सकती हैं और आपके बच्चे के चेहरे को ढक सकती हैं, जिससे दम घुटने की संभावना बढ़ सकती है।

बच्चों को रिश्तेदारों से मिलने वाले नोट और सिक्के भी पहुंचाते हैं सेहत को नुकसान

घर में आने वाले रिश्तेदार, दोस्त और पड़ोसी अक्सर जाते वक्त छोटे बच्चों को सिक्के और नोट देकर जाते हैं। दोस्तों और रिश्तेदारों का अक्सर मानना होता है कि जाते वक्त बच्चों को शगुन के तौर पर कुछ देना चाहिए और इसके लिए नोट व सिक्के बेस्ट हैं। खास बात तो यह है कि रिश्तेदारों से मिलने वाले सिक्के और नोट बच्चे भी झट से ले लेते हैं और हाथों की मुट्ठी को बंद कर लेते हैं। अगर रिश्तेदार भी बच्चों को करंसी देते हैं, तो उन्हें तुरंत रोकिए। क्योंकि ये नोट और सिक्के बच्चों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं। फूड सेफ्टी ऐंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) की ओर से जारी की गई एडवाइजरी में कहा गया है कि करंसी नोट्स और सिक्के इस्तेमाल रोजाना सामान खरीदने, लेन-देन करने, किराये के लिए किया जाता है।

नोट और सिक्के एक से दूसरे शख्स के हाथों में जाते हैं, जो गंदे और संक्रमित होते हैं। इसके साथ ही नोटों को थूक लगाकर गिना भी जाता है। ऐसे में अगर ये नोट बच्चे छूते हैं, तो उन्हें कई प्रकार की बीमारियां हो सकती हैं। नोट और सिक्के छूने से बच्चों को कौन-कौन सी बीमारियां हो सकती हैं,

बैक्टीरियल और वायरल संक्रमण

डॉ. सुरिंदर कुमार का कहना है कि रोजाना लेने-देने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले नोट और सिक्के कई हाथों, पर्स और धूल-मिट्टी वाली जगह से गुजरते हैं। जिसके कारण नोट और सिक्कों पर बैक्टीरिया चिपक जाते हैं। बच्चे अपनी प्रवृति के कारण इन नोट और सिक्कों को छूने के बाद बिना हाथ धोए खाना खाते हैं या अपने मुंह पर हाथ लगाते हैं, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। नोट और सिक्के छूने से बच्चों को उल्टी, दस्त और पेट संबंधी बीमारियां हो सकती हैं।

विकास में रूकावट

कुछ पुराने सिक्के या नोट लीड युक्त होते हैं। जब बच्चे इसे छूते या मुंह में डालते हैं, तो इसकी वजह से लीड एलर्जी हो सकती है। लीड एलर्जी के कारण छोटे बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास पर प्रभाव पड़ सकता है। इतना ही नहीं लीड एलर्जी बच्चों के विकास में रुकावट भी पैदा करती है।

स्किन एलर्जी

डॉ. सुरिंदर कुमार बताते हैं कि कई हाथों और सतहों से गुजरने के कारण नोटों पर आंतरिक तौर से फंगस पनप सकता है। जब बच्चे फंगस वाले नोटों को छूते हैं, तो इसकी वजह से त्वचा पर खुजली, लालिमा और जलन की समस्या होती है।

पेट संबंधी बीमारियां

छोटे बच्चे अक्सर रिश्तेदारों द्वारा दिए गए नोट और सिक्कों को मुंह में ले लेते हैं। नोट और सिक्कों पर मौजूद बैक्टीरिया जब बच्चों के मुंह से शरीर में जाते हैं, तो उनके पावन तंत्र में रुकावट पैदा कर सकता है। नोट और सिक्के बार-बार छूने से बच्चों को पेट में दर्द, उल्टी और अपच की समस्या भी देखी जाती है।

नोट और सिक्कों से होने वाली बीमारियों से बचाव के तरीके

हमारे साथ खास बातचीत में डॉ. सुरिंदर कुमार ने यह भी बताया कि बच्चों को नोट और सिक्कों से होने वाली बीमारियों से कैसे बचाया जा सकता है।

- रिश्तेदार द्वारा दिए गए नोट और सिक्कों को छूने के बाद बच्चों के हाथों को साबुन और पानी से अच्छे से साफ करें।

- बचाव के लिए रिश्तेदारों से अनुरोध करें कि वह नकदी की बजाय खिलौने, किताबें या अन्य गिफ्टस बच्चों को दें।

नोट और सिक्के हमारी लाइफस्टाइल का बड़ा हिस्सा है। लेकिन नोट और सिक्कों पर मौजूद बैक्टीरिया और इंफेक्शन वाले कीटाणु बच्चों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इससे बचाव के लिए पेरेंट्स को रोजाना की लाइफ में छोटे-छोटे स्टेप उठाने जरूरी हैं।

बच्चों की परवरिश के ये 5 तरीके माने जाते हैं बहुत गलत

जानें कैसे पहुंचाते हैं बच्चों को नुकसान

बच्चों के समुचित विकास के लिए उनकी अच्छी परवरिश होनी जरूरी है। ज्यादातर माता - पिता यह मानते हैं कि बच्चों की अच्छी परवरिश का मतलब उनकी जरूरतों को पूरा करना और उनके खानपान और शिक्षा का ध्यान रखना होता है। जबकि ऐसा बिलकुल भी नहीं है। बच्चों की अच्छी परवरिश के लिए उनके साथ माता-पिता का व्यवहार भी सबसे ज्यादा मायने रखता है। जब बच्चे खुद को अपने माता-पिता की नजरों से देखते हैं, तो बच्चे स्वयं के प्रति अपनी समझ विकसित करना शुरू कर देते हैं। पेरेंट्स के रूप में हर माता-पिता को बच्चों की परवरिश के दौरान कुछ चीजों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। हर एक माता-पिता अपने बच्चों के प्रति अलग तरीके का व्यवहार अपनाते हैं। ऐसे में से बहुत से पेरेंट्स यानी माता-पिता खुद के अनुभवों से या दूसरों से मिली जानकारी के आधार पर अपने व्यवहार को तय करते हैं। हम आज आपको बताने जा रहे हैं कि बच्चों के प्रति माता-पिता का कुछ व्यवहार नुकसानदायक हो सकता है। कुछ पेरेंटिंग स्टाइल बच्चों के लिए अच्छी नहीं मानी जाती हैं। आइये जानते हैं इनके बारे में।

बच्चों का पालन पोषण कहने में जितना आसान है असल में उतना आसान नहीं होता। एक माता-पिता के रूप में पेरेंट्स को बच्चों की अच्छी परवरिश के लिए बहुत सी चीजों का ध्यान रखना होता है। बच्चों के उचित पोषण के साथ-साथ माता-पिता के रिश्तों को भी पोषण की जरूरत होती है। अगर आप चाहते हैं की आप एक सफल पेरेंट्स के रूप में अपने बच्चों की परवरिश करें तो इसके लिए जरूरी है की आप पेरेंटिंग के इन तरीकों से दूर रहें।

1. गुड कॉप - बैड कॉप पेरेंटिंग

गुड कॉप - बैड कॉप पेरेंटिंग यानी बच्चों के प्रति माता-पिता में से एक का नर्म रवैया अपनाना और दूसरे का सख्त रवैया अपनाना होता है। पेरेंटिंग के इस तरीके में माता-पिता में से एक अच्छे पुलिस कॉप की भूमिका में रहते हैं और दूसरा सख्त रवैया अपनाने वाला बैड कॉप के रूप में जाना जाता है। यह पेरेंटिंग का तरीका बहुत ही प्रभावी और बच्चों में संतुलन बनाने वाला माना जाता है। हालांकि इस पेरेंटिंग के तरीके में ऐसा नहीं होता है कि जैसा व्यवहार माता-पिता बच्चे के साथ करते हैं असल जीवन में भी उनका व्यवहार वैसा ही है। बैड-कॉप माता-पिता बच्चे को होमवर्क करने, अनुशासन बनाए रखने और ठीक से व्यवहार करने से जुड़े गुण सिखाते हैं और उनमें इन चीजों के लिए जिम्मेदार माने जाते हैं। इस पेरेंटिंग स्टाइल को बच्चों के लिए ठीक नहीं माना जाता है।



2. हेलिकॉप्टर पेरेंटिंग

हेलिकॉप्टर पेरेंटिंग एक तरह की पेरेंटिंग शैली है जिसमें माता-पिता अपने बच्चों पर बहुत अधिक ध्यान देते हैं। ऐसे माता-पिता बच्चों की हर एक गतिविधि की गहराई से निगरानी करते हैं। इस दौरान बच्चों की सफलता या असफलता के लिए भी पेरेंट्स सबसे ज्यादा क्रेडिट लेते हैं।हेलिकॉप्टर पेरेंटिंग करने वाले पेरेंट्स यह समझते हैं कि उनके ऐसा करने से उनके बच्चे सही दिशा में काम करेंगे और उनका मानसिक और शारीरिक विकास सही ढंग से होगा लेकिन हर समय ऐसा नहीं होता है। कई बार इसका नकारात्मक असर भी बच्चों पर पड़ता है।

3. गैर उत्तरदायी और अलगाववादी पेरेंटिंग

जब पेरेंट्स अपने बच्चों की जरूरतों और उनकी चीजों को लेकर आंखें मूंद लेते हैं या अनदेखा करते हैं तो इसे गैर उत्तरदायी या अलगाववादी पेरेंटिंग कहा जाता है। ऐसे माता-पिता अपने बच्चों की एक भी बात पर ध्यान नहीं देते हैं और ना ही उनसे किसी भी प्रकार की अपेक्षा करते हैं।

4. रेस्क्यू पेरेंटिंग

हेलिकॉप्टर पेरेंटिंग की तरह ही रेस्क्यू पेरेंटिंग भी बच्चों के लिए नुकसानदायक मानी जाती है। इस तरह की पेरेंटिंग स्टाइल का बच्चों पर गलत असर पड़ सकता है। यह सुनिश्चित करने के अलावा कि उनके बच्चे कोई गलती न करें, इस पेरेंटिंग से जुड़े पेरेंट्स बच्चों को जिम्मेदारी और प्रेशर से एकदम दूर रखते हैं। ऐसे पेरेंट्स बच्चों के हर काम में इन्वोल्व रहने की कोशिश करते हैं।

5. पनिशमेंट पेरेंटिंग

ऐसे पेरेंट्स जो बच्चों की हर गलतियों पर उन्हें पनिश करने या सजा देने के तरीकों को अपनाते हैं उनके बच्चों पर इसका बहुत बुरा असर होता है। इस तरह की आदत की वजह से बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं।

पैकेट आइटम्स नहीं, बच्चों को दें ये होममेड स्नैक्स

बच्चे के स्नैकिंग टाइम को अगर आप बेहद ही टेस्टी बनाना चाहती हैं तो ऐसे में मिनी इडली को एक नए अंदाज में सर्व करें। उन्हें चेरी टमाटर, खीरे और पनीर के छोटे टुकड़ों के साथ बारी-बारी से स्क्यूअर्स पर पिरोएं। अतिरिक्त स्वाद के लिए थोड़ी चटनी या केचप डालें।

बच्चों को स्नैकिंग करना काफी अच्छा लगता है। लेकिन जब बात कुछ हल्का फुल्का खाने की हो तो अक्सर बच्चे जंक फूड व पैकेज्ड फूड का सेवन करना काफी पसंद करते हैं। लेकिन जंक फूड खाना बच्चों की सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। जंक फूड में ना केवल शुगर अधिक होती है, बल्कि इनमें किसी तरह का पोषण नहीं होता है और इसलिए इन्हें बच्चों से दूर रखने में ही भलाई है।

जहां मार्केट से मिलने वाले स्नैक देखने में आकर्षक और टेस्टी होते हैं और इसलिए बच्चे इन्हें बेहद चाव से खाते हैं। लेकिन अगर आप बच्चों के टेस्ट के साथ-साथ उनकी सेहत का भी ख्याल रखना चाहते हैं तो ऐसे में खुद घर पर ही उनके लिए कुछ स्नैकिंग आइटम्स बनाएं। ये होममेड विकल्प ना केवल पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, बल्कि बच्चों को भी काफी पसंद आएंगे। तो चलिए जानते हैं ऐसे ही कुछ होममेड स्नैक्स के बारे में-

फल और दही पॉप्सिकल्स

चीनी से भरी आइसक्रीम को छोड़कर आप बच्चों को कलरफुल व हेल्दी पॉप्सिकल्स बनाकर दें। आप आम, स्ट्रॉबेरी या केले जैसे ताजे फलों को दही और थोड़े से शहद के साथ मिलाएँ। पॉप्सिकल मोल्ड में डालें और फ्रीज करें। ये ठंडे, मीठे और स्टिक पर कैंडी की तरह दिखते हैं। साथ ही, इनमें कोई कृत्रिम रंग या अतिरिक्त चीनी नहीं होती।

मिनी इडली स्क्यूअर्स

बच्चे के स्नैकिंग टाइम को अगर आप बेहद ही टेस्टी बनाना चाहती हैं तो ऐसे में मिनी इडली को एक नए अंदाज में सर्व करें। उन्हें चेरी टमाटर, खीरे और पनीर के छोटे टुकड़ों के साथ बारी-बारी से स्क्यूअर्स पर पिरोएं। अतिरिक्त स्वाद के लिए थोड़ी चटनी या केचप डालें। यह देखने में कबाब जैसा लगता है, लेकिन बच्चों को काफी पसंद आता है।

स्वीट पोटैटो फ्राई

बच्चों को अक्सर डीप-फ्राइड पोटैटो चिप्स काफी पसंद आते हैं। आप इन्हें स्वीट पोटैटो फ्राई से बदल सकती हैं। इसके लिए आप शकरकंद को छीलकर स्टिक में काट लें, उन्हें ऑलिव ऑयल, एक चुटकी नमक और पेपरिका के साथ मिलाएं और क्रिस्पी होने तक बेक करें। वे दिखने और स्वाद में फ्राई जैसे होते हैं लेकिन उनमें प्राकृतिक मिठास का अहसास होता है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव : आज प्रथम चरण में 6 जिला, 40 जनपद सदस्य और 180 सरपंच पर ग्रामीण मतदाता करेंगे वोट

डौंडी ब्लॉक में 67 संवेदनशील और 45 गांव अतिसंवेदनशील, पुलिस बक रहेगी तैनात

- जिला पंचायत के सीईओ डॉ. कन्नौजे ने मतदान दलों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने दी शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण का सोमवार को जिले के डौंडी और डौंडीलोहारा जनपद क्षेत्र में मतदान होगा। मतदान के लिए चुनावी सामग्री का वितरण कर मतदान दलों को जिला पंचायत सीईओ डॉ. सजंय कन्नौजे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कुल 6 जिला पंचायत सदस्य, 40 जनपद सदस्य, 180 सरपंच पद और पंच के लिए 1 हजार 103 पद पर मतदान संपन्न करवाया जाएगा। निर्वाचन कार्य को सफल बनाने के लिए उक्त दोनों ही जनपद पंचायत के 182 पंचायतो में कुल 543 मतदान दल बनाये गए हैं। जहां कुल 2 लाख 39 हजार 961 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। डौंडी ब्लॉक के 67 गांव संवेदनशील, 45 अतिसंवेदनशील तथा 62 गांव सामान्य है। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों में पुलिस बल की तैनाती रहेगी। इसके अलावा सामान्य केंद्रों पर कोटवार और फारेस्ट गार्डो की ड्यूटी लगाई गई है। मतदान आज सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक संपन्न होगा। प्रत्येक मतदान केंद्र में पीठासीन अधिकारी के अलावा अन्य मतदान अधिकारी तीन की ड्यूटी लगाई गई हैं। आज मतदान दिन को केंद्र में पांचवें कर्मी के रूप में आँगनबाड़ी कार्यकर्ता व स्थानीय शिक्षक मौजूद रहेंगे।

डॉ.कन्नौजे ने वितरण केन्द्र में पहुँचकर संपूर्ण व्यवस्थाओं की सतत निगरानी की-जिला पंचायत सीईओ और रिटर्निंग ऑफिसर (पंचायत) डॉ. संजय कन्नौजे ने रविवार को डौंडीलोहारा के मतदान सामग्री वितरण केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से मतदान दलों को हरी झण्डी दिखाकर मतदान केन्द्र के लिए रवाना किया। इसी प्रकार डौंडी ब्लॉक के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से मतदान दलों को मतदान केन्द्र के लिए रवाना किया गया। इस दौरान सीईओ डॉ. सजंय कन्नौजे ने मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को सफलतापूर्वक निर्वाचन कार्य को संपन्न कराने हेतु शुभकामनाएं भी दी। उल्लेखनीय है कि जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत आज 17 फरवरी डौंडीलोहारा और डौंडी ब्लॉक में मतदान होगा। जिसके लिए रविवार को मतदान दलों को रवाना किया गया है। मतदान कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने सुबह से ही डौंडीलोहारा एवं डौंडी के सामग्री वितरण केन्द्र पहुँचकर मतदान सामग्री को प्राप्त कर उसका मिलान एवं अन्य जरूरी प्रक्रियाओं को पूरा किया। इस दौरान अधिकारियों ने मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी ली तथा उन्हें निर्वाचन के राष्ट्रीय कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु शुभकामनाएं भी दी। सीईओ डॉ.कन्नौजे ने सुबह से ही मतदान सामग्री वितरण केन्द्र में पहुँचकर सम्पूर्ण व्यवस्थाओं की सतत् निगरानी की। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर एसडीएम डौंडीलोहारा शिवनाथ बघेल, जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के सीईओ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

541 सरपंच और 1,976 पंच मैदान में-डौंडीलोहारा जनपद में कुल 120 ग्राम पंचायत और उन पंचायत अंतर्गत एक हजार 635 वार्ड, तथा 35 जनपद क्षेत्र हैं, 120 ग्राम पंचायत के एक पंचायत में सरपंच निर्विरोध निर्वाचित हुए है और एक पंचायत नाम निर्देशन पत्र प्राप्त नही हुए, और 794 वार्ड ने पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए है, जिसके बाद 118 पंचायतो में 541 सरपंच और 829 वार्ड में कुल 1 हजार 976 पंच उम्मीदवार मैदान में है, वही 25 जनपद सदस्य के लिए 97 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे है। डौंडीलोहारा जनपद अंतर्गत 78 हजार 838 पुरूष और 80 हजार 56 महिला व एक अन्य मतदाता है। कुल एक लाख 58 हजार 895 मतदाताओं की संख्या है।

15 जनपद सदस्य के लिए 63 प्रत्याशी लड़ रहे चुनाव-डौंडी जनपद में कुल 62 ग्राम पंचायत और उनमें 873 वार्ड तथा 15 जनपद क्षेत्र हैं। उक्त 62 ग्राम पंचायत अंतर्गत 599 वार्ड पंच विरोध निर्वाचित होकर आए हैं, जिसके बाद 60 पंचायत में सरपंच पद के लिए कुल 214 और 274 वार्ड में कुल 614 वार्ड पंच उम्मीदवार मैदान में है। 2 ग्राम पंचायत उकारी और कारूटोला में सरपंच और पंच का अभी चुनाव नहीं हो रहा है। वही 15 जनपद सदस्य के लिए 63 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। डौंडी जनपद अंतर्गत 39 हजार 87 पुरूष और 41 हजार 978 महिला व एक अन्य मतदाता है। कुल 81 हजार 66 मतदाताओं की संख्या है।

बैक टू गोल्डन एरा थीम पर कोलंबिया में कलर्स 2025 का आयोजन

बी फार्म एवं एम् फार्म के टॉपर्स को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोलंबिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स द्वारा संचालित फार्मेसी, इंजीनियरिंग, नर्सिंग, बी. एड. एवं साइंस एंड कॉमर्स संकाय के लिए आयोजित बैक टू गोल्डन एरा थीम पर आधारित वार्षिकोत्सव कलर्स 2025 का आयोजन संस्थान प्रांगण में किया गया। वार्षिकोत्सव के उदघाटन अवसर पर इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने अपने उदबोधन में कहा कि एक ऐसा युग है जिसमे विद्यार्थी न केवल शिक्षा बल्कि अनुसन्धान में भी उल्लेखनीय प्रगति कर एक मुकाम हासिल कर अपने देश को न केवल आर्थिक क्षेत्र में अपितु ग्लोबली भी टॉप थ्री में लाकर विज़न 2047 को साकार कर सकता है, केवल आपको अपने इन चार सालो में भरपूर मेहनत करना है, किसी भी संस्थान के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि उनके विद्यार्थी न केवल अपने अध्ययन के द्वारा,अपितु सभी क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर संस्था का नाम रोशन करते हैं। वार्षिकोत्सव के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्वर्गीय कैलाश चंद्र शर्मा की स्मृति में बी फार्म 2020-24 एवं एम् फार्म 2022-24 के टॉपर्स को स्वर्ण पदक उनके परिवार के सदस्यों द्वारा प्रदान किया गया। विदित हो कि वार्षिकोत्सव हमेशा से ही मनोरंजन कल्पनाशीलता व सृजनात्मकता का प्रतीक है, जिसमे संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अपनी अंदर की प्रतिभा को निखारने का अवसर प्राप्त होता है। वार्षिकोत्सव के थीम के अनुरूप विद्यार्थियों ने 1940 से 1990 तक के स्वर्णिम काल के अनुसार स्वर्गीय गीता दत्त, स्वर्गीय लता मंगेशकर, आशा भोसले, स्वर्गीय किशोर कुमार स्वर्गीय मोहम्मद रफी, स्वर्गीय मन्ना डे, स्वर्गीय महेंद्र कपूर स्वर्गीय हेमंत कुमार, स्वर्गीय सचिन देव बर्मन, स्वर्गीय राहुल देव बर्मन स्वर्गीय बप्पी लाहिरी एवं अन्य नामचीन गायक एवं गायिकाओं के गीतों के रीमिक्स पर आकर्षक प्रस्तुति देते हुए दर्शकों को स्वर्णिम युग की याद दिला दी। संस्थान के अध्यक्ष किशोर जादवानी ने अपने स्वागत उदबोधन में संस्थान की सफलता का श्रेय संस्थान के कर्मचारियों की समर्पण भावना को देते हुए कहा कि इसी भावना के चलते संस्थान ने एक नई ऊंचाई प्राप्त की है तथा मध्य भारत के अलावा पूरे देश में भी कोलंबिया का नाम है जिसका कारण संस्थान द्वारा विद्यार्थियों के लिए अकैडमिक्स के अलावा अनेकानेक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। संस्थान के अनेक भूतपूर्व विद्यार्थी न केवल अपने देश में बल्कि विदेशों में भी उच्च पदों पर कार्यरत हैं एवं संस्थान का गौरव बढ़ा रहे हैं। संस्थान के सचिव हरजीत सिंह हुरा ने अपने उदबोधन में टीम बिल्डिंग एवं प्लेसमेंट का महत्व बतलाते हुए कि विद्यार्थियों का किसी मल्टीनेशनल कंपनी में चयन किसी भी अकादमिक संस्थान को ऊंचाइयों तक ले जा सकती है, उन्होंने स्टूडेंट्स को उनके अचीवमेंट्स पर बधाइयाँ दी। तत्पश्चात संस्थान द्वारा संचालित फार्मेसी, इंजीनियरिंग, नर्सिंग, शिक्षा एवं साइंस एंड कॉमर्स के प्राचार्यों द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। मंच पर संस्थान के उपाध्यक्ष विजय जादवानी, कोषाध्यक्ष रविंदर सिंह हुरा के अलावा विभिन्न संकायों के प्राचार्यगण भी उपस्थित थे, कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत सरस्वती वंदना से हुई, तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं संस्थान प्रबंधन द्वारा प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसके अलावा बी फार्म, एम् फार्म, डी फार्म.,नर्सिंग तथा साइंस एंड कॉमर्स संकायों के विद्यार्थी को स्टूडेंट ऑफ दी ईयर का पुरस्कार भी दिया गया। इस मौके पर अन्य विद्यार्थियों के अलावा अभिभावक काफी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। वार्षिकोत्सव के दरम्यान संस्थान द्वारा आनंद मेला का भी आयोजन किया गया था। जनप्रगति एजुकेशन सोसाइटी के कोषाध्यक्ष रविंदर सिंह हुरा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

रामानुजगंज में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत, संगठन मंत्री, मुख्यमंत्री,विधानसभा अध्यक्ष सहित कैबिनेट मंत्रियों ने दी बधाई

पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय सरकार के द्वारा नगर पंचायत रामानुजगंज को उन्यन कर नगर पालिका बनाने के बाद हुए प्रथम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष सहित पार्षद पद के 12 उम्मीदवारों ने ऐतिहासिक जीत हासिल की। भाजपा को मिली इस ऐतिहासिक जीत को नगर पंचायत अध्यक्ष के रूप में रमन अग्रवाल के 10 वर्षों के कार्यकाल के दौरान नगर में हुए विभिन्न विकास कार्यों के साथ साथ भाजपा की गारंटी और विष्णुदेव सरकार के 13 महीने के कार्यकाल के दौरान नगर में हुए विकास कार्यों को लेकर जनता की स्वीकार्यता समझी जा रही है। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष पद हेतु उम्मीदवार घोषित करने के पूर्व कई दावेदार थे एवं सबके टिकट को लेकर अपने-अपने दावे थे। इस बीच भाजपा के अंदरूनी सर्वे, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री राम विचार नेताम की सहमति के बाद नगर पालिका अध्यक्ष के लिए भाजपा की ओर से उम्मीदवार के लिए रमन अग्रवाल के नाम पर मोहर लगी। जिसके बाद से ही उनके जीत के कयास लोगों ने लगाना शुरू कर दिए थे। पक्ष के साथ-साथ विपक्ष के लोग भी उनकी उम्मीदवारी को काफी मजबूत मान रहे थे। जिस प्रकार से रमन अग्रवाल के जन संपर्क के दौरान के साथ साथ प्रचार के अंतिम दिन हुए नुक्कड़ सभा में जन सैलाब उमड़ा उससे उनके जीत को लेकर करीब करीब लोग आश्वस्त हो गए थे। रमन अग्रवाल ने नगर पालिका के 15 वार्डों में बड़त बनाते हुए 2865 मतों से 12 पार्षदों के साथ ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

रमन अग्रवाल को तीसरी बार टिकट मिलने के बाद भाजपा के कुछ पदाधिकारीयो के द्वारा लगातार रमन अग्रवाल के खिलाफमाहौल बनाने में कोई कमी नहीं कि यहां तक की अंदरूनी भीतरघात की भी चर्चा पूरे नगर में पूरे चुनाव के परिणाम निकलने तक होती रही। भाजपा के कुछ नेताओं के द्वारा चुनाव प्रचार से दूरी बनाकर कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने का भी काम किया गया। नगर के 15 वार्डों में पार्षद एवं अध्यक्ष पद में सीधा टक्कर भाजपा एवं कांग्रेस के बीच था वार्ड क्रमांक 2 में निर्दलीय इम्तियाज अंसारी के द्वारा कांग्रेस के उम्मीदवार को तीसरे नंबर पर लाते हुए 213 मत प्राप्त किया। मात्र पांच मतों से इम्तियाज की हार हुई। वहीं वार्ड क्रमांक 09 के पार्षद के निर्दलीय उम्मीदवार आशीष गुप्ता ने 187 मत प्राप्त किया यहां भी कांग्रेस तीसरे नंबर पर रही इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 15 में भी निर्दलीय अजय कुमार गुप्ता ने 197 मत प्राप्त कर कांग्रेस को तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया। रामानुजगंज नगर पालिका चुनाव में सबसे खास बात यह रही कि भाजपा के अध्यक्ष सहित पार्षद पद के उम्मीदवारो के द्वारा अपने विपक्ष के उम्मीदवार के खिलाफ किसी प्रकार के आरोप न लगाकर विकास के मुद्दों के आधार पर चुनाव लड़ा गया। नगर पंचायत चुनाव के दौरान कई बार पक्ष विपक्ष के उम्मीदवारों पर कई प्रकार के आरोप प्रत्यारोप लगाते रहे हैं परंतु इस बार भाजपा ने रणनीति बदलते हुए विष्णुदेव सरकार में हुए विकास कार्यों को आधार बनाते हुए विकास के मुद्दों पर पूरा चुनाव लडा। रामानुजगंज विधायक एवं कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम के द्वारा नगर पालिका चुनाव के दौरान भारत माता चौक में किए गए नुक्कड़ सभा में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने का कार्य किया उनके भाजपा नेताओं के सख्त संदेश के बाद कुछ नेताओं को छोड़कर पूरी बीजेपी एकजुट नजर आई पुराने भाजपा के कार्यकर्ता भी इस बार नगरीय निकाय चुनाव में कार्य करते दिखे। कांग्रेस के अध्यक्ष पद की प्रत्याशी मधु गुप्ता सहित पार्षदों के पक्ष में प्रचार करने आए पूर्व उप मुख्यमंत्री टी एस सिंह देव के द्वारा रमन अग्रवाल के विरोध में उनके ही पार्टी के लोगों के द्वारा उनसे संपर्क स्थापित किए जाने की बात कही गई थी? जिसे लेकर पूरे चुनाव के दौरान खूब चर्चा होती रही कि आखिर में भाजपा का कौन नेता है जो उनसे संपर्क स्थापित कर रमन अग्रवाल को हारना चाहता था।

रामानुजगंज नगर पालिका चुनाव में अध्यक्ष सहित पार्षदों के ऐतिहासिक जीत पर छत्तीसगढ़ के भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय,मुख्यमंत्री विष्णु देव साय,विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह,क्षेत्रीय विधायक कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम,वित्तमंत्री ओ.पी.चौधरी,सासंद चिन्तामनी महाराज, भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने रमन अग्रवाल से बात कर जीत की शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी। भाजपा के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रमन अग्रवाल सहित 12 पार्षद पद के उम्मीदवारों के जीत में मुस्लिम समाज के लोगों का भी बड़ा योगदान माना जा रहा है। विदित हो की रमन अग्रवाल ने अपने 10 वर्षों के कार्यकाल के दौरान मुस्लिम समाज के द्वारा वर्षों से की जा रही विभिन्न मांगों को पूरा करते हुए कई प्रकार से उनकी सहायता की थी जिससे मुस्लिम समाज के लोग खुलकर भाजपा के पक्ष में कार्य करते दिखे मुस्लिम समाज के लोगों के द्वारा भाजपा के पक्ष में मतदान करने से जीत का अंतर बढ़ा।

बीजापुर जनपद पंचायत क्षेत्र में 17 फरवरी को होगा प्रथम चरण में मतदान

- मतदान सामग्री वितरण पश्चात मतदान दल केन्द्रों के लिए हुए रवाना
- स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कर्मियों को दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत प्रथम चरण का मतदान 17 फरवरी को बीजापुर जनपद पंचायत क्षेत्र में होगा। मतदान के लिए राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में पर्याप्त तैयारियां सुनिश्चित कर ली गई है। सामान्य प्रेक्षक नीलम टोप्पो की उपस्थिति में मतदान दलों को सामग्री वितरण कर मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया जा चुका है। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने बताया कि चुनाव को लेकर मतदाताओं में पिछली बार की अपेक्षा इस बार ज्यादा रुझान देखने को मिल रहा है। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए पूरी तैयारियां की जा चुकी है। कलेक्टर ने मतदान कर्मियों को सफलतापूर्वक मतदान सम्पन्न कराने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिए। वहीं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने मतदान कर्मियों एवं सुरक्षा बलों को पूरी तरह से अनुशासित रहकर आपसी समन्वय के साथ अनुशासित होकर कार्य करने की समझाइश दी गई।सुरक्षा संबंधी मामलों पर किसी भी प्रकार के कोताही अथवा लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए गए। बीजापुर जनपद क्षेत्र के लिए 73 मतदान दलों की नियुक्ति की गई जिसमें धनोरा एवं नैमेड़ के 5 मतदान केन्द्रों को महिला मतदाता कर्मियों द्वारा पिंक बूथ के माध्यम से मतदान सम्पन्न कराया जाएगा।

जिला पंचायत सदस्य के 3 पदों के विरूद्ध 10 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं। इसी तरह जनपद सदस्य के 11 पदों के विरूद्ध 31 अभ्यर्थी मैदान में सरपंच पद हेतु 25 पदों के विरूद्ध 79 अभ्यर्थी मैदान में हैं। वहीं 9 पदों पर निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। 02 पद रिक्त है। इसी तरह बीजापुर जनपद पंचायत क्षेत्र के लिए 485 वार्ड पंच में 392 निर्विरोध 29 पद रिक्त हैं एवं 64 पदों पर चुनाव होगा जिसके लिए 137 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं। मतदान प्रातः 6:45 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक सम्पन्न होगा।

छावा के एलबम लॉन्च में ए.आर. रहमान की बेहतरीन परफॉर्मेंस ने जीता लोगों का दिल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

एक भव्य म्यूज़िकल कार्यक्रम में एकेडमी अवार्ड विजेता कंपोज़र, ए.आर. रहमान ने छावा के अत्यधिक प्रतीक्षित एलबम का लॉन्च किया। इस अवसर पर उन्होंने ताकत, भावनाओं और ऐतिहासिक भव्यता का प्रदर्शन करते हुए एक जबरदस्त परफॉर्मेंस भी दी। एलबम के अनावरण के मौके पर फिल्म के कलाकार विकी कौशल और रश्मिका मंदाना, डायरेक्टर लक्ष्मण उटेकर, प्रोड्यूसर दिनेश विजान, और प्रोजेक्ट की क्रिएटिव टीम भी मौजूद थी। इस संगीत संध्या के अवसर पर ए.आर. रहमान ने मीठे गीतों और भव्य व्यवस्थाओं के साथ अपने सिग्नेचर स्टाईल में संगीत का ऐसा माहौल बना दिया, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले दिनेश विजान द्वारा निर्मित और लक्ष्मण उटेकर द्वारा निर्देशित छावा की वर्ल्डवाईड रिलीज़ 14 फरवरी, 2025 को हो गई है। छावा का एलबम लॉन्च संगीत का एक महाआयोजन था, जिसमें ए.आर. रहमान और उनकी टीम ने छावा एलबम से कुछ ऐसे सम्मोहक गीतों की प्रस्तुति दी, जिसने सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डांस ट्रूप की ऊर्जा ने हर परफॉर्मेंस को जीवंत कर दिया, जिससे माहौल की तीव्रता परवान चढ़ गई। हर ताल, हर तान बाणों की तरह वातावरण को चीरते हुए लोगों के कानों तक पहुँच रही थी और उन्हें मीठे स्वरों में मराठा गौरव का एहसास करा रही थी। इसके बाद कलाकारों और ए.आर. रहमान के बीच बातचीत के माध्यम से दर्शकों को छावा एलबम के भाव की झलक प्राप्त हुई। दिग्गज संगीतकार, ए.आर. रहमान ने कहा, ''कुछ फिल्में केवल कहानियाँ नहीं होती हैं। वो धड़कते दिल की गर्जना होती हैं। छावा उन्हीं में से एक है। मुझे लक्ष्मण उटेकर, दिनेश विजान, विकी कौशल, रश्मिका मंदाना और अपनी बेहतरीन म्यूज़िकल टीम के साथ इस फिल्म का स्कोर, बीजीएम और गाने बनाने में बहुत मजा आया। मुझे उम्मीद है कि मेरे सभी फैंस को यह संगीत उतना ही पसंद आएगा, जितनी खुशी इसे बनाने में हमें हुई है। मैं अब अपनी यह पेशकश श्रोताओं द्वारा सुने जाने का उत्सुकता से इंतजार कर रहा हूँ। छावा 14 फरवरी को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में रिलीज़ हो चुकी है। विकी कौशल ने कहा, ''छावा का हिस्सा होना बहुत गर्व की बात है, खासकर तब, जब इसका संगीत महान संगीतकार ए.आर. रहमान ने बनाया हो। मैंने उनके साथ पहली बार काम इस फिल्म में किया है। उन्हें इन खूबसूरत ट्रैक्स को लाईव परफॉर्म करते हुए देखना एक यादगार अनुभव है, जो आजीवन मेरे दिल में रहेगा।

एमईएआई हैदराबाद चैप्टर ने 'माइनिंग द मार्वल्स : वे फॉरवर्ड टुवर्ड्स आत्मनिर्भर विकसित भारत 2047' पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमईएआई), हैदराबाद चैप्टर ने माइनिंग द मार्वल्सः वे फॉरवर्ड टुवर्ड्स आत्मनिर्भर विकसित भारत 2047 विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के पहले दिन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस आयोजन से उद्योग की अग्रणी कंपनियों, नीति निर्माताओं और विशेषज्ञों को खनन क्षेत्र के भविष्य और आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की यात्रा में इसकी भूमिका पर एक साथ विचार-विमर्श करने का अवसर मिला। उद्घाटन सत्र में अमिताभ मुखर्जी, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार), एनएमडीसी लिमिटेड मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अन्य विशिष्ट अतिथियों में डी. बी. सुंदर राम, वाइस प्रेसिडेंट एमईएआई और वाइस प्रेसिडेंट, टाटा स्टील डॉ. एन. के. नंदा, पूर्व सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) एवं निदेशक (तकनीकी), एनएमडीसी लिमिटेड; बी. वीरा रेडडी, पूर्व निदेशक (तकनीकी), सीआईएल और पूर्व सीएमडी, सीसीएल; जी धनंजय रेडडी, वाइस प्रेसिडेंट, एमईएआई और एनएमडीसी लिमिटेड के निदेशक (उत्पादन) जॉयदीप दासगुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएमडीसी लिमिटेड के निदेशक (तकनीकी) और एमईएआई हैदराबाद चैप्टर के अध्यक्ष विनय कुमार ने की। संगोष्ठी के मुख्य विषय पर भाषण देते हुए, अमिताभ मुखर्जी, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार), एनएमडीसी लिमिटेड ने कहा, राष्ट्रीय विकास में खनन की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार खनन उद्योग समुदायों में सामाजिक और आर्थिक प्रभाव डाल सकता है। उन्होंने खनन कार्यों के दूर-दराज के इलाकों में स्थित होने के कारण युवा प्रतिभाओं को आकर्षित करने में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की और एमईएआई से छात्रों और पेशेवरों को खनन में करियर के लिए प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। अमिताभ मुखर्जी ने एनएमडीसी की उत्तरदायित्वपूर्ण खनन के के लिए प्रतिबद्धता और सामुदायिक पहलों के माध्यम से लोगों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरने और सतत खनन पद्धतियों में उद्योग के मानक स्थापित करने में अग्रणी होने पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात को भी रेखांकित किया कि खनन उद्योग में महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य रखना अनिवार्य होगा क्योंकि विश्व स्तर पर बडे राजस्व की योजना बनाने और उत्पन्न करने में एक दशक से अधिक का समय लगता है। मुखर्जी ने फ्रेज़र सूचकांक में भारत की 100वीं रैंकिंग और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए सुगम नीतियों की आवश्यकता सहित नीतिगत चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने प्रशासनिक लागत कम करने और संसाधनों उपयोग बढ़ाने के लिए स्थानीय खनन निगमों का समर्थन करने के महत्व पर बल दिया। अपने उदबोधन के अंत में उन्होंने उद्योग में स्थिरता और नवाचार की आवश्यकता पर बल देते हुए महत्वपूर्ण खनिजों में अन्वेषण और खनन में तकनीकी प्रगति के सुधार के लिए भारत सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी), एनएमडीसी लिमिटेड और अध्यक्ष, एमईएआई हैदराबाद चैप्टर ने अपने उद्घाटन भाषण में पिछले दशक में भारत के खनन क्षेत्र में हुई प्रगति को रेखांकित करते हुए सम्मेलन की भूमिका रखी। उन्होंने खनन ब्लॉक आवंटन की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डाला और बताया कि त्वरित प्रक्रियाएं किस प्रकार उत्पादकता को बढ़ा रही हैं। उन्होंने अन्वेषण दक्षता में सुधार के लिए एआई-संचालित डेटाबेस प्रबंधन की भूमिका को रेखांकित किया । उन्होंने स्टार्टअप और निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए सरकार की पहलों पर चर्चा की। श्री विनय कुमार ने खनन उद्योग की रोजगार क्षमता पर भी जोर देते हुए कहा कि वर्तमान में इस उद्योग में लगभग 1.3 मिलियन पेशेवर काम कर रहे हैं और यह 2047 तक 1.5 मिलियन अतिरिक्त नौकरियां उत्पन्न करने की क्षमता रखता है। उन्होंने एनएमडीसी के उत्तरदायित्वपूर्ण खनन और आत्मनिर्भर विकसित भारत 2047 विजन के एक भाग के रूप में 100 एमटीपीए उत्पादन प्राप्त करने के उद्देश्य से रणनीतिक साझेदारी के लिए इसकी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। बी. वीरा रेडडी, पूर्व निदेशक (तकनीकी), सीआईएल और पूर्व सीएमडी, सीसीएल ने यह बताते हुए कि देश खनन के क्षेत्र में वैश्विक रूप से अग्रणी देशों से किस प्रकार पीछे है, भारत में खनिज अन्वेषण में तेजी लाने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने अन्वेषण योजना में सुधार के लिए एआई-संचालित डेटा विश्लेषण और मशीन लर्निंग का पक्ष रखा और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए एकल-खिड़की अनुमोदन प्रणाली की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। डी.बी. सुंदर रामम, वाइस प्रेसिडेंट, एमईएआई और वाइस प्रेसिडेंट, टाटा स्टील ने एनएमडीसी सीएमडी उत्कृष्टता अवार्ड की स्थापना के लिए एनएमडीसी की सराहना की और महत्वपूर्ण खनिजों में गहरे समुद्र में अंवेषण और आत्मनिर्भरता की आवश्यकता पर चर्चा की। उन्होंने घरेलू खनन को बढाने के लिए कम कार्बन खनन को प्रोत्साहित करने और सुस्थिरता के लिए स्क्रैप उपयोग में वृद्धि वाली नीतियों के महत्व पर बल दिया। सम्मेलन में शिक्षा और उद्योग से विशेषज्ञ प्रस्तुतियों के साथ तकनीकी सत्र भी शामिल थे, जिनमे खनन प्रौद्योगिकियों, नीतिगत ढांचे और सुस्थिरता पहल में महत्वपूर्ण प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसके अतिरिक्त, सम्मेलन में एनएमडीसी, एएन/एमएस, जेएसडब्ल्यू और एनएमडीसी स्टील सहित प्रमुख खनन और इस्पात कंपनियों की एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। एमईएआई हैदराबाद चैप्टर ने आयोजन के पहले दिन खनन क्षेत्र की महान विभूतियों बी. वीरा रेडडी, पूर्व निदेशक (तकनीकी) कोल इंडिया लिमिटेड, कोलकाता और पूर्व सीएमडी सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, रांची; वी. लक्ष्मीनारायण, उप महानिदेशक, डीजीएमएस; डॉ. एन. के. नंदा, पूर्व सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) और निदेशक तकनीकी, एनएमडीसी; बी. सुरेंद्र मोहन, पूर्व सीएमडी, एनएलसी इंडिया लिमिटेड, इंजी.के जे अमरनाथ, पूर्व सीजीएम, एससीसीएल और एम फसीहुद्दीन, रेजिडेंट डायरेक्टर, टाटा स्टील माइंस को उद्योग में उनकी अमूल्य सेवा के लिए सम्मानित किया। पहले दिन का समापन राष्ट्रीय प्रगति में उद्योग की भूमिका को मजबूत करने के लिए भारत के खनन क्षेत्र के भविष्य पर गहन चर्चाओं के साथ हुआ।

पंच कुंडीय श्री विष्णु महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन, निकली कलश यात्रा

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

जिले के ग्राम महंत में श्री सिद्ध शक्तिपीठ चंडी दाई मंदिर प्रांगण में यज्ञ आचार्य आचार्य अमित मिश्रा के नेतृत्व में पंच कुंडीय श्री विष्णु महायज्ञ एवं संगीत में श्रीमद् भागवत का किया जा रहा है जिसमें ग्राम वासी एवं क्षेत्र वासियों के विशेष सहयोग से कलश यात्रा संपन्न हुआ। जिसमें सिद्ध श्री चंडी दाई मंदिर में पूजा अर्चना कर बैंड बाजा के साथ नगर भ्रमण के लिए निकले ग्राम के ठाकुर देवता बरम बाबा नया तलाव बजरंगबली सभी का पूजन अर्चना करते हुए पुनः यज्ञशाला में पहुंचे जहां भगवान यज्ञ नारायण का विधि विधान से क्या-क्या चार्ज अमित मिश्रा के सानिध्य में हुआ द्यइस आयोजन में श्रीधाम वृंदावन वाराणसी एवं वैदिक ब्राह्मण पहुंचे हुए हैं गांव के पुरोहित नंदकुमार मिश्रा एवं सिद्ध शक्तिपीठ चंडी दाई मंदिर के संरक्षक ठाकुर देवेश सिंह जी श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य जजमान ठाकुर प्रदुमन सिंह श्री विष्णु महायज्ञ के मुख्य जजमान ठाकुर दिलीप सिंह मदन यादव ठाकुर भुवनेश्वर सिंह मोहनलाल श्रीवास राजेंद्र पटेल सभी जजमान भगवान यज्ञ नारायण का पत्नी सहित नगर भ्रमण किया साथ ही वैदिक मंत्र उच्चारण से भगवान का आवाहन किया गया यह आयोजन ग्राम के विकास एवं सुख शांति के लिए किया जा रहा है एवं क्षेत्र के सुख में जीवन धन-धान्य से परिपूर्ण है इस उद्देश्य से यह विशाल आयोजन रखा गया है क्या है वजन 14 फरवरी से 21 फरवरी तक चलेगा ,जिसमें भगवान यज्ञ नारायण का पूर्ण होती 20 तारीख को एवं श्रीमद् भागवत का पूर्ण होती 21 तारीख को रखा गया है आचार्य अमित मिश्रा जी ने सभी भक्तों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक संख्या में आकर के कथा रसपान कर अपने जीवन को कृतार्थ करें भागवत प्रवक्ता आचार्य शैलेंद्र महाराज पहुंचे हुए हैं कथा समय दोपहर 3:00 बजे से शाम 7:30 बजे तक किया जाता है एवं यज्ञ नारायण का बेड वेद पाठ सुबह 6:00 से 8:00 बजे तक एवं यज्ञ नारायण का पूजन 8:00 बजे से 10:30 बजे तक एवं यज्ञ का हवन 11:00 बजे से 12:30 तक किया जाता है इस आयोजन को सफल बनाने के लिए ठाकुर देवेश सिंह जी दिन रात लगे हुए हैं एवं लोक कल्याण सेवा समिति चंडी दाई मंदिर द्वारा समस्त भक्तों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक इस आयोजन में आकर के अपने जीवन को कृतार्थ करें एवं पुण्य का लाभ उठाएं।

ग्राम पंचायतों में चुनाव कराने पोलिंग टीम रवाना

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

पंचायत निर्वाचन हेतु आज राज्य भर में अलग- अलग जिलों से मतदान दलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जा रहा है। सोमवार को राज्य में पंचायत स्तर पर मतदान होना है। आज नारायणपुर में पोलिंग पार्टियां पूर्ण तैयारी के साथ मतदान केंद्रों के लिए रवाना की गई। बता दें कि छत्तीसगढ़ नगर निकाय चुनाव के नतीजे शनिवार को आ गए। राज्य के कुल 10 निगम, 49 नगरपालिका और 113 नगर पंचायतों पर 11 फरवरी को चुनाव हुए थे। BJP ने सभी 10 नगर निगम में जीत दर्ज की है। यहां कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया। वही, राज्य की 49 नगर पालिकाओं में से भाजपा के खाते में 35 गई हैं। कांग्रेस ने 8 पर जीतीं. AAP ने बिलासपुर की बोधरी नगर पालिका में जीत दर्ज की। निकाय चुनाव में आप की यह पहली जीत है।

तेज रफ्तार हाईवा ने स्कूटी सवार 2 युवकों को कुचला, मौके पर मौत

जांजगीर-चांपा। जिले के चांपा थाना क्षेत्र के बाईपास सड़क पर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में स्कूटी में सवार दो दोस्तों की मौत हो गई है। राखड़ से भरे हाईवा वाहन ने दोनों को कुचल दिया। दोनों दोस्त सामान लेने के लिए चांपा आ रहे थे। घटनास्थल पर पुलिस टीम पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार, दो युवक एक स्कूटी पर सवार होकर चांपा सामान लेने जा रहे थे। चांपा के बाईपास सड़क ऑक्सीजन प्लांट के पास पहुंचे थे, तभी तेज रफ्तार हाईवा वाहन जिसमें राखड़ लोड चांपा की ओर जा रहा था। हाईवा वाहन से ओवर टेक करते समय हाईवा वाहन के चक्के की चपेट में आने से दोनों के सिर कुचला गए और मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद से हाईवा वाहन को लेकर चालक कुछ दूर के बाद छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी, सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हाईवा वाहन को जब्त किया गया है और चालक की तलाश जारी है। चांपा थाने में परिजनों के कथन के बाद FIR दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

साइकिलिस्ट ग्लोबल वारियर आंदोलन में शामिल हुए सांसद विजय बघेल

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

साइकिलिस्ट ग्लोबल वारियर आंदोलन का सांसद विजय बघेल ने नेतृत्व किया और सैकड़ो लोगो के साथ साईकिल चलाते हुए इसे वैश्विक पर्यावरण के लिए अनिवार्य बताया। सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परीक्षेत्र साईकिल चलाओ पर्यावरण बचाओ और स्वास्थ्य लाभ के लिए साईकिल चलाओ जैसे नारों से गूंज उठा। इस दौरान विजय बघेल ने आंदोलन को पुण्य उद्देश्य से परीपूर्ण बताते हुए कहा कि हर व्यक्ति को साईकिल चलाना चाहिए। इससे स्वास्थ्य लाभ तो होगा ही आर्थिक बचत भी होगी जिससे देश सशक्त बनेगा। साईकिल चलाने लोगो में जनजागरूकता फैलाने साइकिलिस्ट ग्लोबल वारियर आंदोलन अब अपने पूरे शबाब पर पहुंच चुका है। जिसमें स्वस्फूर्त होकर सैकड़ो लोग जुड़ रहे हैं। इस आंदोलन में भिलाई के अनेक कलाकार, समाजसेवी, स्पोर्ट्समेन और छात्र-छात्राएं इकट्ठे होकर साईकिल चलाने का संदेश दे रहे हैं। इस आंदोलन का नेतृत्व करते हुए सांसद विजय बघेल ने सब लोगों के साथ जमकर साईकिल चलाई और देशभक्ति पूर्ण नारों से सिविक सेंटर क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। प्रकाश बंछोर ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने हिस्से का प्रदूषण दूर करना चाहिए और इसे जीवनशैली में अपनाना चाहिए। वरिष्ठ रंगकर्मी भानू राव ने कहा कि प्रति सोमवार साईकिल से कार्यालय जाने पर पर्यावरण सुखद होगा। समाजसेवी प्रशांत क्षीरसागर ने कहा कि साईकिल चालक को हेय दृष्टि से न देखकर उसे एक वैश्विक पर्सनैलिटी का दर्जा दिलाना ही हमारे आंदोलन का उद्देश्य है। प्रसिद्ध चित्रकार भूपत राव बोरकर ने कहा कि दूसरों को न देखते हुए जहरीली होती धरा में अपने हिस्से का प्रदूषण हमें दूर करना चाहिए। लेह से लद्दाख तक साईकिल चलाने वाले प्रवीण कालमेघ ने तेजी से विकसित हो रहे भारत में साईकिल चालन को आवश्यक बताया वहीं प्रसिद्ध समाजसेवी जयप्रकाश नायर ने भी लोगों को प्रेरित किया। ग्लोबल वार्मिंग के खिलाफ साईकिल चलाने के लिए प्रमुख रूप से पर्यावरणविद् बालूराम वर्मा, दीपक दिल्लीवार, दिलीप, प्रकाश सावंत, राजेश जैन, प्रमोद सिंह, श्रीकांत ताम्रकार, धीरज साहू, यश दलवी, कांता देवी, नेहा, तृप्ति, खूशबू, मुस्कान, पी.एल.जेना, श्रेयांश जेना तथा सैकड़ो की तादात मे साईकिल प्रेमी मौजूद थे।

चाचा-भतीजे की मौत, तेज रफ्तार ट्रेलर ने कुचला

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा में एक सड़क हादसे में चाचा-भतीजे की मौत हो गई। घटना उरगा हाटी मुख्य मार्ग के कुरुडीह के पास की है, जहां एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने एक्टिवा सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। उरगा थाना क्षेत्र का मामला है। पुलिस के मुताबिक तीनों भैसमा से सब्जी खरीदकर वापस लौट रहे थे तभी कुरुडीह मोड़ पर हादसा हुआ, दोनों ट्रेलर के पहिए के नीचे आ गए, घटना में 1 घायल का अस्पताल में इलाज जारी है। मृतकों की पहचान मोती सागर पारा निवासी प्रेमलाल केवट (32) और उनके भतीजे बच्चु केवट के रूप में हुई है। तीसरे व्यक्ति संतोष कुमार बाल-बाल बच गए। बताया जा रहा है कि मृतक प्रेमलाल के भाई राकेश केवट के बच्चे की छठी का कार्यक्रम था, जिसके लिए वे सब्जी लेने गए थे। प्रेमलाल की शादी को 12 साल हो गए थे और उनके कोई संतान नहीं थी। पुलिस ने बताया कि घटना उस समय हुई जब तीनों भैसमा से सब्जी खरीदकर वापस लौट रहे थे।

बालोद-झलमला में भालुओं की दबिश, वन विभाग ने किया अलर्ट

बालोद। बालोद वनपरिक्षेत्र में एक बार फिर भालू दिखा। ग्राम झलमला से घोटिया मार्ग पर देर रात भालुओं का जोड़ा दिखा। रास्ते से गुजर रहे वाहन चालक ने वीडियो बनाया। वायरल वीडियो के बाद इलाके में अलर्ट जारी कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम झलमला से घोटिया मार्ग पर देर रात भालुओं का एक जोड़ा देखा गया। रास्ते से गुजर रहे वाहन चालक ने वीडियो बनाया। वीडियो सामने आने के बाद वन अमला अलर्ट मोड पर है। विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी दी है। वहीं भालुओं को पकड़ने की भी कोशिश की जा रही है।

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज का 8वां राज अधिवेशन आयोजित

कलश यात्रा निकाली गई

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज का 8वां राज अधिवेशन धरसीवां के औद्योगिक क्षेत्र सांकरा (निक्को) में आयोजित किया जाएगा, जिसमें सुबह कलश यात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे। अध्यक्षता खोड़सराम कश्यप, केन्द्रीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज करेंगे, जबकि संयोजक नीलमणि परगनिहा, धरसीवां राज प्रधान होंगे। अतिविशिष्ट अतिथियों में विजय बघेल, संरक्षक एवं सांसद दुर्ग, और मंत्री टंकराम वर्मा शामिल होंगे. सृजन संस्थान द्वारा वृंदावन हाल में काव्य संध्या का आयोजन किया जा रहा है, जो दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगा। संस्था के अध्यक्ष वीर अजीत शर्मा ने बताया कि इस कायक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा के अध्यक्ष जवाहर खन्ना और छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल होंगे. काव्य संध्या में रायपुर, कोरबा, बिलासपुर, दल्लीराजहरा, बालोद, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, बागबाहरा, खरोरा, तिल्दा, बेमेतरा, कवर्धा, महासमुंद सहित विभिन्न स्थानों के रचनाकार अपनी कविताओं का पाठ करेंगे. इसके अलावा, संस्था मार्च में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करने की योजना बना रही है, जिसकी तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही हैं।

सोने चांदी चमकाने को बोलकर महिला के सोने के जेवर की चोरी, दो आरोपियों ने दिया घटना को अंजाम

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

चमकाने के लिए मांगने पर गले में पहने सोने के चैन और खुटी को निकाल कर दी, फिर दोनों ने एक टिफिन के डब्बे के अंदर दोनों जेवर को डाला और 10 मिनट बाद खोलने को बोलकर वह से चले गए। इस दौरान 5 मिनट बाद जब टिफ्फिन के डब्बे खोलने पर देखी तो सोने का चैन खुटी नहीं था। जिसकी कीमत लगभग 40 हजार रुपए को लेकर भाग जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांजगीर थाने में दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 3 (5),318(4) BNS के तहत मामला दर्ज किया गया है। शहर में लगे सीसीटीवी कैमरे की तलाशी ली जा रही है। वही लोगों से अपील की गई है कि इस प्रकार के कोई व्यक्ति सोना चांदी चमकाने की बात करे तो तुरंत जांजगीर थाने में सूचना दे।

आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करेंगी बिहान की महिलाएं : डॉ. सुरेश देवांगन

■ कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह में महिलाओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

बहेराडीह गांव में स्थित देश का पहला किसान स्कूल, जहां पर बिहान की महिलाओं को कपड़ा बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है. बिहान की महिलाएं, न सिर्फ आत्मनिर्भर भारत की सपने को साकार करेंगी, बल्कि वे स्वालम्बन की नई ईबारत भी लिखेंगी।

उक्त बातें प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचे समाजसेवी डॉ. सुरेश कुमार देवांगन ने ब्यक्त किया। छत्तीसगढ़ राज्य आरसेटी के कोसा रेशम कीट उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर व असेसर रामाधार देवांगन ने बताया कि केंद्रीय रेशम बोर्ड, तसर अनुसंधान, वस्त्र मंत्रालय सिवनी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण केंद्र रांची झारखंड के तत्वाधान में कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह में समर्थ योजना के तहत स्थानीय जिले के अलावा पड़ोसी कोरबा जिले के बिहान की 27 महिलाओं को निःशुल्क 45 दिवसीय समर्थ कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जा रहा है. इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं और बेरोजगार युवतियों को कॉटन, तसर और कोसा रेशम से कपड़ा बनाने की तकनीक बताई जा रही है. इसके साथ ही उन्हें शूटिंग, सर्टिंग, साड़ियां बनाना तथा डाभी और जेकार्ड मशीन से साड़ियों में डिजाईन बनाने की जानकारी दी जा रही है। कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिहान के 27 महिलाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं।

मास्टर ट्रेनर देवांगन ने बताया कि हाल ही में केंद्रीय रेशम बोर्ड बैंगलुरू कर्नाटक के तकनीकी संयुक्त सचिव डॉ. नरेश बाबू और केंद्रीय रेशम बोर्ड, तसर अनुसंधान, प्रशिक्षण केंद्र रांची झारखण्ड के निदेशक डॉ. एनबी चौधरी की टीम ने अलग अलग प्रशिक्षण अवधि में निरीक्षण करने पहुंचे थे।

जिला बलौदा बाजार के चौकी सोनाखान पुलिस द्वारा पुलिस की वर्दी पहन लोगों के समक्ष रौब झाडने वाले एक आरोपी को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदा बाजार
www.dailypioneer.com

जिला बलौदा बाजार के प्रार्थी पुनीराम सागर निवासी वीर नारायणपुर भुसडीपाली द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 12.02.2025 को प्रातः 09:00 बजे वह घर के किसी काम से ग्राम महकम गया था, जहां पर एक घर में पुलिस की वर्दी पहने एक व्यक्ति बैठा था। उस व्यक्ति के कंधे पर दो-दो स्टार लगा था तथा उत्तर प्रदेश पुलिस का बैच लगा हुआ था।

पुलिस की वर्दी पहने उक्त व्यक्ति द्वारा स्वयं को उत्तरप्रदेश पुलिस विभाग में नौकरी करना एवं कोई काम होगा तो मुझसे कहना इस प्रकार की बातें कर रहा था। की रिपोर्ट पर चौकी सोनाखान थाना कसडोल में अपराध क्रमांक 108/2025 धारा 204 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में चौकी सोनाखान पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर पुलिस विभाग में नौकरी नहीं करना एवं उत्तर प्रदेश पुलिस का वर्दी खरीद कर पहनकर ग्राम महकम में लोगों के समक्ष स्वयं को पुलिस वाला हूं बताना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में ना होते हुए भी पुलिस की वर्दी पहनकर ग्राम महकम में घूमते फर्जी तरीके से घूमते हुए पाया गया। आरोपी से उत्तर प्रदेश पुलिस की वर्दी कपड़ा, जूता, बेल्ट टोपी आदि जप्त किया गया है। कि प्रकरण में आरोपी को 12.02.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

श्रीसत्य नारायण भगवान की जय हो, नमों भगवते वासुदेवाय नमः सत्यनारायण कथा महात्म्य से ईश्वरीय विराटता के दर्शन होते हैं : श्रद्धेय शीतल द्विवेदी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष द्वितीया तिथि पर सत्यनारायण कथा महात्म सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

जीवन मंगलमय हो और खुशियों से परिपूर्ण हो। फाल्गुन कृष्ण पक्ष द्वितीया में भगवान श्रीसत्यनारायण जी की कथा आवश्यक होती हैं, जो कि परशुराम मार्ग स्थित रामबांधा तालाब के समीप नवनिर्मित भवन उद्घाटन पश्चात् अर्जुन लाल सोनी के आवास निवास स्थल पर शुभ मुहूर्त में घर-परिवार के लोगों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। दाम्पत्य जीवन में मधुरता रहे भाईयों में परस्पर प्रेम विश्वास और अपनत्व रहे इसी पावन उद्देश्य को लेकर मातृ-पितृ पूजन दिवस पर सत्यनारायण कथा महात्म्य का आयोजन किया गया। कथा महात्म्य भागवताचार्य श्रद्धेय पंडित शीतल प्रसाद द्विवेदी शास्त्री जी के मंत्रोच्चारण से आरंभ हुआ। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गृहस्थ जीवन सबसे उत्तम हैंएक गृहस्थ अपने पारिवारिक दायित्वों को पूरा करते हुए एक श्रेष्ठ वानप्रस्थी के रुप में समाजसेवा करता हुआ जीवन जीता हैं। इस संसार में साधु-संत, महात्मा, महापुरुष और कथावाचक तो कई हुए हैं लेकिन घर-परिवार में रहते हुए सफ्ल गृहस्थ का आदर्श निभाने वाले विरले ही होते हैं। इसीलिए गृहस्थ जीवन को तपोवन की संज्ञा दी गई हैं। गृहस्थ जीवन में पति-पत्नी संयम, सेवा और सहिष्णुता के सोपानों को पार करते हुए सुख पूर्वक रहे। सत्यनारायण कथा सुनकर ईश्वरीय विराटता के दर्शन पाएं। साहित्यकार शशिभूषण सोनी ने बताया कि सत्यनारायण व्रत कथा का अर्थ हैं सत्याचरण, सत्याग्रह, सत्यनिष्ठा। संसार में सुख-समृद्धि की प्राप्ति सत्याचरण द्वारा ही संभव हैं। सत्य ही ईश्वर हैं। यहां पर सत्याचरण का सीधा-सा अर्थ हैं - ईश्वराराधना! श्रीसत्यनारायण व्रत कथा पुस्तिका में इस संबंध में श्लोक इस प्रकार हैं-यत्कृत्वा सर्वदुःखेभ्योमुक्तो भवतिमानवः। विशेषतः कलियुगे सत्यपूजा फलप्रदा। केचित् कालंवदिष्यन्ति सत्यमीशंतमेवच! सत्यनारायणं केचित् सत्यदेवं तथा परे। नाना रूपधरो भूत्वासर्वेषामीप्सितप्रदः! भविष्यति कलौविष्णुः सत्यरूपीसनातनः! सत्यनारायण अनुष्ठान करके मनुष्य सभी प्रकार के दुःखों से मुक्त हो सकता हैं। ईश्वर की पूजा-अर्चना करते हुए, गुरुदेव के समीप बैठकर सत्यनारायण भगवान की विराटता का बारंबार स्मरण करते रहना चाहिए, उनके मूर्त स्वरुप और गुणों को स्मरण करना चाहिए,तभी तो आनंद स्वरुप का स्मरण ही उपासना हैं। सत्यनारायण व्रत का अनुष्ठान करके भी मनुष्य सभी दुःखों से मुक्त हो जाता हैं। कल्कि काल में सत्य की पूजा-अर्चना विशेष रूप से फलदायी होती हैं। वैसे भी सत्य के अनेक नाम हैं, यथा सत्यनारायण, सत्यदेव। सनातन सत्यरूपी, विष्णु भगवान कलियुग में अनेक रूप धारण करके लोगों को मनोवान्छित फल देते हैं।

जिला कबीरधाम में स्वास्थ जांच एवं परामर्श शिविर सम्पन्न, 250 से अधिक मरीज हुए लाभान्वित

कवर्धा। सिख समाज एवं एमएमआई नारायण हॉस्पिटल रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में जिला कबीरधाम में स्वास्थ जांच एवं परामर्श शिविर सम्पन्न 250 से अधिक मरीज हुए लाभान्वित। निःशुल्क सेवाएं बीपी शुगर की जांच एवं ईसीजी एवं जनरल दवा वितरण किया गया। सिख समाज कवर्धा के अध्यक्ष महेश खनूजा एवं सचिव मनिंदर सिंह पाहुजा ने जानकारी दी कि रविवार को शिविर का आयोजन श्री गुरुनानक भवन खालसा स्कूल के पास नवीन बाजार कवर्धा में निम्नलिखित विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान कीडॉ राघवेश ओझा (हृदय रोग विशेषज्ञ) डॉ अभिषेक जैन (पेट एवं आत रोग विशेषज्ञ) डॉ पंकज पटेल (हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ) डॉ किशोर साहू (अस्थि रोग विशेषज्ञ) डॉ गजेन्द्र सिंह (अस्थि रोग विशेषज्ञ) डॉ विनय बिसेन (शिशु रोग विशेषज्ञ) डॉ आशीष मिश्रा (शिशु रोग विशेषज्ञ) डॉ गौरव दानी (शल्य विशेषज्ञ) डॉ अविनाश मानिकपुरी (मेडिसिन विशेषज्ञ) डॉ व्यास नारायण चंद्रवशी (शल्य विशेषज्ञ) डॉ नमन जैन (दंत रोग विशेषज्ञ) डॉ योगिता चंद्रवाशी (स्त्री रोग विशेषज्ञ) डॉ अजीत रादेकर (स्त्री रोगी विशेषज्ञ) डॉ मुनमुन अग्रवाल (स्त्री एवं फर्टिलिटी विशेषज्ञ) डॉ अमन बिसारिया (वरिष्ठ नेत्र रोग विज्ञानी) नेत्र परीक्षण एवं निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं परामर्श के लिए इस शिविर में अपनी सेवाएं प्रदान की तथा निःशुल्क सेवाएं बीपी शुगर की जांच एवं ईसीजी एवं जनरल दवा वितरण किया गया।

श्रीमद् भागवत कथाः मोहिनी चरित्र का वर्णन, भक्तों में दिखा उत्साह

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्रीबालाजी हॉस्पिटल परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा में रविवार को भक्तों का जमकर उत्साह देखने को मिला। आचार्य बाँके बिहारी महाराज के द्वारा कथा का वर्णन किया जा रहा है। उन्होंने ने बताया कि समुद्र मन्थन के दौरान अंतिम रत्न अमृत कलश लेकर भगवान विष्णु धनवंतरी रूप में प्रकट हुए। असुर भगवान धन्वंतरि से अमृत कलश लेकर भाग गए तो विष्णु ने धंवतरि रूप को त्यागकर एक नारी का रूप लिया वे बहुत सुन्दर थी उस नारी का नाम मोहिनी रखा गया। मोहिनी ने असुरों से अमृत लिया और देवताओं के पास गईं। उन्होंने असुरों को अपनी ओर मोहित कर लिया और देवताओं को अमृत पिलाने लगीं। मोहिनी रूपी विष्णु की चाल स्वरभानु नाम का दानव समझ गया और वह देवता का भेस लेकर अमृत पीने चला गया। मोहिनी को जब ये बात पता चली तो उन्होंने स्वरभानु का सिर सुदर्शन चक्र से काट दिया किंतु तब तक उसके गले से अमृत की घूंट नीचे चली गई और वह अमर हो गया और राहु के नाम से उसका सिर और केतु के नाम से उसका धड़ प्रसिद्ध हुआ।

श्री बली वामन भगवन प्रसंग

राजा बलि और वामन अवतार से जुड़ी कथा है। वामन देव भगवान विष्णु के अवतार हैं। असुरों के राजा बलि ने देवताओं को युद्ध में पराजित कर दिया था और स्वर्ग अपने कब्जे में ले लिया था। बलि की वजह से सभी देवता बहुत दुखी थे। दुखी देवता अपनी माता अदिति के पास पहुंचे और अपनी समस्या बताई। इसके बाद अदिति ने पति कश्यप ऋषि के कहने पर एक व्रत किया, जिसके शुभ फल से भगवान विष्णु ने वामन देव के रूप में जन्म लिया। वामन देव ने छोटी उम्र में ही दैत्यराज बलि को पराजित कर दिया था। बलि अहंकारी था, उसे लगता था कि वह सबसे बड़ा दानी है। विष्णु जी वामन देव के रूप में उसके पास पहुंचे और दान में तीन पग धरती मांगी। अहंकार बलि ने सोचा कि ये तो छोटा सा काम है। मेरा तो पूरी धरती पर अधिकार है, मैं इसे तीन पग भूमि दान कर देता हूं। बलि वामन देव को तीन पग भूमि दान देने के लिए संकल्प कर रहे थे, उस समय शुक्राचार्य ने उसे रोकने की कोशिश की। दरअसल, शुक्राचार्य जान गए थे कि वामन के रूप में स्वयं भगवान विष्णु हैं। शुक्राचार्य ने बलि को समझाया कि ये छोटा बच्चा नहीं है, ये स्वयं विष्णु हैं, ये तुम्हें ठगने आए हैं। तुम इन्हें दान मत दो। ये बात सुनकर बलि बोला कि अगर ये भगवान हैं और मेरे द्वार पर दान मांगने आए हैं तो भी मैं इन्हें मना नहीं कर सकता हूं। ऐसा कहकर बलि ने हाथ में जल का कमंडल लिया तो शुक्राचार्य छोटा रूप धारण करके कमंडल की दंडी में जाकर बैठ गए, ताकि कमंडल से पानी ही बाहर न निकले और राजा बलि संकल्प न ले सके। वामन देव शुक्राचार्य की योजना समझ गए। उन्होंने तुरंत ही एक पतली लकड़ी ली और कमंडल की दंडी में डाल दी, जिससे अंदर बैठे शुक्राचार्य की एक आंख फूट गई और वे तुरंत ही कमंडल से बाहर आ गए। इसके बाद राजा बलि ने वामन देव को तीन पग भूमि दान करने का संकल्प ले लिया। राजा के संकल्प लेने के बाद वामन देव ने अपना आकार बड़ा कर एक पग में पृथ्वी और दूसरे पग में स्वर्ग नाप लिया। इसके बाद उन्होंने राजा से कहा कि अब मैं तीसरा पग कहां रखूं? ये सुनकर राजा बलि का अहंकार टूट गया। तब बलि ने कहा कि तीसरा पग आप मेरे सिर पर रख सकते हैं। बलि की दान वीरता देखकर वामन देव प्रसन्न हुए और उसे पाताल लोक का राजा बना दिया।

जीवन प्रबंधन

आचार्य ने बताया कि इस कहानी की सीख यह है कि जब भी कोई व्यक्ति अच्छा काम कर रहा हो तो उसे रोकना नहीं चाहिए। इस कहानी में शुक्राचार्य राजा बलि को दान करने से रोक रहे थे, इस काम की वजह से उन्हें अपनी एक आंख खोनी पड़ी। जब हम किसी को अच्छे काम करने से रोकते हैं तो हमारी परेशानियां बढ़ती हैं। अच्छे काम करना भी पूजा-पाठ करने की तरह ही है। हमें भी नेक काम करते रहना चाहिए। श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि कंस की कारागार में वासुदेव- देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403